दैनिक जयन्त
स्थापित : 1979
संस्थापक
स्व0 श्री नरेन्द्र उनियाल
वर्ष-45, अंक 180
कोटद्वार शुक्रवार
27 अक्टूबर 2023, पृष्ठ-8

गढ़वाल जनपद का प्रथम दैनिक

# जयन्त

निर्भीक-निष्पक्ष-जनसरोकार

खबर बड़ी होती है, अखबार नहीं
दैनिक जयन्त
www.dainikjayantnews.com

कोटद्वार एवं गैरसैंण से प्रकाशित डाक पंजीयन यू.ए./पी.ए.ओ.07-2021-23 फोन नं0 01382-222383, मो0 नं0 8384897348, 9412081969 e-mail : dainikjayant@rediffmail.com, nagendra.uniyal@gmail.com मूल्य-2 रुपये

## उपराष्ट्रपति ने किए गंगोत्री धाम के दर्शन

### राष्ट्र के उत्थान और लोक कल्याण की कामना

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**देहरादून** : उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने सपत्नीक गंगोत्री धाम के दर्शन कर गंगोत्री मंदिर एवं गंगा तट पर पूजा अर्चना कर राष्ट्र के उत्थान एवं लोक कल्याण की कामना की। उपराष्ट्रपति गंगोत्री हिमालय क्षेत्र के मनोरम प्राकृतिक सौंदर्य और देवनदी गंगा की अविरल और निर्मल धारा के दर्शन से काफी अभिभूत दिखे। इस दौरान राज्यपाल ले.जन. (से.नि.) गुरमीत सिंह ने उपराष्ट्रपति को इस सीमांत क्षेत्र की विशिष्टताओं से भी अवगत कराया।

उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और उनकी पत्नी डा. श्रीमती सुदेश धनखड़ गुरूवार दोपहर बाद वायुसेना के हेलिकॉप्टर से हर्षिल हेलीपैड पहुंचे। जहां पर राज्यपाल ले.जन. (से.नि.) गुरमीत सिंह, गंगोत्री क्षेत्र के विधायक सुरेश चौहान, जिलाधिकारी अभिषेक रुहेला, पुलिस अधीक्षक अर्पण यदुवंशी, सेना की 11 जेकेलाई के कर्नल सनी जुनेजा, जिला पंचायत अध्यक्ष दीपक बिजल्वाण, अपर जिलाधिकारी तीर्थ पाल सिंह, उपजिलाधिकारी भटवाड़ी चतर सिंह चौहान, भाजपा जिलाध्यक्ष सत्येंद्र सिंह राणा, उपाध्यक्ष हरीश डंगवाल, भाजपा अनुसूचित जनजाति प्रकोष्ठ के प्रदेश उपाध्यक्ष खुशहाल सिंह नेगी एवं जिलाध्यक्ष भगवान सिंह राणा, भाजपा मंडल अध्यक्ष जितेंद्र सिंह तथा बगोरी की प्रधान सरिता रावत आदि ने उप राष्ट्रपति का स्वागत किया।



उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ गंगोत्री धाम में पूजा करते हुए।

उप राष्ट्रपति अपराह्न 2 बजे सड़क मार्ग से गंगोत्री धाम पंहुचे। गंगोत्री आगमन पर तीर्थपुरोहितों एवं मंदिर समिति के पदाधिकारियों के साथ ही मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों तथा स्थानीय निवासियों ने उप राष्ट्रपति का परंपरागत तरीके से स्वागत किया। उप राष्ट्रपति श्री धनखड़ एवं उनकी पत्नी ने गंगोत्री मंदिर के दर्शन कर विशेष पूजन और अभिषेक कर गंगा जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसी के साथ उन्होंने राज्यपाल के साथ गंगा तट पर जाकर पूजन कर देश की प्रगति व लोक मंगल की कामना की।

गंगोत्री धाम में श्री पांच गंगोत्री मंदिर समिति के अध्यक्ष रावल हरीश सेमवाल, सुरेश सेमवाल, महेश सेमवाल, संजीव सेमवाल, मुकेश, मनु, कमलनयन, माधव सेमवाल आदि तीर्थ पुरोहितों ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ विधिवत पूजा संपन्न करवाई। उप राष्ट्रपति के आगमन पर जिलाधिकारी अभिषेक रुहेला एवं क्षेत्रीय विधायक सुरेश चौहान के द्वारा स्मृति चिन्ह, शॉल एवं स्थानीय उत्पाद तथा हर्षिल क्षेत्र का बहुप्रसिद्ध सेब भेंट किया गया।

## इंडिया' गठबंधन में दरार बढ़ी, यूपी में सपा और कांग्रेस के बीच पोस्टर वार

**लखनऊ ,एजेंसी** । उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी और कांग्रेस में पोस्टर वार छिड़ गई है। पहले सपा ने अखिलेश को भावी प्रधानमंत्री का पोस्टर लगवाया था। अब कांग्रेस ने उसके जवाब में राहुल गाधी को 2024 में देश का मुखिया और अजय राय को 2027 में प्रदेश का नेतृत्व करने का पोस्टर लगाया है। कांग्रेस कार्यालय के बाहर लगे इस पोस्टर में लिखा है – 2024 में राहुल और 2027 में राय'।

इस पोस्टर का सीधा संदेश है कि 2024 में राहुल गांधी प्रधानमंत्री तो 2027 में उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय मुख्यमंत्री बनेंगे। मध्य प्रदेश में इंडिया गठबंधन के तहत सीट न मिलने से सपा नाराज है। सपा अकेले चुनाव लड़ रही है। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश में सीट शेयरिंग को लेकर भी दरार बढ़ती जा रही है। दोनों ही दलों के तरफ से जुबानी जंग जारी है। ऐसे में कांग्रेस दफ्तर के बाहर एक कार्यकर्ता ठाकुर नितांत सिंह नितिन द्वारा लगाए गए इस पोस्टर से सपा और कांग्रेस के विवाद को और हवा दे दी है।

## स्कूटी खाई में गिरी, युवक की मौत

नई टिहरी : ऋषिकेश-बदरीनाथ राजमार्ग पर मुल्यागांव में एक स्कूटी गहरी खाई में जा गिरी। दुर्घटना में जेसीबी आपरेटर युवक की मृत्यु हो गयी, जबकि सेना में कार्यरत दूसरा युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को बेस अस्पताल श्रीनगर में भर्ती कराया गया है।बीते बुधवार देर शाम मुल्या गांव में श्रीनगर से देवप्रयाग आ रहे स्कूटी सवार युवक मुल्या गांव के निकट गहरी खाई में गिर गए। दुर्घटना की सूचना पर पुलिस और एसडीआरएफ तत्काल मौके पर पहुंची। जहां टीम ने घायल युवक प्रदीप (32) पुत्र गौतम निवासी महड, देवप्रयाग को तुरंत खाई से निकालकर बेस अस्पताल श्रीनगर पहुंचाया, जहां उपचार के दौरान उसकी मृत्यु हो गयी। वहीं लगभग छह घंटे रेस्क्यू अभियान चलाकर घायल दूसरे युवक को रात करीब साढ़े 11 बजे तक खाई से निकाल कर बेस अस्पताल भेजा गया।

## कुपवाड़ा में घुसपैठ की कोशिश नाकाम, सुरक्षाबलों ने पांच आतंकी किए ढेर

**श्रीनगर, एजेंसी।** उत्तरी कश्मीर के कुपावड़ा जिले में सुरक्षाबलों ने एक बार फिर सीमा पार से आतंकियों की घुसपैठ को नाकाम किया है। सुरक्षाबलों ने पांच आतंकियों को मार गिराया गया है। मारे गए आतंकी लश्कर–ए–तैयबा से जुड़े हुए बताए जा रहे हैं। अभी उग्रवादियों की पहचान की जा रही है। मौके पर तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।

सेना की चिनार कोर ने बताया कि कुपवाड़ा में नियंत्रण रेखा (एलओसी) के पास सेना और पुलिस ने एक विशेष सूचना पर संयुक्त अभियान चलाया। सीमा पार से हो रही घुसपैठ को विफल किया गया है। यहां सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई है।

वहीं, कश्मीर जोन पुलिस ने बताया कि कुपवाड़ा के मच्छिल सेक्टर में नियंत्रण रेख के पास सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ हुई। इसमें अब तक पांच आतंकवादी मारे गए हैं। अभी ऑपरेशन चल रहा है।

मामले को लेकर डीजीपी दिलबाग सिंह ने कहा कि सेना और पुलिस की तरफ से ऑपरेशन जारी है। घुसपैठ के लिए इस क्षेत्र से बार–बार कोशिश की जाती है। नियंत्रण रेखा के पार करीब 16 लान्चिंग पैड बनाए हैं। सेना और पुलिस की तरफ से पूरी सतर्कता बरती जा रही है। आतंकियों की तादाद दिन व दिन घटती जा रही है। आने वाले दिनों में इनकी गिनती और भी कम होगी

## कई जगह एक्यूआई 300 के पार, आगे और होंगे हाल खराब, ग्रेटर नोएडा सबसे प्रदूषित

**नई दिल्ली, एजेंसी।** राजधानी में हवा की दिशा बदलने व गति कम होने के साथ वायु गुणवत्ता खराब श्रेणी में बरकरार है। बृहस्पतिवार को दिल्ली का वायु गुणवत्ता सूचकांक (एक्यूआई) 256 दर्ज किया गया, जबकि चार इलाकों में 300 के पार रहा जोकि खराब श्रेणी है। वहीं, बुधवार के मुकाबले 12 सूचकांक की वृद्धि हुई है। वहीं, चार इलाकों में हवा बेहद खराब श्रेणी में दर्ज की गई। इसके साथ ही, 26 इलाकों में हवा खराब श्रेणी और चार इलाकों में हवा मध्यम श्रेणी में दर्ज की गई।

एनसीआर में ग्रेटर नोएडा का सर्वाधिक सूचकांक दर्ज किया गया। वहीं, समग्र रूप से दिल्ली का एक्यूआई खराब श्रेणी में बरकरार रहा। कमोबेश यही स्थिति रविवार तक बनी रहने का अनुमान है। इस दौरान हवा बेहद खराब श्रेणी में पहुंचने की आशंका है। विशेषज्ञों के मुताबिक हवा की दिशा बदलने के साथ ही पराली का धुआं धीरे–धीरे दिल्ली की ओर रुख कर रहा है। इससे स्मॉग देखने को मिल रहा है। बता दें दिल्ली में ग्रेडेड रिस्पांस एक्शन प्लान (ग्रेप) का दूसरा चरण लागू है।

सीपीसीबी के मुताबिक दिल्ली में चार इलाकों में बेहद खराब हवा दर्ज की गई। इनमें आनंद विहार व शादीपुर में सबसे अधिक एक्यूआई दर्ज किया गया। जिसमें आनंद विहार में सूचकांक 311, शादीपुर में 303, नेहरू नगर में 302 और बवाना में 301 दर्ज किया गया। वहीं, जहांगीरपुरी में 297, द्वारका सेक्टर–8 में 224, मुंडका में 291, एनएसआईटी द्वारका में 291, पंजाबी बाग में 273, नरेला में 265, पटपड़गंज में 259 समेत 26 इलाकों में हवा खराब रही। इसके साथ ही मथुरा रोड में 171, डीटीयू में 193 व दिलशाद गार्डन में 198, पूसा में 184 एक्यूआई मध्यम श्रेणी रहा।

भारतीय उष्णदेशीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम) के मुताबिक बृहस्पतिवार को हवा उत्तर–पश्चिम व पश्चिम दिशा की ओर से चली।

## उत्तराखंड और तमिल संगमम को आगे बढ़ाया जाएगा : मुख्यमंत्री

### मुख्यमंत्री ने चेन्नई रोड शो में किया प्रतिभाग, निवेशकों को किया आमंत्रित

**जयन्त प्रतिनिधि**

**देहरादून** : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखण्ड में आगामी 8 और 9 दिसंबर को होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर समिट को लेकर गुरुवार को चेन्नई में आयोजित रोड शो में प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री धामी ने इस दौरान विभिन्न सेक्टर्स से जुड़े निवेशकों के साथ बैठक की।

मुख्यमंत्री ने चेन्नई में आयोजित रोड शो में आए विभिन्न समूहों के निवेशकों को 8 और 9 दिसंबर 2023 को देहरादून में होने वाले ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के लिए आमंत्रित किया।

उन्होंने कहा कि तमिलनाडु और उत्तराखंड का आध्यात्मिक रूप से संबंध है। तमिलनाडु में रामेश्वरम और उत्तराखंड में श्री केदारनाथ एवं आदि कैलाश विश्व प्रसिद्ध हैं। कहा कि भगवान शिव के तमिलनाडु में रामेश्वरम और उत्तराखंड में श्री केदारनाथ ज्योतिर्लिंग विद्यमान हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड और तमिल संगमम को आगे बढ़ाया जाएगा।



चेन्नई में एमओयू करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर-ाखण्ड में विश्व स्तरीय पर्यटन स्थल होने के साथ-साथ फ़ूड प्रोसेसिंग, ऑटो कम्पोनेन्ट मैन्युफैक्चरिंग, शिक्षा व स्वास्थ्य जैसे अनेकों क्षेत्रों में निवेश की अपार संम्भावनाएं हैं। उत्तराखण्ड राज्य को पीस टू प्रोसपेरिटी के मूल मंत्र के साथ सक्रिय एवं निवेश अनुकूल बनाया जा रहा है। इसके लिए सरकार द्वारा उत्कृष्ट मानव श्रम, बेहतर अवस्थापना सुविधाएं शांतिपूर्ण वातावरण, पारदर्शी प्रोत्साहन नीतियां स्थापित की गई हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने राज्य के पारम्परिक क्षेत्रों जैसे पर्यटन, आयुष, वेलनेस, फ़ूड प्रोसेसिंग, ऑटो मोबाईल्स, फार्मा के साथ-साथ वैकल्पिक ऊर्जा और सूचना एवं विज्ञान प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्र को फोकस सेक्टर के रुप में शामिल किया है।

मुख्यमंत्री श्री धामी के साथ चेन्नई रोड शो में कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा, सचिव श्री आर. मीनाक्षी सुंदरम, सचिन कुर्वे, डॉ. आर राजेश कुमार, महानिदेशक उद्योग रोहित मीणा और विभिन्न क्षेत्रों के निवेशक उपस्थित रहे।

### चेन्नई रोड शो में किए 10150 करोड़ के एमओयू

देहरादून : मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में हेल्थकेयर, फार्मा, एनर्जी सेक्टर से जुड़े विभिन्न उद्योग समूहों के साथ 10150 करोड़ रूपये के इनवेस्टमेंट एमओयू साइन किए गए। जिसमें प्रमुख रुप से हेल्थकेयर, फार्मा, एनर्जी सेक्टर से जुड़े विभिन्न उद्योग शामिल हैं। चेन्नई में गुरूवार को हुए एमओयू में क्रमशः स्टार्टअप एंड इक्यूवेटर हेतु जुलाई वेंचर्स के साथ 1000 करोड़ का एमओयू, हेल्थ केयर सेक्टर में निवेश हेतु क्षणा ग्रुप के साथ 1000 करोड़, उच्च शिक्षा में निवेश हेतु एसआरएम यूनिवर्सिटी के साथ 600 करोड़, हेलीपोर्ट एंव ऊर्जा क्षेत्र में रिफेक्स ग्रुप के साथ 500 करोड़, एरोमा पार्क हेतु ईन्फ्ला मोवी ग्रुप के साथ 250 करोड़, टूरिज्म सेक्टर में निवेश हेतु मिलटेक्स ग्रुप के साथ 100 करोड़ के एमओयू साइन किए गए। दूसरे सत्र में सर्वोदय ग्रुप आफ हॉस्पिटल 01 हजार करोड़, अपोलो हॉस्पिटल 500 करोड़, क्राफ्ट स्मिथ इंडिया 01 हजार करोड़, इंफिनिटी ग्लोबल 4 हजार करोड़ और टीपीसीआई के साथ 200 करोड़ रुपया के एमओयू किए गए।

## उमा भारती चली हिमालय, चुनाव प्रचार से रहेंगी दूर

**भोपाल, एजेंसी।** मध्य प्रदेश में 2003 में भाजपा को सत्ता के शिखर पर ले जाने वाली उमा भारती ने चुनाव प्रचार से दूरी बना ली हैं। वह शुक्रवार को हिमालय के लिए निकल जाएंगी। कुछ दिन बद्री–केदार पर रहेंगी। इस दौरान आत्मचिंतन करेंगी कि 2003 में लोगों के जिन सपनों को पूरा करने के लिए कांग्रेस को ध्वस्त किया था, उनमें से कितने पूरे हुए।

उमा भारती ने सोशल प्लेटफॉर्म पर लिखा कि वह गुरुवार को अपने जन्मस्थान ग्राम इंडा, जिला टीकमगढ़ के लिए निकल रही हैं। चतुर्दशी तक वह अपने मातृ कुल एवं पितृ कुल की कुल देवियों को प्रणाम करेंगी। फिर ओरछा में रामराजा सरकार को माथा टेक कर हिमालय के लिए निकल जाएंगी। उन्होंने कहा कि इस साल में मुख्यमंत्री शिवराज (सिंह चौहान) जी ने एक आदर्श शराब नीति लाकर अभिनंदनीय कार्य किया है। इन साढ़े तीन वर्षों के शिवराज के कार्यकाल में कई जनकल्याणकारी कार्यों की भी शुरुआत हुई है।

उमा भारती ने कहा कि हमारी पार्टी के लगभग सभी उम्मीदवार घोषित हो गए हैं। अभी मध्य प्रदेश में हमारी पार्टी का घोषणापत्र आना बाकी है। इसके आधार पर हमारी पार्टी जनादेश मांगेगी। मैं पूरी मेहनत करूंगी एवं भगवान से प्रार्थना भी करती हूं कि हमारी सरकार बने और मेरी और हम सबकी अधूरी रह गई आकांक्षाओं को पूरा करें।

उमा भारती ने सोशल मीडिया पर उन अधूरे कामों का उल्लेख भी किया जिन्हें पूरा किया जाना है। उन्होंने कहा कि केन–बेतवा रिवर लिंक जो लगभग 2017 से शिलान्यास के लिए तैयार है। गौ–संवर्धन, गौ–रक्षण के उपाय संतोषजनक स्थिति तक नहीं पहुंच पाए हैं। पंच ज अभियान संपूर्णता से नहीं हुआ, टुकड़ों में हुआ है। धार में भोजशाला की सरस्वती माई राज्य और केंद्र में हमारी सरकार होते हुए भी अपनी गद्दी पर वापस नहीं लौट सकीं। रायसेन के सोमेश्वर एवं विदिशा की विजया देवी के मंदिर के पट नहीं खुल सके। जबकि हमारे केंद्रीय नेतृत्व के एक महत्वपूर्ण पदाधिकारी ने मुझे इसका आश्वासन दिया था। अंत में मैं इस निष्कर्ष पर हूं कि 2003 से अभी तक डेढ़ साल को छोड़कर हमारी ही सरकार रही। लोगों के जिन सपनों को पूरा करने के लिए हमने कांग्रेस को 20 साल पहले ध्वस्त किया था, वह सपने कितने पूरे हुए उस पर अभी और आत्म चिंतन मैं अभी कुछ दिन हिमालय में बद्री–केदार के दर्शन करते समय करूंगी।

## पूर्व सीएम येदियुरप्पा को मिली जेड श्रेणी की सुरक्षा

**बेंगलुरु ,एजेंसी** । पूर्व मुख्यमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता बी.एस. येदियुरप्पा को राज्य में कट्टरपंथी समूहों से उनके जीवन को खतरे को देखते हुये जेड श्रेणी की सुरक्षा प्रदान की गई है। सूत्रों ने बताया कि येदियुरप्पा को सुरक्षा प्रदान करने के लिए कुल 33 जेड श्रेणी के सुरक्षा कर्मचारी तैनात किए जाएंगे।

## विक्रम–1 : जनवरी 2024 में लॉन्च होगा विक्रम–1

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत अंतरिक्ष के क्षेत्र में लगातार इतिहास रच रहा है। देश की राष्ट्रीय अंतरिक्ष एजेंसी इसरो ने हाल ही में चंद्रयान–3 को चन्द्रमा की सतह पर उतारा। इसके बाद देश के पहले सौर मिशन आदित्य–एल1 की लॉन्चिंग भी चर्चा का विषय बनी। इस सिलसिले को आगे बढ़ाते हुए अब निजी क्षेत्र की कंपनी स्काईरूट भी विक्रम–1 रॉकेट को लॉन्च करने की तैयारी कर रही है।

भारतीय स्टार्टअप स्काईरूट ने पिछले दिनों दक्षिण हैदराबाद में जीएमआर एयरोस्पेस और औद्योगिक पार्क में विक्रम–1 रॉकेट का अनावरण किया। इस दौरान विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री जितेंद्र सिंह ने स्काईरूट के नए मुख्यालय 'द मैक्स–क्यू कैंपस' का भी उद्घाटन किया।

इस मौके पर जितेंद्र सिंह ने कहा कि भारत अब अंतरिक्ष क्षेत्र में अन्य देशों का नेतृत्व करने की स्थिति में है। अपने संबोधन में उन्होंने उम्मीद जताई कि स्काईरूट संस्था जल्द ही विक्रम–1 ऑर्बिटल लॉन्च व्हीकल का प्रक्षेपण भी करेगी।

विक्रम–1 एक छोटा लॉन्च व्हीकल है जो 480 किलोग्राम तक के पेलोड को अंतरिक्ष में 500 किलोमीटर की ऊंचाई तक ले जा सकेगा।

## राजस्थान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के घर छापेमारी, सीएम गहलोत के बेटे को समन जारी

**जयपुर ,एजेंसी** । प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जहां राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के बेटे वैभव गहलोत को पेश होने का समन जारी किया है तो वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस प्रमुख गोविंद सिंह डोटासरा के जयपुर स्थित आवास पर छापेमारी की है। वैभव गहलोत को विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम में कथित अनियमितताओं के मामले में पूछताछ के लिए 27 अक्टूबर को तलब किया गया है। वहीं डोटासरा के यहां ईडी छापेमारी पेपर लीक मामले में हो रही है।

## कतर में दी गई भारतीय नौसेना के 8 पूर्व अफसरों को मौत की सजा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कतर की खुफिया इकाई ने 30 अगस्त 2022 को भारतीय नौसेना के आठ रिटायर्ड अफसरों को बिना कोई कारण बताए गिरफ्तार कर लिया था। कैप्टन नवतेज सिंह गिल, कैप्टन बीरेंद्र कुमार वर्मा, कैप्टन सौरभ वशिष्ठ, कमांडर सुग्नाकर पकाला, कमांडर पूर्णेंदु तिवारी, कमांडर अमित नागपाल, कमांडर संजीव गुप्ता और सेलर रागेश का जीवन संकट में था। वजह, उन पर कथित जासूसी का आरोप लगाया गया। जानकारों का कहना है कि कतर की तरफ से लंबे समय तक नौसेना के पूर्व अधिकारियों पर लगाए गए 'आरोपों' को साझा नहीं किया गया। अब उन्हें मौत की सजा सुना दी गई है। अप्रैल में कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इस मुद्दे को उठाया था। खरगे का कहना था कि अगस्त 2022 से कतर में एकांत कारावास में रखे गए भारतीय नौसेना के 8 दिग्गजों को मौत की सजा का सामना करना पड़ रहा है। दूसरी तरफ भारतीय विदेश मंत्रालय कहता है कि भारत के साथ 'आरोपों को अब तक साझा नहीं किया गया है'। उन्होंने अपने ट्वीट में लिखा, मोदी सरकार के नम्र समर्पण ने भारत को 'विश्वगुरु' बनाने के उनके लंबे दावों की पोल खोल दी है।

अप्रैल में मल्लिकार्जुन खरगे ने अपने ट्वीट में लिखा था,




भारत और कतर 2023 में राजनयिक संबंधों के 50वें वर्ष का जश्न मना रहे हैं। इसके अलावा भारतीय, कतर में सबसे बड़ा प्रवासी समुदाय है। प्रधानमंत्री मोदी ने कतर में अपने समकक्ष को फीफा विश्व कप की शुभकामनाएं भेजीं, लेकिन हमारे बहादुरों के कीमती जीवन को बचाने के लिए हस्तक्षेप नहीं कर सकते। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने संसद में इस मामले को 'बहुत ही संवेदनशील' बताया था। पिछले वर्ष भाजपा प्रवक्ता नूपुर शर्मा द्वारा पैगंबर मोहम्मद को लेकर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी पर कड़ी प्रतिक्रिया देने वालों में 'कतर' पहला देश था। कतर ने उस वक्त इस मुद्दे पर भारत से सार्वजनिक माफी की मांग की थी। भारतीय राजदूत को समन किया था। अब नौसेना के आठ अधिकारियों को मौत की सजा सुनाई गई है। विदेश मंत्रालय का कहना है कि वह पीड़ित परिवारों के संपर्क में है। कानूनी मदद के विकल्प पर आगे बढ़ा जाएगा।

भारत ने गत वर्षों में कतर के साथ अपने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के लिए काफी कुछ किया है। कतर में लगभग सात लाख प्रवासी भारतीय हैं। उनमें कई बड़े कारोबारी भी हैं। विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने दोनों देशों के बीच संबंधों को आगे बढ़ाने के लिए काफी इन्वेस्ट किया है। उन्होंने तीन वर्षों में कतर की चार यात्राएं की हैं। इसके अलावा राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल भी कतर जा चुके हैं। गत नवंबर में फीफा विश्व कप के उद्घाटन समारोह में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़, कतर पहुंचे थे। दोनों देशों के बीच 15 अरब डॉलर से अधिक का द्विपक्षीय व्यापार बताया गया है। इसके अलावा भारत और कतर, दोनों मुल्कों की नौसेनाएं एक साथ युद्ध अभ्यास करती हैं। यूपीए सरकार में पीएम डॉ. मनमोहन सिंह ने 2008 में कतर की यात्रा की थी। प्रधानमंत्री मोदी भी 2016 में दोहा गए थे। इस बीच 2015 में कतर के अमीर, शेख तमीम बिन हमाद अल थानी, भारत आए थे। साल 2018 में तत्कालीन विदेश मंत्री सुषमा स्वराज ने कतर का दौरा किया था।

# मानव तस्करी रोकने को जनप्रतिनिधि बढ़ाएं सक्रियता : कंडवाल




जयन्त प्रतिनिधि। रूद्रप्रयाग : राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष श्रीमती कुसुम कंडवाल ने गुरुवार को पुलिस, महिला एवं बाल विकास समेत अन्य विभागों के साथ संवाद कर जनपद में मानव तस्करी, बाल मजदूरी समेत अन्य संवेदनशील मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को ज्यादा सक्रिय एवं संवेदनशीलता के साथ मानव तस्करी समेत महिलाओं से जुड़े अन्य मुद्दों पर काम करने के निर्देश दिए। श्रीमती कंडवाल ने कहा कि पंचायत से लेकर पालिका स्तर के जनप्रतिनिधि जिनका जनता से सीधा संपर्क एवं रिश्ता होता है, उन्हें ऐसे मामलों में सक्रियता दिखाने की जरूरत है।

राष्ट्रीय महिला आयोग के निर्देशन पर राज्य महिला आयोग एवं मदर्स एंजेल चिड्रन सोसायटी के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित एक दिवसीय कार्यशाला के लिए रुद्रप्रयाग पहुंची राज्य महिला आयोग अध्यक्ष ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में जिले में मानव तस्करी, बाल मजदूरी, भिक्षा वृत्ति, ड्रग्स की तस्करी समेत महिला सुरक्षा से जुड़े मुद्दों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सीमांत एवं दूसरे राज्य व देशों से लगते गांव-कस्बे मानव तस्करी के लिहाज से बेहद संवेदनशील माने जाते हैं, ऐसे क्षेत्रों में पुलिस समेत संबंधित विभागों को अतिरिक्त ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि मानव तस्करी को रोकने में हमारे जनप्रतिनिधि बड़ी अहम भूमिका निभा सकते हैं। ग्राम प्रधान हो या वार्ड सदस्य उन्हें अपने क्षेत्र की पूरी जानकारी रहती है, ऐसे में किसी भी नए व्यक्ति के क्षेत्र में प्रवेश करने पर या कोई संदिग्ध बात लगने पर सीधा पुलिस या संबंधित विभागों को सूचित कर सकते हैं। ह्यूमन राइट्स कमीशन के निदेशक राजेश चतुर्वेदी ने अपने अनुभवों को साझा करते हुए मानव तस्करी को रोकने के सुझाव आयोग एवं पुलिस को दिए।

जिला कार्यक्रम अधिकारी अखिलेश मिश्रा ने सोशल मीडिया के इस्तेमाल, इसके फायदे एवं नुकसान को स्कूली पाठ्यक्रम में शामिल करने का सुझाव दिया। वहीं सीओ हर्षवर्धनी सुमन ने केदारनाथ यात्रा के दौरान खो जाने वाली महिला या अन्य यात्रियों के लिए शेल्टर होम बनवाने की सिफारिश की। हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता अनुराज बिसारिया ने मानव तस्करी एवं बाल मजदूरी के कानूनी पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। कार्यशाला में ब्लॉक प्रमुख मंदाकिनी (अगस्त्यमुनि) श्रीमती विजया देवी, पूर्व सभासद नगर पालिका अजय सेमवाल, डॉ. शशिबाला, प्रधानाचार्य राइका आरएस भदौरिया, सब इंस्पेक्टर ज्योति पंवार, राखी बिष्ट, रंजना गैराला आदि मौजूद रहे।

### 375 ग्राम चरस के साथ दो युवक गिरफ्तार

चमोली : थाना पुलिस थराली ने सुनला–थराली के पास चेकिंग के दौरान दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी थराली देवेंद्र पंत ने बताया कि मंगलवार को वाहनों की चेकिंग के दौरान थराली के निकट सुनला के पास कार में दिग्विजय कुमार पुत्र धनी राम निवास परिनगर हाल तल्ली पनाई गौचर एवं बलदेव सिंह पुत्र दिनेश राम निवासी नागनाथ पोखरी हाल तल्ली पनाई, गौचर, जिला चमोली को 375 ग्राम अवैध चरस के साथ गिरफ्तार किया गया।

आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक चमोली रेखा यादव के द्वारा नशा मुक्त होगा चमोली हमारा अभियान के तहत अवैध नशे का क्रय–विक्रय करने वाले नशा तस्करों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। युवाओं में बढ़ते नशे की प्रवृत्ति को चिंता का विषय मानते हुये उनके द्वारा जनपद में अधीनस्थ सभी क्षेत्राधिकारी/थाना प्रभारियों, एसओजी को कठोर कार्रवाई किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि दीपावली एवं अन्य त्योहारों को देखते हुए पुलिस सजग है। (एजेंसी)

## एसडीएम ने वाहन चालकों को भेंट किए गुलाब के फूल

नई टिहरी : एसडीएम टिहरी और एआरटीओ ने बिना सीट बेल्ट और हेलमेट के चल रहे वाहन चालकों को गुलाब का फूल भेंट कर यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया। कहा भविष्य में नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ चालानी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

नई टिहरी चंबा सड़क मार्ग के बादशाहीथौल और चंबा में डीएम के निर्देश पर एसडीएम टिहरी संदीप कुमार और एआरटीओ सतेन्द्र राज ने गुरुवार को बिना हेलमेट के चल रहे टू व्हीलर तथा बिना सीट बेल्ट लगाये चल रहे कार चालकों को रोककर गुलाब का फूल भेंट किया और भविष्य में यातायात के नियमों का पूरी तहर से पालन करने के निर्देश दिये। एडीएम ने कहा समय-समय पुलिस तथा अन्य माध्यमों से लोगों को यातायात के नियमों के प्रति जागरूक किया जाता है, बावजूद लोग यातायात के नियमों का पालन नहीं करते हैं।

कहा इसके बाद भी कोई व्यक्ति यातायात के नियमों का उल्लंघन करते हुये पकड़ा जाता है तो संबधिंत के खिलाफ चालानी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी। उन्होंने लोगों से यातायात के नियमों का पालन करने को कहा है। एसडीएम ने बताया कि चंबा और बादशाहीथौल कस्बे और सड़कों पर जगह–जगह लगे करीब 80 अवैध होल्डिंगों को पालिका की मदद से हटाया गया है।

इसके साथ ही पालिका को निर्देशित किया गया है। अन्य किसी जगह अवैध होल्डिंग लगे हैं, उनको तत्काल हटाया जाए। (एजेंसी)

# मंत्री रेखा आर्य ने ली खेल महाकुम्भ—2023 के आयोजन की तैयारियों को लेकर बैठक




हरिद्वार। मंत्री युवा कल्याण एवं खेल रेखा आर्य की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को खेल महाकुम्भ–2023 के आयोजन के पूर्व आवश्यक व्यवस्थाओं आदि विषयक समस्त जनपदों के जिलाधिकारियों, जिला युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल अधिकारियों, जिला क्रीडा अधिकारियों के साथ वीडियो कान्फ्रेसिंग के माध्यम से एक बैठक आयोजित हुई।

मंत्री युवा कल्याण एवं खेल ने बैठक में प्रभारी जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी से जनपद हरिद्वार में खेल महाकुम्भ–2023 के आयोजन के पूर्व क्या–क्या तैयारियां चल रही हैं, बजट सम्बन्धी कोई दिक्कत तो नहीं है आदि के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने जनपद प्रशासन के खेलों को बढ़ावा देने निमित्त किये गये भौतिक एवं वित्तीय प्रयासों की प्रशंसा की। प्रभारी जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी प्रतीक जैन ने कान्फ्रेसिंग की समाप्ति के बाद जनपद में खेल महाकुम्भ–2023 की व्यवस्थाओं, आयोजनों तथा प्रचार–प्रसार हेतु आवश्यक दिशा– निर्देश अधिकारियों को दिये।

### उड़ीसा ने महाराष्ट्र और उत्तराखंड को दी शिकस्त

देहरादून। दिव्यांग क्रिकेट एसोसिएशन उत्तराखंड की ओर से दून डिफेंस एकेडमी कप–2023 में उड़ीसा की टीम ने उत्तराखंड और महाराष्ट्र को शिकस्त दी। प्रतियोगिता में तीन प्रदेशों की टीमें हिस्सा लेने पहुंची हैं। जीएसआर क्रिकेट ग्राउंड शिमला बाइपास मैदान में गुरुवार को प्रतियोगिता का आगाज किया गया। पहला मैच उड़ीसा और महाराष्ट्र के बीच खेला गया। उड़ीसा ने टॉस जीता और महाराष्ट्र को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। महाराष्ट्र ने पहले बैटिंग करते हुए निर्धारित ओवरों में 72 रन बनाए। उड़ीसा ने शानदार शुरुआत के साथ मैच को आठ विकेट से जीत लिया। दूसरा मैच में उत्तराखंड और उड़ीसा मैदान में उतरे।

# राज्य में आयुर्वेदिक इलाज की गुणवत्ता सुनिश्चित होगी

देहरादून। सचिव आयुष डॉ पंकज पांडेय ने कहा कि राज्य में आयुर्वेदिक इलाज की गुणवत्ता को सुनिश्चित किया जाएगा। झोलाछाप डॉक्टरों की वजह से किसी की जान से खिलवाड़ न हो और आयुर्वेद बदनाम न हो इसके प्रयास किए जा रहे हैं। सचिव आयुष ने गुरुवार को भारतीय चिकित्सा परिषद के ऑन लाइन पोर्टल का शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि राज्य में अभी तक आयुर्वेद तमाम तरह के विवादों में घिरा रहा है। लेकिन उनका प्रयास है कि विभाग से जुड़े रहे यह विवाद खत्म हों और विभाग के विकास पर ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि उत्तराखंड में आयुर्वेद के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं। लेकिन इसके बावजूद अभी राज्य आयुर्वेद के क्षेत्र में केरल से काफी पीछे है। देश के बड़े पंचकर्म और वेलनेस सेंटरों में भी केरल के एक्सपर्ट की डिमांड ज्यादा है। ऐसे में राज्य में कई चीजों पर विशेष प्रयास करने की जरूरत है। इस अवसर पर अपर सचिव डॉ विजय जोगदंडे, आयुर्वेद विवि के कुलपति प्रो अरुण त्रिपाठी आदि ने भी विचार व्यक्त किए।

आयुर्वेदिक अस्पतालों में इलाज की निगरानीः कार्यक्रम के दौरान भारतीय चिकित्सा परिषद के अध्यक्ष डॉ जेएन नौटियाल ने कहा कि राज्य में पंचकर्म और आयुर्वेद के इलाज की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए भारतीय चिकित्सा परिषद अस्पतालों की जांच करेगा। उन्होंने कहा कि जल्द ही परिषद की ओर से इसके लिए कार्य योजना तैयार की जाएगी। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद के क्षेत्र में सुधार तभी संभव है जब इस क्षेत्र से जुड़े लोग ईमानदारी से काम करेंगे।

**पोर्टल से पंजीकरण में फर्जीवाड़े पर रोक लगेगी**

भारतीय चिकित्सा परिषद की रजिस्ट्रार नर्वदा गुसांई ने कहा कि ऑन लाइन पोर्टल तैयार होने के बाद अब चिकित्सा परिषद के पंजीकरण में फर्जीवाड़ा नहीं होगा और आसानी से पंजीकरण कराए जा सकेंगे।

## एक नजर

### एनएएसयूआई ने एसजीआरआर में घोषित किए प्रत्याशी

देहरादून। एनएसयूआई ने सात नवंबर को होने वाले छात्रसंघ चुनाव के लिए श्री गुरू रामराय पीजी कॉलेज के लिए प्रत्याशियों की घोषणा कर दी। जिसमें अध्यक्ष पद पर प्रबल उनियाल, उपाध्यक्ष पद पर आयुष कांडपाल ,विश्विद्यालय प्रतिनिधि पद पर करन और कोषाध्यक्ष पद पर पल्लवी को अधिकृत प्रत्याशी घोषित किया गया है। इसकी जानकारी देते हुए प्रदेश अध्यक्ष विकास नेगी ने कहा कि एनएसयूआई पूरे प्रदेश में दम खम के साथ चुनावी मैदान में उतर रही है। प्रदेश सरकार के खिलाफ छात्र एवं युवाओ में आक्रोश है। जिसके परिणाम केंद्रीय विश्वविद्यालय हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल में हुए छात्रसंघ चुनाव में देखने को मिला। जहां विद्यार्थी परिषद का सुफड़ा साफ हुआ। इस दौरान जिला अध्यक्ष प्रकाश नेगी,पूर्व महानगर अध्यक्ष अभिषेक डोबरियाल,आनंद कुमार,हरजोत सिंह,संग्राम सिंह, कुणाल कम्बोज, इकरा, ऋषभ रावत और इकल्स आदि छात्र मौजूद थे।

### मसूरी से एमडीडीए ने अपने दो इंजीनियर हटाए

देहरादून। मसूरी में अवैध निर्माण को लेकर स्थानीय संगठनों के प्रदर्शन के बाद एमडीडीए ने अपने दो इंजीनियरों को हटा दिया है। प्राधिकरण ने सहायक अभियंता और अवर अभियंता का तबादला कर दिया है। स्थानीय संगठनों ने इसे आंदोलन की जीत करार दिया है। एमडीडीए के अधिकारियों के खिलाफ पिछले दिनों स्थानीय लोगों ने मसूरी में प्रदर्शन किया था। एमडीडीए कार्यालय परिसर में प्रदर्शन के दौरान स्थानीय लोगों ने यहां तैनात अफसरों पर गंभीर आरोप लगाया था।

उनका आरोप था कि अवैध निर्माण के नाम छोटी और गरीब लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। जबकि यहां बड़े रसूखदारों के अवैध निर्माण पर कार्रवाई नहीं कर भेदभाव किया जा रहा था। लोगों ने एमडीडीए के मसूरी में तैनात अफसरों का तबादला करने की मांग उठाइ थी।

# सीडीओ प्रतीक जैन ने किया पवित्र माटी के कलशों को विकास भवन रोशनाबाद से हरी झण्डी दिखाकर राजधानी देहरादून के लिये रवाना





हरिद्वार। प्रभारी जिलाधिकारी/मुख्य विकास अधिकारी प्रतीक जैन ने बृहस्पतिवार को मेरी माटी, मेरा देश अभियान के अन्तर्गत विकास खण्ड/नगर निकायों में जनपद के विभिन्न ग्रामीण तथा शहरी क्षेत्रों से एकत्रित हुई पवित्र माटी के कलशों को विकास भवन रोशनाबाद से हरी झण्डी दिखाकर प्रदेश की राजधानी देहरादून के लिये रवाना किया, जहां से विभिन्न क्षेत्रों के ये पवित्र माटी के कलश समारोहपूर्वक दिल्ली के कर्तव्य पथ स्थित अमृत वाटिका पहुचेंगे।

मेरी माटी, मेरा देश अभियान के तहत आयोजित इस कलश यात्रा का, विकास खण्ड बहादराबाद से साहिर, भगवानपुर से नीटू, खानपुर से शिवम राज सिंह, लक्सर से कृष्णपाल, नारसन से सुमित कुमार, रूड़की से शाहनवाज तथा इसी तरह शहरी निकायों से नगर निगम हरिद्वार से सुअपराजिता, नगर निगम रूड़की से अरूण दीप, नगरपालिका परिषद मंगलौर से सुअंजली, भगवानपुर से विकास कुमार, शिवालिक नगर से प्रेरणा सैनी, लक्सर से भूपेन्द्र कुमार, पिरान कलियर से सुशुभि कुर्ला, नगर पंचायत लण्ढौरा से पंकज कुमार, झबरेड़ा से असिफ अली, पाडली गुर्जर से सागर, ढण्डेरा से निशान्त शर्मा, ईमलीखेड़ा से सुअराधना, रामपुर से सुअर्शिका, सुल्तानपुर आदमपुर से सौरभ कुमार, अपने–अपने क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व कर रहे थे।प्रभारी जिलाधिकारी/ मुख्य विकास अधिकारी प्रतीक जैन ने मेरी माटी, मेरा देश अभियान के तहत आयोजित इस कलश यात्रा के लिये हार्दिक बधाई व शुभकामना दी।इससे पूर्व जिला युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल कार्यालय में भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन हुआ, जिसमें सेण्ट थामस पब्लिक स्कूल नवोदय नगर की छात्राओं ने देश–भक्तिपरक विभिन्न कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दी, जिनकी सभी ने भूरि–भूरि प्रशंसा की।इस अवसर पर पीडी के0एन0 तिवारी, जिला विकास अधिकारी वेद प्रकाश, जिला युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल अधिकारी प्रमोद पाण्डेय, जिला क्रीड़ाधिकारी श्रीमती शबाली गुरूंग, व्यायाम प्रशिक्षक युवा कल्याण विभाग मुकेश भट्ट, समीर सहित सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित थे।

## कार्यशाला में प्राकृतिक भांग के विभिन्न प्रयोगों के बारे में बताया

देहरादून। मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में प्राकृतिक भांग का प्रयोग कर स्वरोजगार को बढ़ाया जा सकता है। इसी उद्देश्य से देवभूमि उत्तराखंड यूनिवर्सिटी में गुरुवार को एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें विशेषज्ञों ने छात्रों को ग्रामीण स्वरोजगार के बारे में बताया। यूनिवर्सिटी के फैशन डिज़ाइन विभाग की ओर से शिक्षा मंत्रालय व इंस्टीट्यूशंस इनोवेशन काउंसिल के सहयोग से ये कार्यशाला कराई गई। जिसमें मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में प्राकृतिक भांग के प्रयोग पर चर्चा की गयी। कार्यशाला के दौरान उपस्थित आगास (एएजीएएस) फेडरेशन, चमोली उत्तराखंड के अध्यक्ष जेपी मैठाणी ने प्राकृतिक भांग के विभिन्न प्रयोगों के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि प्राकृतिक भांग कैनाबिस सतिवा का एक प्रकार है, जिसका विभिन्न स्तर पर मैन्युफैक्चरिंग के क्षेत्र में प्रयोग किया जाता है। वो भी मानसिक रूप से प्रभावित किये बिना। यही कारण है कि प्रचुर मात्रा में प्राकृतिक भांग का इस्तेमाल कर ग्रामीण स्वरोजगार को बढ़ावा दिया जा सकता है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में उद्यमिता विकास भी संभव हो सकेगा।

### चिन्हित आंदोलनकारियों ने की मंत्री के रवैये की निंदा

देहरादून। चिन्हित राज्य आंदोलनकारी संयुक्त संघर्ष समिति ने राज्य आंदोलनकारियों के प्रतिनिधिमंडल के साथ हुए बर्ताव की निंदा की है। समिति के जिला महामंत्री चिंतन सकलानी ने कहा कि प्रवर समिति के अध्यक्ष पहले तो आंदोलनकारियों से मिलना नहीं चाहते थे, जब नारेबाजी की गई तभी वह मिलने को राजी हुए। राज्य सरकार आंदोलनकारियों से छल कर रही है।

प्रवर समिति का बहाना बनाकर दस प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण को लटकाना चाहती है। ताकि आंदोलनकारियों को इसका लाभ न मिले।

# कार्यवृत्त में फिर उलझाई मांगें, आंदोलन की चेतावनी

देहरादून। उतराखंड अधिकारी कर्मचारी शिक्षक समन्वय समिति ने प्रमोशन में शिथिलता का लाभ देने के प्रकरण को लटकाने पर नाराजगी जताई। अपर मुख्य सचिव वित्त आनंद बर्द्धन के साथ हुई वार्ता के कार्यवृत में वादाखिलाफी का आरोप लगाया। शासन में बैठे अफसरों पर सरकार की छवि खराब करने का भी आरोप लगाया। साफ किया कि यदि इस बार मांगों को उलझाया गया, तो सरकार को इसका खामियाजा लोकसभा चुनावों में भुगतना पड़ेगा।

समन्वय समिति के सचिव संयोजक पूर्णानन्द नौटियाल और शक्ति प्रसाद भट्ट ने कहा कि पांच नवंबर 2022 को सीएम के साथ हुई वार्ता में मांगों पर कार्यवाही का ठोस आश्वासन दिया गया था। इस बैठक के बाद लंबे समय तक अफसर सोए रहे। करीब एक साल के अंतराल में जब एसीएस के साथ वार्ता हुई, तो मांगों पर सहमति बनी। अब जो कार्यवृत जारी हुआ है, वो बैठक में बनी सहमति के बिल्कुल विपरीत है। पहले कहा कि पदोन्नति में शिथिलता का लाभ देने की फाइल को विधि विभाग के पास भेज दिया गया है। अब बताया जा रहा है कि इस मसले पर नए सिरे से समीक्षा की जाएगी।

कार्यवृत में अभी तक की सभी कार्यवाही और प्रगति को पूरी तरह शून्य कर दिया गया है। कहा जा रहा है कि दोबारा विभाग वार पदोन्नति में ठहराव की समीक्षा की जाएगी। इसका समन्वय समिति पुरजोर विरोध करती है। चतुर्थ वर्गीय कर्मचारियों की पदोन्नति के अवसर न होने के कारण उन पर भी वाहन चालकों की तरह स्टाफिंग पैटर्न लागू करने का निर्णय हुआ था। इस पर अब संगठन के साथ अलग से बैठक करने की बात की जा रही है।

निगमों पर भी लागू हों राज्य कर्मियों के लाभः शक्ति प्रसाद भट्ट ने कहा कि राज्य के निगम निकाय कर्मचारियों को भी राज्य कर्मियों के समान सभी लाभ दिए जाएं। राज्य कर्मियों के लिए जारी होने वाले शासनादेश को निगमों के लिए भी एक साथ जारी किया जाए। निगमों के लिए अलग से शासनादेश कराने की परंपरा को बंद किया जाए। इस पर सहमति भी बनी थी, लेकिन लाभ नहीं दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री के निर्णय को भी अफसर एक साल से लटकाए हुए हैं। शासन में बैठे अधिकारी सिर्फ बैठक कर समय निकाल रहे हैं। मांगो का हल निकाल कर शासनादेश जारी करने की बजाय हर बार नई नई बातें बनाकर मांगों को उलझा रहे हैं। हर मांग पर सिर्फ वर्षों से परीक्षण ही हो रहा है। शासन की इस कार्यप्रणाली से कर्मचारियों में भारी आक्रोश उत्पन्न हो रहा है।

# एसीएस राधा रतूड़ी ने की 500 करोड़ रूपये या उससे अधिक के 25 विभिन्न एमओयू की ग्राउण्डिग की समीक्षा




देहरादून। अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने निवेशकों के भूमि एवं आवास सम्बन्धित मामलों के त्वरित क्लीयरेन्स के लिए कमीशनर गढ़वाल और कुमाऊँ को नोडल बनाने के निर्देश दिए हैं। कमिश्नर गढ़वाल और कुमाऊँ लैण्ड क्लीयरेन्स सम्बन्धित मामलों की नियमित समीक्षा के साथ ही हर 15 दिन में इसकी रिपोर्ट अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री को देंगे। इसके साथ ही उन्होनें फॉरेस्ट तथा पोल्यूशन क्लीयरेन्स सम्बन्धित मामलों के लिए प्रमुख सचिव वन तथा फायर क्लीयरेन्स के लिए डीआईजी फायर को नोडल बनाने के निर्देश जारी किये हैं। एसीएस ने प्रत्येक इन्वेस्टमेंट प्रोजेक्ट के डेडिकेटेड फॉलोअप के लिए एक–एक नोडल अधिकारी की नियुक्ति के भी आदेश दिए हैं। यह नोडल अधिकारी उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट हेतु किये गए एमओयू के तहत हर प्रोजेक्ट का पटवारी स्तर से सचिव स्तर तक विभिन्न स्तरों एवं विभिन्न विभागों में त्वरित क्लीयरेन्स को सुनिश्चित करेंगे। इस कार्य हेतु पूर्णतः प्रशिक्षित करने के लिए एसीएस राधा रतूड़ी के निर्देश पर 30 नवम्बर को विभिन्न विभागों के इन नोडल अधिकारियों हेतु एक इन्वेस्टमेंट ट्रैकिंग पोटर्ल वर्कशॉप का आयोजन किया जा रहा है। एसीएस ने कहा कि मा0 मुख्यमंत्री जी के विजन के अनुरूप उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट से पहले सभी एमओयू की शत प्रतिशत ग्राउडिंग की चुनौती का सामना सभी विभागों को कलेक्टिव ऑनरशिप के साथ करना होगा।अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने उत्तराखण्ड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट हेतु किए गए 500 करोड़ रूपये या उससे अधिक के 25 विभिन्न एमओयू की ग्राउण्डिग की समीक्षा की। उत्तराखण्ड सरकार एवं विभिन्न कम्पनियों के मध्य अभी तक 500 करोड़ या उससे अधिक के 25 एमओयू किये जा चुके हैं। अभी तक हुए कुल एमओयू में से 50 प्रतिशत से अधिक एमओयू पर्यटन के क्षेत्र में किये गए हैं, अतः एसीएस राधा रतूड़ी ने पर्यटन विभाग को सबसे अधिक सक्रियता के साथ प्रोजेक्ट्स की ग्राउडिंग पर कार्य करने की हिदायत दी है। उन्होंने सभी विभागों को नसीहत दी है कि किसी भी प्रोजेक्ट्स पर एमओयू होने के बाद से ग्राउडिंग के लिए एक–एक दिन बेहद मूल्यवान हैं, इसलिए सभी सम्बन्धित अधिकारी सरकारी कार्यशैली की जगह कॉरपोरेट कार्यशैली को अपनाते हुए प्रोजेक्ट्स की ग्राउडिंग पर मिशन मोड पर कार्य करें। उन्होंने विभागों को एमओयू की शत् प्रतिशत ग्राउडिंग के लिए अलग–अलग रहकर कार्य करने स्थान पर कलेक्टिव ऑनरशिप के साथ कार्य करने की हिदायत दी है। उन्होंने कहा कि विभागों को आइसोलेशन में कार्य करने की कार्य संस्कृति को समाप्त करना होगा। उन्होंने इन्वेस्टमेंट प्रोजेक्ट्स की ग्राउडिंग के लिए प्रत्येक स्तर पर फास्ट ट्रैक पर निर्णय लेने के निर्देश दिए हैं। एसीएस राधा रतूड़ी ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिए हैं कि स्वास्थ्य क्षेत्र में किए गए एमओयू की प्रभावी ग्राउडिंग से उत्तराखण्ड को मेडिकल टूरिज्म हब के रूप में विकसित करने की संभावनाएं बढ़ेगी।

# मांगों पर बनी सहमति, समिति ने स्थगित की तालाबंदी

## कोटद्वार बचाओ संघर्ष समिति की ओर से किया गया था तालाबंदी का ऐलान ,कोटद्वार पहुंची अपर जिलाधिकारी ने समिति के सदस्यों को दिया आश्वासन

**जयन्त प्रतिनिधि।**

कोटद्वार : शहर के बेहतर विकास को लेकर संघर्ष कर रही कोटद्वार बचाओ संघर्ष समिति का नगर निगम में तालाबंदी कार्यक्रम गुरुवार को स्थगित कर दिया गया। समिति की चेतावनी के बाद कोटद्वार पहुंची अपर जिलाधिकारी इला गिरि ने जल्द ही समस्याओं के निराकरण का आश्वासन दिया है। वहीं, समिति ने बीस दिन के भीतर मांगों का निराकरण नहीं होने पर आंदोलन की भी चेतावनी दी। कहा कि शहरवासियों की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

कोटद्वार बचाओ संघर्ष समिति शहर के बेहतर विकास के लिए लागातर संघर्ष कर रही है। कुछ सप्ताह पूर्व समिति ने अव्यवस्थाओं पर रोष व्यक्त करते हुए कोटद्वार बंद का सफल आंदोलन चलाया था। इसके उपरांत समिति ने नगर निगम के खिलाफ भी आंदोलन की चेतावनी दी। समिति के संयोजक नागेंद्र उनियाल के नेतृत्व में समिति ने गुरुवार को नगर निगम परिसर में तालाबंदी की चेतावनी दी थी। समिति की चेतावनी के बाद पौड़ी से पहुंची अपर जिलाधिकारी इला गिरि ने सदस्यों की बैठक ली। जिसमें प्रशासन व नगर निगम के सभी अधिकारी मौजूद थे। सदस्यों ने एक-एक कर अपर जिलाधिकारी के समक्ष नगर क्षेत्र की समस्याएं रखी। समिति के संयोजक नागेंद्र उनियाल ने बताया कि नगर निगम गठन से शहरवासियों को बेहतर विकास की उम्मीद थी। लेकिन, निगम गठन के पांच वर्ष बाद भी समस्याएं जस की तस बनी हुई है। सड़कों पर लगातार गोवंशों की संख्या बढ़ती जा रही है। यही नहीं आवारा गोवंशों के हमले में कई व्यक्ति अपनी जान भी गंवा चुके हैं। बावजूद नगर निगम के कान में जूं तक नहीं रेंग रहा। उक्त समस्या पर सहायक नगर आयुक्त ने बताया कि वर्तमान में गो रेस्क्यू वाहन खराब पड़ा हुआ है। जल्द ही इसकी मरम्मत करवाकर बीस दिन के भीतर गोवंशों को गौशाला में शिफ्ट किया जाएगा। समिति ने नगर निगम से अपने गोवंशों को सड़क पर छोड़ने वालों के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाई करने की मांग उठाई। सहायक नगर आयुक्त ने शहर के सीवर ट्रीटमेंट और कूड़ा निस्तारण के लिए यूपी से भूमि लीज पर लेने के लिए एक नवंबर को नगर निगम बैठक में प्रस्ताव रखने की भी बात कही। बैठक में समिति ने शहरवासियों से राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे वाहन खड़ा करने के नाम पर लिए जा रहे शुल्क का भी विरोध किया। कहा कि नगर निगम को पहले शहरवासियों को पार्किंग स्थल उपलब्ध करवाया जाना चाहिए। राष्ट्रीय राजमार्ग के किनारे वाहन खड़ा करने वालों से शुल्क लेना ठीक नहीं है। समिति के इस सवाल पर अपर जिलाधिकारी ने जल्द ही प्रशासन व निगम की टीम गठित कर पार्किंग स्थल के लिए जगह चिह्नित करने की बात कही। सभी मांगों पर सहमति बनने के बाद भी जल्द धरातल पर कार्य प्रारंभ नहीं होने पर समिति ने दोबारा आंदोलन चलाने की बात कही। कहा कि शहरवासियों की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कोटद्वार बचाओ संघर्ष समिति का गठन कोटद्वार के बेहतर विकास के लिए किया गया है। इस मौके पर अपर पुलिस अधीक्षक जया बलूनी, उपजिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी और समिति की ओर से गोविंद डंडरियाल, विकास आर्य, गुड्डू चौहान, राजेंद्र सिंह नेगी, प्रवेश नवानी, आर पी पंत, महेंद्र सिंह रावत, गुलाब सिंह रावत और जेपी ध्यानी सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।



कोटद्वार तहसील सभागार में बैठक करते समिति के सदस्य व अधिकारी

## वेटरन प्रीमियर लीग के लिए टीम गठित

**जयन्त प्रतिनिधि**

**कोटद्वार** : देहरादून में होने वाले उत्तराखंड वेटरन प्रीमियर लीग के लिए जनपद पौड़ी की टीम का चयन कर दिया गया है। जानकारी देते हुए टीम के कप्तान गजेंद्र सिंह व उप कप्तान प्रेम सिंह नेगी ने बताया कि जनपद पौड़ी की टीम के गठन के लिए खिलाड़ियों का ट्रायल किया गया था।

बताया कि टीम में प्रवेश रावत, जितेंद्र सिंह रावत, भारत गुसाईं, रोहित बत्ता, विनीत सिंह, भुवनेश कुमार, कमल रावत, दीपक वर्मा, वीरेंद्र कोटनाला, मनोज अग्रवाल, पुष्पेंद्र सिंह, मोहित सतीजा व हितेश गोयल का चयन हुआ है। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए टीम जल्द ही देहरादून के लिए रवाना होगी।

## निवेशकों ने उठाई जल्द धनराशि दिलवाने की मांग

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : पीएसीएल ठगी पीड़ित निवेशकों ने केंद्र व प्रदेश सरकार से उनकी जमा राशि को वापस दिलवाए जाने की मांग की है। कहा कि पूर्व आश्वासन के बाद भी अब तक उनकी रकम को वापस नहीं दिलवाया गया है।

इस संबध में ठगी पीड़ितों की ओर से उपजिलाधिकारी के माध्यम से मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री को भेजे गए ज्ञापन में कहा गया है कि सरकार को ठगी पीड़ित नागरिकों के भुगतान की गारंटी देने वाले अनियमित जमा योजनाएं अधिनियम 2019 का अनुपालन सुनिश्चित कराकर उनकी रकम को वापस दिलाना चाहिए। कहा कि केंद्र व राज्यों की ओर से उक्त अधिनियम की अनुपालना के लिए प्रत्येक जिले में सक्षम अधिकारी, सहायक सक्षम अधिकारी व विशेष अभियोजना अधिकारी नियुक्त कर पीड़ितों को उनका जमाधन वापस दिलवाया जा रहा है। लेकिन उत्तर प्रदेश व मध्य प्रदेश के कुछ जिलों के अलावा अन्य किसी भी राज्य में इसका अनुपालन नहीं किया जा रहा है, जो शासनादेशों का उल्लंघन है। कहा कि सरकार को इस ओर अविलंब ध्यान देना चाहिए। ज्ञापन प्रेषित करने वालों में प्रदेश संयोजक सुखदेव शास्त्री, कल्पना रावत, रीता रावत, इंदू देवी और रीना आर्य आदि थे।

## कोटद्वार महाविद्यालय की टीम रही उपविजेता

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : श्री देव सुमन उत्तराखंड विश्वविद्यालय की ओर से पंडित ललित मोहन शर्मा परिसर ऋषिकेश में अंतर महाविद्यालय बालिका वॉलीबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कोटद्वार की टीम उपविजेता रही। प्रतियोगिता में विवि के अंतर्गत आने वाले विभिन्न महाविद्यालयों की टीमों ने प्रतिभाग किया।

प्रतियोगिता में क्रीड़ा अधिकारी हीरा सिंह व संदीप किमोठी के नेतृत्व में प्रतिभाग करने गई डा. पीतांबर दत्त बड़थ्वाल राजकीय महाविद्यालय की बालिका बालीबाल टीम उपविजेता रही। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों में से नॉर्थ जोन टीम का चयन किया जाएगा जो विश्विद्यालय स्तर पर यूनिवर्सिटी आफ कश्मीर में होने वाली प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे। इस अवसर पर क्रीड़ा सचिव डा. पुष्कर गौड़, यशपाल ओली व विभिन्न महाविद्यालयों के मैनेजर, कोच और खिलाड़ी उपस्थित रहे।



आयोजित प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाली कोटद्वार महाविद्यालय की टीम

## खेतों में नहीं पहुंच रहा पानी, बर्बाद हुई फसल

**कोटद्वार** : लाख शिकायत के बाद भी सिंचाई नहरों की सफाई नहीं होने पर संयुक्त समाज सेवी संगठन ने रोष व्यक्त किया है। कहा कि खेतों तक पानी नहीं पहुंचने से फसल बर्बाद हो गई है। काश्तकारों ने जल्द समस्या का निराकरण नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी दी है।

गुरुवार को काश्तकारों ने तहसील में पहुंचकर उपजिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी को ज्ञापन दिया। काश्तकारों ने बताया कि क्षेत्र के अधिकांश परिवार खेती पर ही निर्भर हैं। काश्तकारों को पानी पहुंचाने के लिए खोह नदी से योजना बनाई गई। लेकिन, अगस्त माह में आई आपदा से सिंचाई नहरें मलबे में दबी हुई है। नतीजा, खेतों तक पानी नहीं पहुंचने से खरीफ की फसल बर्बाद हो चुकी है। ऐसे में अब काश्तकारों के समक्ष आर्थिक संकट भी खड़ा हो गया है। एक ओर जहां सरकार काश्तकारों के लिए योजना चला रही है, वहीं, सिंचाई विभाग नहरों की सफाई भी नहीं करवा पा रहा है। कश्तकारों ने कहा कि सरकारी सिस्टम की इस लापरवाही से काश्तकार खेती छोड़ने को मजबूर हो रहे हैं। लाख शिकायत के बाद भी अधिकारी समस्या को लेकर लापरवाह बने हुए हैं। काश्तकारों ने नहरों की सफाई करवाने के साथ ही काश्तकारों को बर्बाद फसल का मुआवजा देने की मांग की है। कहा कि काश्तकारों की अनदेखी किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस मौके पर संगठन के संरक्षक रतन सिंह नेगी, मोहन सिंह नेगी, महानंद ध्यानी, हरेंद्र रौतेला, सतेंद्र सिंह नेगी, हरीश चंद्र भदोला, पपेंद्र सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे।

## बेपटरी हुई यातायात व्यवस्था, आमजन हुआ परेशान

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : शादी सीजन में शहर की यातायात व्यवस्था बेपटरी होने लगी है। जाम के कारण आमजन का सड़क पर पैदल चलना भी मुश्किल हो गया है। लगातार बिगड़ रही व्यवस्था के बावजूद भी यातायात पुलिस सड़क पर कहीं नजर नहीं आ रही।

वर्तमान में शादियों का सीजन चल रहा है। यही कारण है कि परिवार शादी की तैयारियों में जुट गए हैं। गुरुवार को सुबह से ही बाजार में खरीदारों की भारी भीड़ देखने को मिली। अचानक बढ़ी इस भीड़ से यातायात व्यवस्था भी बेपटरी हो गई। देवी रोड, नजीबाबाद रोड, स्टेशन रोड, गोखले मार्ग सहित अन्य स्थानों पर जाम के कारण पैदल चलना भी मुश्किल हो गया था।

### बेतरतीब खड़े वाहन

शहर में जाम का मुख्य कारण सड़कों पर बेतरतीब तरीके से खड़े वाहन बन रहे हैं। कई व्यक्ति अपने वाहनों को सड़क पर खड़ा कर बाजार पैदल घूमने चले जाते हैं। जिससे अन्य वाहनों को निकलने के लिए पर्याप्त रास्ता नहीं मिल पाता। इस अव्यवस्था के कारण कई बार दुर्घटनाओं का भी अंदेशा बना रहता है। जबकि, पूर्व में शहरवासी कई बार व्यवस्थाओं में सुधार की मांग उठा चुके हैं।




गुरुवार को कोटद्वार के स्टेशन रोड में लगा जाम

## पुलिस ने लापता युवती को किया परिजनों के सुपुर्द

**सतपुली** : बीती 10 अक्तूबर से घर से बिना बताए गई युवती को सतपुली पुलिस ने बरामद कर लिया। कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पुलिस ने युवती को परिजनों के सुपुर्द किया।

थाना प्रभारी सतपुली दीपक तिवाड़ी ने बताया कि इस संबंध में युवती के परिजनों ने राजस्व क्षेत्र में मुकदमा भी दर्ज करवाया था। जिसमें युवती के पिता ने कहा था कि उनकी 18 साल की बेटी को कोई भगा ले गया। जिस पर आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया। यह जांच राजस्व से रेगुलर पुलिस को ट्रांसफर हुई।

एसएसपी के निर्देशों पर एसआई प्रियंका नेगी को जांच सौंपी गई। पुलिस ने गुरुवार को युवती को कालागढ़ निवासी एक लड़के के साथ बरामद किया। पूछताछ में पता चला कि दोनों ने शादी कर ली। युवती के परिजनों ने पुलिस का आभार जताया है।

## विज्ञान नाटय में राइंका क्यार्क ने मारी बाजी

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**पौड़ी** : जीआईसी पौड़ी में ब्लॉक स्तरीय विज्ञान महोत्सव का आयोजन किया गया। महोत्सव में छात्र-छात्राओं ने सड़क सुरक्षा, जल संरक्षण आदि विषयों पर शानदार मॉडलों के माध्यम से अपनी प्रतिभा दिखाई।

प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि सभासद यशोदा नेगी, विशिष्ट अतिथि अर्जुन सिंह नेगी, ब्लाक कार्डिनेटर भूपेंद्र सिंह नेगी, आयोजक मोहन चंद्र घिल्डियाल ने किया। प्रतियोगिता के तहत नाटय में राइंका क्यार्क ने पहला, राइंका पौड़ी ने दूसरा व एमआईसी ने तीसरा स्थान हासिल किया। विज्ञान प्रदर्शनी के सीनियर में समाज के लिए विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी मुख्य विषय के स्वास्थ्य उपविषय में साक्षी ने पहला, शिवानी ने दूसरा व प्रियांशु ने तीसरा स्थान पाया। पर्यावरण के लिए जीवनशैली उपविषय में अजय पहले, नितिन दूसरे व सौजन्या तीसरे, कृषि उपविषय में पीयूष पहले, रौनित शाह दूसरे अनुष्का तीसरे स्थान पर रहे। विज्ञान प्रदर्शनी के जूनियर वर्ग के समाज के लिए विज्ञान एवं प्रोद्योगिकी विषय के स्वास्थ्य उपविषय में आयुष पहले, मुस्कान दूसरे व आरुषि तीसरे स्थान पर रहे। पर्यावरण के लिए जीवनशैली उपविषय में अंशिका पहले, शिवानी दूसरे व प्रियंक तीसरे स्थान पर रहे। प्रतियोगिता में श्वेता बिष्ट रोतेला, सुभाषचंद्र, निशा चौधरी, लक्ष्मीचंद्र ने निर्णायक की भूमिका निभाई।

## कानून व्यवस्था बनाने में पुलिस का सहयोग करें

**जयन्त प्रतिनिधि**

**सतपुली** : वाल्मीकि जयंती को लेकर सतपुली थाने में गुरुवार को बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में जयंती पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों को लेकर चर्चा हुई। वाल्मीकि जयंती के संबंध में वाल्मीकि समाज के लोगों ने कार्यक्रमों की जानकारी दी। बैठक में थानाध्यक्ष दीपक तिवाड़ी ने सभी को आवश्यक दिशा-निर्देशों की भी जानकारी दी। थाना प्रभारी ने कहा कि इस दौरान कानून व्यवस्था बनाएं रखने में सभी सहयोग दें। बैठक में सुरेश कुमार, आकाश वेद, सुनील, संजीव आदि मौजूद रहे।

## भगवान राम का हुआ राज्याभिषेक, जयकारों से गूंजा पंडाल

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**कोटद्वार** : भाबर के कण्वघाटी में श्री ओंकारेश्वर रामलीला कमेटी की ओर से आयोजित रामलीला मंचन 15वें दिन भी जारी रहा। भगवान राम के राज्याभिषेक की लीला के मंचन के साथ समापन हो गया। इस अवसर पर स्थानीय बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं।

मंचन की शुरुआत में समिति के अध्यक्ष मदन सिंह रावत ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। मंचन के शुरू में लंका पर विजय प्राप्त करने के बाद भगवान राम, लक्ष्मण, सीता व हनुमान समेत अयोध्या पहुंचते हैं। राम को देख भरत गदगद हो उठते हैं और भगवान राम के चरणों में गिर जाते हैं। गुरु वशिष्ठ ने आगे बढ़ कर पहले श्री राम का राजतिलक किया। राम को राज सिंहासन पर बैठे देख हर्षित माताएं भगवान राम की आरती उतारती हैं। राजतिलक होते ही पूरा पांडाल श्री राम के जयकारे से गूंज उठता है। इस अवसर पर स्थानीय बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। इस अवसर पर सौरव रावत, मनोज नेगी, अशोक गौड़, पवन गौड़, सत्येंद्र रावत, विकास गौड़, पितृशरण जोशी, चंदन मोहन रावत, धर्मानंद केष्टवाल, सोनू शर्मा मौजूद रहे। संचालन अनिल बलूनी ने किया।

## चार माह से खराब पड़ी है हाईमास्क लाइट

**कोटद्वार** : सनेह क्षेत्र के वाशिंदों ने चार माह से कुंभीचौड़ चौराहे में खराब पड़ी हाईमास्क लाइट मरम्मत की मांग की है। कहा कि नगर निगम की ओर से लगाई गई हाईमास्क लाइट केवल शोपीस बनकर रह गई है। पूर्व में शिकायत के बाद भी निगम इस ओर ध्यान देने को तैयार नहीं है।

समस्या के संबंध में क्षेत्रवासी मोहन सिंह रावत, रतन सिंह नेगी ने उपजिलाधिकारी सोहन सैनी को ज्ञापन दिया। बताया कि नगर निगम बनने के बाद क्षेत्रवासियों को बेहतर विकास की उम्मीद थी। लेकिन, नगर निगम कुंभीचौड़ चौराहे में खराब पड़ी हाईमास्क लाइट की मरम्मत भी नहीं करवा पा रहा है। ऐसे में शाम ढलते ही पूरे चौराहे में अंधेरा छा जाता है। जिससे आवाजाही करने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। साथ ही जंगली जानवरों का भी खतरा बना रहता है। कहा कि जनता की सुविधा को देखते हुए जल्द लाइट मरम्मत करवाई जानी चाहिए।

## नवदंपति ने रोपा मौसमी का पौधा

**जयन्त प्रतिनिधि।**

**थलीसैंण** : थलीसैंण ब्लॉक के ग्राम बहेड़ी निवासी पूर्व विधायक गणेश गोदियाल के पुत्र की शादी के बाद नव दंपत्ति ने राठ महाविद्यालय पैठाणी में मौसमी का समलौंण पौधा रोपकर शादी को यादगार बनाने के साथ पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन का संदेश दिया। नव दम्पत्ति ने समलौण सेना को पर्यावरण जैसे पुण्य कार्य करने पर 1000 रुपए की नगद धनराशि देकर पुरस्कार स्वरूप भेंट किए।

पौधे के संरक्षण की जिम्मेदारी महाविद्यालय की चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी श्रीमती भूरी देवी ने ली। कार्यक्रम का संचालन पैठाणी गांव की समलौण सेना नायिका श्रीमती सुनीता देवी भंडारी ने किया। कहा कि पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन के लिए समलौंण एक भावनात्मक आंदोलन है, जो कि एक रीति रिवाज एवं परंपरा बन चुकी है। क्षेत्रवासियों से हर संस्कारों के उपलक्ष में समलौंण पौधरोपण करने की अपील की। इस मौके पर समलौण सेना की सदस्य श्रीमती रिंकी देवी, उर्मिला देवी, इन्दु देवी, सम्पत्ति देवी, संस्था के अध्यक्ष मनोज रौथाण, सचिव नरेन्द्र सिंह नेगी, सदस्य मुकेश नौटियाल, क्रांति नौटियाल, संस्था के संस्थापक बीरेंद्र दत्त गोदियाल आदि मौजूद थे।




नवदंपत्ति राठ महाविद्यालय पैठाणी में समलौंण पौधा रोपते हुए।

## भगवान राम के अयोध्या वापसी पर निकाली भव्य झांकी

**श्रीनगर गढ़वाल** : श्री आदर्श रामलीला समिति श्रीनगर के तत्वावधान में 124 वर्षों से चली आ रही ऐतिहासिक रामलीला में पुरुषोत्तम राम के अयोध्या वापसी पर भव्य झांकी निकाली गई। इस मौके पर हनुमान मंदिर से नगर क्षेत्र के मुख्य मार्गों से होते हुए रामलीला मैदान पहुंची जहां झांकी का भव्य स्वागत किया गया। लीला में भरत मिलाप के प्रसंग का भावपूर्ण मंचन किया गया। रावण का वध कर लंका पर विजय प्राप्त करने के बाद राम और लक्ष्मण सीता के साथ पुष्पक विमान से वापस अयोध्या लौटते हैं। अयोध्या पहुंच कर राम सबसे पहले अपने अनुज भरत से भेंट करते हैं। हनुमान मंदिर से राम, लक्ष्मण, भरत शत्रुघ्न, सीता और हनुमान की भव्य झांकी मुख्य मार्गों से रामलीला मैदान पहुंची। जहां भगवान राम का भव्य स्वागत किया गया। पूजा अर्चना और आरती के बाद भरत मिलाप की लीला का मंचन किया गया। रावण वध और लंका विजय के बाद जब राम, लक्ष्मण और सीता के साथ पुष्पक विमान से अयोध्या वापस आते हैं।

## 35 सूत्रीय मांगों को लेकर शिक्षकों ने किया प्रदर्शन

पौड़ी : यात्रावकाश बहाल करने, 5400 ग्रेड-पे शिक्षकों को राजपत्रित अधिकारी घोषित करने, पदोन्नति, वेतन विसंगति दूर करने सहित 35 सूत्रीय मांगों को लेकर राजकीय शिक्षक संघ ने अपर निदेशक माध्यमिक शिक्षा गढ़वाल मंडल कार्यालय में एक दिवसीय धरना दिया। आक्रोशित शिक्षकों ने कहा कि 30 अक्तूबर को संघ विभागीय निदेशालय देहरादून में भी एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करेगा। गुरुवार को मंडल मुख्यालय पौड़ी में राजकीय शिक्षक संघ ने प्रांतीय कार्यकारिणी के आह्वान पर एडी कार्यालय के प्रांगण में धरना देकर जोरदार प्रदर्शन किया। उन्होंने सरकार पर मांगों की उपेक्षा करने का आरोप लगाया। कहा कि बीते 4 अगस्त को संघ के पदाधिकारियों ने शिक्षामंत्री व विभागीय अफसरों के साथ 35 सूत्रीय मांगों के निस्तारण को लेकर सहमति बनी थी। दो महीने बीतने के बाद एक भी मांग पर आज तक कोई विचार तक नहीं हो पाया। जिससे संगठन में आक्रोश बढ़ रहा है। मंडलीय अध्यक्ष श्याम सिंह सरियाल ने कहा कि 30 अक्तूबर को संघ एक बार फिर से विभागीय निदेशालय देहरादून में भी एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करेगा। इस पर भी सरकार ने जल्द ही शिक्षकों पर मांगों पर कार्रवाई नहीं की तो आने वाले दिनों में आंदोलन को उग्र किया जाएगा। इस मौके पर संगठन मंत्री मक्खन लाल शाह, जिला संरक्षक जयदीप रावत, प्रकाश चौहान, नरेश कुमार, आलोक रैथाण, प्रदीप भंडारी, रविंद्र, बलराज सिंह गुसांई आदि मौजूद रहे।

# धरने के 14 वर्ष पूरे होने पर गुरिल्लों ने गैराड़ गोलू मंदिर में किया बुद्धि शुद्धि यज्ञ



अल्मोड़ा। 14 वर्षों से अल्मोड़ा जिला मुख्यालय में नौकरी पेंशन एवं अन्य सुविधाओं को लेकर धरनारत गुरिल्लों द्वारा गैराड़ गोलज्यू मंदिर में सरकार की बुद्धि की शुद्धि के लिए यज्ञ किया। गुरुवार को गुरिल्लों के धरने के 15वें वर्ष की शुरुआत में गैराड़ गोलू देव मंदिर में पूजा अर्चना की तथा अपनी फरियाद लगाई। गुरिल्लों ने कहा कि विगत 17 वर्षों के आंदोलन के दौरान केन्द्र सरकार हो या राज्य सरकार गुरिल्लों को केवल गुमराह करती रही है। केन्द्र सरकार गुरिल्लों का सत्यापन करने, गुरिल्लों के समायोजन का प्रस्ताव तैयार करवाने के बाद चुप बैठी है तो राज्य सरकार अपने ही शासनादेशों का अनुपालन नहीं कर रही है। इस बीच उत्तराखंड शासन में अपर मुख्य सचिव राधा रतूड़ी द्वारा मुख्यमंत्री जी के साथ उच्चस्तरीय बैठक कराए जाने के आश्वासन पर भी टाला मटोली की जा रही है, इसलिए गुरिल्लों ने आज डाना गोलज्यू मंदिर में गुहार लगाई है। वक्ताओं ने आंदोलन को मुकाम तक पहुँचाने का संकल्प लेते हुए धरना पूर्ववत जारी रखने की घोषणा की है। यहाँ कार्यक्रम में ब्रह्मा नन्द डालाकोटी, शिवराज बनौला, खड़क सिंह पिलख्वाल, मोहन राम, उमेदराम, इन्द्रा तिवारी, रेखा आर्या, शांति देवी, कविता शाह, दीपा शाह, विशन राम आदि उपस्थित रहे।

## शारदा घाट से 32 ग्राम स्मैक संग दो आरोपी दबोचे

चम्पावत। बनबसा –पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र पींचा के निर्देश पर नशीले पदार्थों की रोकथाम के लिए चलाए गए अभियान ऑपरेशन क्रेक डाउन के तहत थानाध्यक्ष लक्ष्मण सिंह जगवाण के नेतृत्व में एसओजी व 57 वी वाहिनी एसएसबी की संयुक्त टीम द्वारा शारदा स्नान घाट पर चैकिंग के दौरान आरोपी सुन्दर मण्डल उर्फ अमित पुत्र शंकर मण्डल निवासी किच्छा के पास से 18.44 ग्राम स्मैक व आरोपी अनिकेत शर्मा पुत्र याद राम शर्मा निवासी किच्छा के पास से 14.16 ग्राम स्मैक प्लेटिना बाईक संख्या यूके 06–के–3476 में परिवहन करते हुये गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के विरुद्ध एनडीपीएस में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# हाईवे पर सुरक्षा मानक जांचने को दोबारा होगा सत्यापन : डीएम

हल्द्वानी। डीएम वंदना का कहना है कि नेशनल हाईवे–109 में अंडर कंस्ट्रक्शन साइट पर सड़क दुर्घटनाएं रोकने के लिए एनएचएआई को सुरक्षा मानक पूरा करने को कहा गया है। कुछ दिन पूर्व एसडीएम को इसका सत्यापन करने को भेजा गया था। अपनी रिपोर्ट में उन्होंने बताया है कि एनएचएआई ने कुछ सुरक्षा मानक पूरे कर लिए हैं, अन्य पर कार्यवाही गतिमान है। डीएम ने कहा कि कुछ दिन बाद दोबारा सत्यापन कराया जाएगा। यदि सुरक्षा मानक अधूरे मिले तो कार्रवाई की जाएगी। डीएम वंदना ने गुरुवार को कैंप कार्यालय में जनसुनवाई की। लोगों ने पेयजल, सड़क, बिजली, पेंशन, अतिक्रमण, आवास, आर्थिक सहायता आदि की करीब 73 शिकायतें और समस्याएं दर्ज कराईं। बेतालघाट के बजेड़ी के फरियादी नंदन सिंह कार्की ने बताया कि बजेड़ी से धूरा तक करीब 5 किमी सड़क बनाए जाने की मांग लंबे समय से की जा रही है। लोनिवि से कई बार पत्राचार किया गया, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। डीएम ने एसडीएम कोश्याकुटौली और अधिशासी अभियंता लोनिवि नैनीताल को जल्द सर्वे कर सड़क बनाने के निर्देश दिए। फरियादी विनोद सिंह, मोहन सिंह बोरा और दीपा बोरा ने बताया कि उनके क्षेत्र में पूर्व में एक अवैध निर्माण के ध्वस्तीकरण के आदेश हुए थे। लेकिन अभी तक निर्माण ध्वस्त नहीं किया गया है। डीएम ने डीडीए सचिव को कार्रवाई करने के निर्देश दिए। बिठौरिया निवासी प्रमोद पंत ने आर्थिक सहायता, नरेश कांडपाल ने राज्य आंदोलनकारी का परिचय पत्र जारी कराने की मांग की। वहीं, ग्राम हल्दूचौड़ जयराम के लोगों ने सार्वजनिक सड़क निर्माण के नाम पर अतिक्रमण करने की बात बताई। बिजली बिल सुधारीकरण, आधार कार्ड बनवाने, नजूल फ्रीहोल्ड आवेदन, शासकीय भूमि पर अतिक्रमण, पेयजल लाइन मरम्मत, सड़कों के सुधारीकरण आदि की समस्याएं दर्ज कराई गईं।

# रोडवेज को निजीकरण से बचाने पर दिया जोर

हल्द्वानी। हल्द्वानी बस स्टेशन स्थित रोडवेज कर्मचारी संयुक्त परिषद के शाखा कार्यालय में गुरुवार को मासिक बैठक आयोजित की गई। अध्यक्षता सुरेंद्र सिंह रावत ने की।

संगठन के पदाधिकारियों ने परिवहन निगम को निजीकरण से बचाने पर चर्चा की। वहीं दिवाली से पहले कर्मचारियों को बोनस सहित अन्य भुगतान किए जाने की मांग की। बैठक में पदाधिकारियों ने कहा कि परिवहन निगम को अपनी बसें खरीदकर चलानी चाहिए ताकि उसका निजीकरण रोका जा सके। निगम मुख्यालय पर जारी मृतक आश्रितों के धरना प्रदर्शन को पूर्ण समर्थन देते हुए निगम में जल्द नियुक्ति देने की बात कही। कर्मचारियों की वर्दी के लिए धनराशि, संविदा, विशिष्ट श्रेणी और संविदा कार्मिकों को निर्धारित समय पर वेतन दिए जाने, अनुबंधित ढाबे पर दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता में सुधार, यात्रियों से ढाबे पर मनमानी रकम वसूले जाने पर रोक, शुलभ शौचालय पर यात्रियों से वसूली पर प्रतिबंध सहित कई मांगें उठाईं। संविदा, विशिष्ट श्रेणी कार्मिकों को परिचय पत्र उपलब्ध कराने की मांग भी उठी। बैठक का संचालन शाखा मंत्री अमित कुमार जंगवाल ने किया।

राजेन्द्र सिंह नेगी, नितिन दीक्षित, विपिन मिश्रा, केएन तिवारी, भास्करानंद मिश्रा, नवीन पांडे, उमेश जोशी, रमेश चन्द्र, विपिन सक्सेना, शबाब अली, त्रिलोक पलडिया, दिनेश भंडारी, सरोज सती, सरोजनी भट्ट, बलविंदर सिंह, बीडी सागुडी, भुवन सिंह, गोविंद बल्लभ जोशी, गिरीश चन्द्र, हसीन अहमद, संजय उप्रेती, प्रदीप बिष्ट, रमेश चन्द्र, सुनील सैन, गुलजार सिंह, सुरेंद्र बिष्ट, मोहन सिंह, राजीव कुमार, राजीव भट्ट, संजीव कुमार, भास्कर चन्द्र, विमला देवी, उषा नैनवाल, नंदी देवी, नीमा डालाकोटी, उमा टम्टा, पुष्पा देवी, शंकर लाल, जगदीश कुमार, गुरुबाज सिंह, भजन सिंह, गुरुनाम सिंह, यकीन सिंह, मनोज कुमार, गजेंद्र सिंह, जीवन सिंह, नितेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

## टनकपुर के ठेकों में ओवररेट बिक रही शराब

चम्पावत। टनकपुर के ठेकों में शराब के प्रिंट दामों से 10–20 रुपये अधिक वसूले जा रहे हैं। एसडीएम की छापेमारी के बाद फिर ठेके पर वहीं हालात बने हुए हैं। टनकपुर बस अड्डे के समीप शराब का ठेका इन दिनों चर्चाओं में है। ग्राहकों से अधिक पैसे वसूलने का वीडियो भी सोशल मीडिया में खूब वायरल हो रहा है। कई शराब के शौकीनों ने बताया कि शराब विक्रेता क्वाटर, हाफ व बोतल में निर्धारित मूल्य से 20 से 30 रूपये तक अधिक वसूल रहे हैं। इस ओर स्थानीय प्रशासन व आबकारी विभाग भी चुप्पी साधे हुए हैं। बीते दिनों ही तत्कालीन एसडीएम सुंदर सिंह ने ग्राहक बनकर ठेके पर छापेमारी की थी।

# अधर्म पर हुई धर्म की विजय, भगवान श्री राम ने किया दशानन रावण का अंत



अल्मोड़ा। श्री भुवनेश्वर महादेव मंदिर एवं रामलीला समिति कर्नाटक खोला अल्मोड़ा की दशम दिवस की रामलीला में रावण–कुम्भकर्ण संवाद, कुम्भकर्ण वध, मेघनाद–लक्ष्मण संवाद, मेघनाद वध, रावण विलाप, सुलोचना सती, रावण–अहिरावण संवाद, हनुमान–मकरध्वज संवाद, अहिरावण वध, राम–रावण युद्ध, रावण वध आदि मुख्य आकर्षण रहे। देर रात्रि तक दर्शक दीर्घा में उपस्थित दर्शकों ने लीला का आनन्द लिया व कलाकारों का उत्साहवर्धन किया। रामलीला में राम की पात्र रश्मि काण्डपाल, लक्ष्मण की दीक्षा कनार्टक, हनुमान के पात्र अनिल रावत, रावण के पात्र पूर्व मंत्री बिट्टू कर्नाटक, कुम्भकर्ण के पात्र दीपक कर्नाटक, मन्दोदरी की पात्र नेहा जोशी, सुलोचना की पात्र कशिश रावत, मेघनाद के पात्र डॉ. करन कर्नाटक, अहिरावण के पात्र अखिलेश थापा, मकरध्वज के पात्र हर्षित आगरी आदि ने जीवन्त अभिनय किया। रामलीला के समापन दिवस पर रावण–कुम्भकर्ण, मेघनाद–लक्ष्मण, रावण–अहिरावण संवाद तथा सुलोचना विलाप मुख्य आकर्षण रहे।

# जनकल्याणकारी योजनाओं में आवंटित धनराशि तेजी से खर्च करना सुनिश्चित करें



अल्मोड़ा। जिलाधिकारी विनीत तोमर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिला योजना, राज्य योजना एवं अन्य योजनाओं में आवंटित की गई धनराशि को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं में तेजी से खर्च करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में विभागों की जिला योजना, राज्य योजना, बाह्य सहायतित योजनाओं, तीस सूत्रीय कार्यक्रम तथा सरकार जनता के द्वारा कार्यक्रम एवं मुख्यमंत्री घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा की। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि कार्यों की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति में तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा कि अवमुक्त धनराशि को विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं में गुणवत्ता के साथ व्यय करना सुनिश्चित करें। सरकार जनता के द्वार कार्यक्रम की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन अधिकारियों को जो ग्राम पंचायतें निरीक्षण/भ्रमण हेतु आवंटित की गई हैं, उनका निरीक्षण/भ्रमण नियमित रूप से करें एवं उसकी रिपोर्ट भी ससमय उपलब्ध कराई जाए।

## मंडी परिषद अध्यक्ष ने बिना प्रवेश शुल्क के दो ट्रकों को पकडा

हल्द्वानी। मंडी परिषद अध्यक्ष प्रो. अनिल कपूर डब्बू ने बिना मंडी शुल्क दिए मंडी परिसर में प्रवेश कर रहे दो ट्रकों को पकड़ा है। गुरुवार सुबह निरीक्षण को पहुंचे अध्यक्ष ने मंडी में प्रवेश कर रहे दो ट्रकों को जांच के लिए रोका। इस दौरान प्रवेश के लिए जरूरी पर्ची मांगे जाने पर चालक नहीं दिखा सका। इस पर मंडी समिति को चार गुना मंडी शुल्क जुर्माने के तौर वसूलने के आदेश दिए गए। वहीं अगली बार फिर बिना प्रवेश शुल्क जमा किए पकड़े जाने पर ट्रक को माल समेत जब्त करने के निर्देश मंडी सचिव को दिए। अध्यक्ष ने कहा कि किसी भी तरह के ट्रैक्स की चोरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



# नेपाल सीमा पर चेकिंग अभियान चलाया

पिथौरागढ़। बलुवाकोट पुलिस और एसएसबी की संयुक्त टीम ने नेपाल सीमा से सटे गांवों में चेकिंग अभियान चलाया। थानाध्यक्ष अनिल आर्या व एसएसबी के एएसआई रमेश भट्ट के नेतृत्व में टीम विभिन्न गांवों में पहुंची। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से भी वार्ता कर सीमा क्षेत्र होने वाली संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी देने को कहा है। बाद में उन्होंने नेपाल पुलिस के साथ भी बैठक कर सीमा पर अवैध गतिविधियों के रोकथाम को लेकर चर्चा की।




# बिजली– पानी की समस्या पर किया कलक्ट्रेट में प्रदर्शन

बागेश्वर। ज्वाला देवी वार्ड में इन दिनों बिजली और पानी का संकट बना हुआ है। व्यवस्था से परेशाान महिलाओं ने कलक्ट्रेट में प्रदर्शन किया। जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर जल्द समस्या का समाधान करने की मांग की है। मांग पूरी नहीं होने पर आंदोलन शुरू करने की चेतावनी दी है।

## विधायक ने किया 10 सड़कों के निर्माण कार्य का शिलान्यास

काशीपुर। विधायक त्रिलोक सिंह चीमा ने विधानसभा क्षेत्र के दस निर्माण कार्यों का शिलान्यास किया। इनमें देहात की दो, शहरी क्षेत्र की सात सड़कों के अलावा एक धर्मशाला है। इन कार्यों के निर्माण में 1.18 करोड़ की लागत आने की संभावना है। विधायक चीमा ने गुरुवार को मानपुर में 150 मी. खडंजा, बांसखेड़ाखुर्द में 105 मी. टाइल्स मार्ग, वार्ड नं–18 टांडा उज्जैन में शिव मंदिर के पास धर्मशाला भवन के कार्य का निर्माण, वार्ड नं.–34 में रामनगर रोड पर 65ठ्ठमी. सीसी मार्ग, वार्ड नं.–3 पशुपति विहार में 55ठ्ठमी. टाइल्स मार्ग, वार्ड नं.0–2 पशुपति विहार में 220मी. व 85 मी. टाइल्स मार्ग के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।

# रंगारंग झांकियों के साथ कुमाऊं महोत्सव की शुरुआत




अल्मोड़ा। कुमाऊं महोत्सव 2023 का शुभारंभ नंदा देवी मंदिर परिसर से विभिन्न झांकियों के साथ हुआ।

झांकियों में सरस्वती शिशु मंदिर जीवन धाम के बच्चों के घोष, दिशा अकैडमी के बच्चों के सुंदर नृत्य, पाईन वुड स्कूल के बच्चों की सुंदर प्रस्तुति, विवेकानंद इंटरमीडिएट कॉलेज के बच्चों के घोष, जीजीआईसी की बालिकाओं एवं होली एंजेल स्कूल के बच्चों की मनमोहक प्रस्तुति तथा छोलिया नृत्य रहा। वहीं चौघानपाटा से साइकिल रैली एवं रन फॉर फन लाला बाजार, चौक बाजार, कारखाना बाजार, कचहरी बाजार, जौहरी बाजार, गंगोला मोहल्ला होते हुए मुरली मनोहर मंदिर पहुंचे। कार्यक्रम के उद्घाटन अवसर पर नंदा देवी मंदिर परिसर में वरिष्ठ रंगकर्मी कुमाऊं महोत्सव के संरक्षक अमरनाथ सिंह नेगी, महोत्सव की उद्घोषिका गीतम शर्मा, दीपक कुमार, शगुन त्यागी, हर्षिता तिवारी, लता तिवारी, गोविंद मेहरा, विजय मेहता, अतुल, चेतन पांडे, पंकज भगत, मुकेश मेहता, पुष्पा नेगी, प्रीति बिष्ट, चंद्रकला बिष्ट, दीप्ति रावत, रीता तिवारी, नीमा भाकुनी, आदि–आदि मौजूद रहे। चौघानपाटा में साइकिल रैली एवं रन फॉर फन के कार्यक्रम का शुभारंभ मनोज तिवारी विधायक अल्मोड़ा द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। इस अवसर पर कुमाऊं महोत्सव के अध्यक्ष राजेंद्र तिवारी, मुख्य खेल संयोजक हरीश कनवाल, गिरीश मल्होत्रा, नवीन बिष्ट, मनीष जोशी, भैरव गोस्वामी आदि मौजूद रहे।

# कार शोरुम में चोरी की छानबीन करते हुए कानपुर पहुंची हल्द्वानी पुलिस

हल्द्वानी(आरएनएस)। 15 अक्तूबर की रात कार शोरूम से चोरी हुई तिजोरी के मामले में हल्द्वानी पुलिस यूपी पहुंच चुकी है। बरेली और कानपुर में भी ठीक इसी तरह की वारदात सामने आने के बाद पुलिस ने छानबीन का दायरा बढ़ा दिया है। आरोपियों के तार यूपी से जुड़े होने के सुराग मिले हैं। पुलिस जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी करने की बात कह रही है। 11 दिन पहले रामपुर रोड स्थित महिंद्रा कार शोरूम में घुसे तीन चोरों ने शोरूम मालिक के कार्यालय में रखी 25 लाख रुपये से भरी 190 किलो की तिजोरी पर हाथ साफ कर लिया था। चोर गोदाम के पड़ोस में बने कमरे की खिड़की तोड़कर शोरूम में दाखिल हुए थे। छानबीन के दौरान पुलिस के सामने कानपुर में भी इसी तरह की चोरी के मामले सामने आए। हल्द्वानी पुलिस की एक टीम ने कानपुर जेल पहुंचकर चोरी में बंद आरोपियों से पूछताछ की। इसके अलावा बरेली में भी एक कार शोरूम में तिजोरी से लाखों रुपये पार कर लिए गए थे। पुलिस सीसीटीवी फुटेज खंगालते हुए चोरों के करीब पहुंच गई है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार जल्द आरोपित बेनकाब हो जाएंगे।

## लापता किशोरी प्रेमी संग मिली

हल्द्वानी। तीन दिन पहले कोतवाली थाना क्षेत्र से लापता हुई किशोरी को पुलिस ने ढूंढकर परिजनों के हवाले कर दिया है। किशोरी को ले जाने वाले युवक को भी गिरफ्तार कर लिया है। कोतवाली के एसएसआई विजय मेहता ने बताया कि तीन दिन पहले क्षेत्र की रहने वाली एक किशोरी लापता हो गई थी।

## कुमाऊंनी लेखन में उल्लेखनीय योगदान के लिए गिरीश चंद्र जोशी को किया जाएगा पुरस्कृत

अल्मोड़ा। इस वर्ष का 'विक्टोरिया क्रॉस कै. गजे घले पुरस्कार' गिरीश चंद्र जोशी को दिया जाएगा। यह पुरस्कार ह्यकुमाऊंनी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति प्रचार समिति और पहरू की ओर से आगामी 04, 05 व 06 नवंबर 2023 को पिथौरागढ़ में आयोजित 15वां ह्यराष्ट्रीय कुमाउनी भाषा सम्मेलन में दिया जाएगा। पुरस्कार चयन समिति के सदस्यों द्वारा विचार–विमर्श के बाद अल्मोड़ा निवासी गिरीश चंद्र जोशी को कुमाऊंनी लेखन में उल्लेखनीय योगदान के लिए चुना गया है। समिति सचिव डॉ. हयात सिंह रावत ने बताया की पुरस्कार के रूप में उन्हें पांच हजार एक सौ रूपये की नकद धनराशि, अंगवस्त्र व प्रशस्ति पत्र प्रदान किया जाएगा।

गिरीश चंद्र जोशी अपनी मातृभाषा कुमाऊंनी में लेखन के क्षेत्र में कई सालों से सक्रिय हैं। हिंदी और कुमाऊंनी में एक समान लेखनी चलाने वाले गिरीश जोशी का कुमाऊंनी के प्रचार–प्रसार में विशेष योगदान है। वीर सैनिक विक्टोरिया क्रॉस कैप्टन गजे घले की स्मृति में वर्ष 2018 से कुमाऊंनी सैन्य पृष्ठभूमि में उल्लेखनीय कार्य के लिए हर वर्ष दिया जा रहा है।

# धोखाधड़ी से भूमि का रजिस्टर्ड एग्रीमेंट करने के आरोप में दो के खिलाफ केस दर्ज

रुद्रपुर। धोखाधड़ी से भूमि का रजिस्टर्ड एग्रीमेंट करने के आरोप में पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर दो आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

मजहर अली पुत्र अब्दुल अली निवासी ग्राम कठरी गऊघाट किच्छा ने सिविल कोर्ट रुदपुर में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया कि वह ग्राम भमरौला में लभगभ–60–70 वर्ष पूर्व से अपनी भूमि पर काबिज और खेती कर रहा है ।जिसका रकबा 0.9680 हेक्टयर है। यह भूमि पांच जुलाई 2018 को संक्रमणीय भूमिधरी हो गई थी। वह डेढ़ एकड़ भूमि को बेच चुका है। और बाकी उसके कब्जे में है।

बीती आठ अगस्त 2022 तो जब रजिस्ट्री ऑफिस रुद्रपुर गया तो पता चला कि उसकी भूमि को अजहर अली पुत्र अब्दुल अली निवासी ग्राम कठरी गऊघाट ने अब्दुल मलिक पुत्र अब्दुल रज्जाक निवासी अब्दुला बिल्डिंग हल्द्वानी के हक में रजिस्टर्ड एग्रीमेन्ट कर दिया है। बीती 15 अगस्त सांय मजहर अली अपने पुत्र मोईन और मोहम्मद जफर के साथ आरोपी अजहर अली के घर पर गया और आपत्ति की। आरोप है कि इस पर आरोपी अजहर अली और उसके परिवार वालो ने मजहर को गालिया दी और जान से मारने की धमकी दी।

मजहर अली ने आरोप लगाया है कि आरोपी अजहर अली ने उसके साथ धोखाधड़ी करते हुए अब्दुल मलिक व सब रजिस्ट्रार से सांठ गांठ कर भूमि का रजिस्टर्ड एग्रीमेंट कर तीस लाख रुपये प्राप्त कर लिए।

कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# सीडीओ ने अमृत कलश यात्रा रथ को किया रवाना

**जयन्त प्रतिनिधि।**

चमोली : मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के अन्तर्गत गुरुवार को जनपद चमोली से भव्य अमृत कलश यात्रा रथ को राज्य स्तर के लिए रवाना किया गया। मुख्य विकास अधिकारी डा. एलएन मिश्र ने विकास भवन से कलश यात्रा रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।




मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि हमारे वीर शहीदों के सम्मान में पूरे देश में मेरी माटी मेरा देश अभियान संचालित किया गया। अमर शहीदों की याद में सभी ग्राम पंचायत और निकायों में विशेष शिलालेखों की स्थापना भी की गई है। समस्त ग्राम पंचायत एवं निकायों से कलश में पवित्र मिट्टी और पौधों के साथ कलश यात्रा को देहरादून के लिए रवाना किया गया है। जहाँ से कलश यात्रा को देश की राजधानी दिल्ली के लिए रवाना किया जाएगा। देश के कोने कोने से कलश में लाई गई पवित्र मिट्टी और पौधों से देश की राजधानी दिल्ली में शहीदों की स्मृति में अमृत वाटिका बनाई जाएगी। यह अमृत वाटिका एक भारत श्रेष्ठ भारत का भी प्रतीक बनेगी। जिले से अमृत कलश यात्रा को जयघोष के साथ रवाना किया गया। इस अवसर पर विकास विभाग के तमाम अधिकारी व कार्मिक मौजूद थे।

## गढ़वाल विवि में अवकाश पर लगी रोक

श्रीनगर गढ़वाल : हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह को लेकर तैयारी जोरों पर है। जल्द ही तिथि की घोषणा किये जाने की उम्मीद है। गुरुवार को इस संदर्भ में गढ़वाल विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. धीरज शर्मा ने नोटिफिकेशन जारी करते हुए कहा कि विवि के दीक्षांत समारोह की तैयारियों तेज चल रही है। समारोह के सफल आयोजन के दृष्टिगत दीक्षांत समारोह समापन तिथि तक विवि में कार्यरत समस्त शिक्षक, दीक्षांत समारोह की अवधि तक विशेष आकस्मिक परिस्थितियों अथवा चिकित्सकीय कारणों के अतिरिक्त कोई भी अवकाश अनुमन्य नहीं किया जायेगा। (एजेंसी)

# श्रीनगर में छात्रावास अधीक्षक का पुतला फूंका

श्रीनगर गढ़वाल : बिड़ला परिसर के छात्र नेताओं पर हुए मुकदमों पर आर्यन छात्र संगठन ने गढ़वाल विश्वविद्यालय की महिला छात्रावास अधीक्षक के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस मौके पर छात्रों ने छात्रावास अधीक्षक के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करते हुए झूठे मुकदमा लिखवाने की कड़े शब्दों में निंदा की।गुरुवार को पुतला दहन के दौरान पूर्व महासचिव प्रदीप रावत, देवकांत देवराडी, आकाश रतूडी और सम्राट राणा ने कहा कि छात्रावास वार्डन के द्वारा लगाये गये आरोप सरासर गलत है। कहा कि छात्र हितो से जुडी मांगों को दबाने को लेकर छात्रों पर झूठे मुकदमे लगाने का कार्य किया जा रहा है। जिसे किसी भी तरह बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। उन्होंने कहा कि यदि जल्द से छात्रों में लगे झूठे मुकदमों को वापस नहीं लिया गया तो वह आंदोलन के लिए बाध्य होंगे। प्रदर्शन करने वालों में आर्यन छात्र संगठन के संरक्षक संजय सिंह बिष्ट, मंयक कंडपाल, अंकेश राणा, कुलदीप राणा, अरदीप भंडारी, आशोक, नीरज पंचोली, केशव, साहिल, आकाश, सुनिधि सहित आदि मौजूद रहे। (एजेंसी)

# उपनल कर्मियों ने दीपावली का बोनस दिए जाने की मांग

श्रीनगर गढ़वाल : माध्यमिक शिक्षा संघ उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष जीतराम पोंठियाल ने राज्य में उपनल के माध्यम से कार्यरत सभी कार्मिकों के लिए दीपावली पर्व पर सरकार से बोनस दिए जाने की मांग की है। कहा कि विगत कई वर्षों से उपनल के माध्यम से राज्य की विभिन्न विभागों में कार्यरत कार्मिकों को आज तक कभी भी दीपावली पर बोनस नहीं मिला है। जबकि अन्य प्राइवेट सेक्टर में काम करने वाले मजदूरों को भी दीपावली पर बोनस दिया जाता है। लेकिन राज्य में उपनल के माध्यम से कार्यरत कार्मिकों को आज तक इस प्रकार कभी कोई तोहफा नहीं मिला है। उन्होंने सरकार से आने वाली दीपावली पर उपनल कर्मियों को दीपावली का बोनस दिए जाने की मांग की है। (एजेंसी)

# छात्रों व स्टाफ ने सीखें आपदा से निपटने के गुर

नई टिहरी : जनपद के भिलंगना ब्लॉक के जीआईसी घंडियालधार में गुरुवार को छात्र-छात्राओं सहित स्टाफ को आपदा प्रबंधन का प्रशिक्षण देते हुए आपदा से निपटने के गुर सिखाये। आपदा में सजग रहने की जानकारी भी दी गई।

डीएम मयूर दीक्षित ने निर्देश पर जनपद के विभिन्न क्षेत्र के विद्यालयों में आपदा प्रशिक्षण आपदा प्रबंधन विभाग की मदद से दिया जा रहा है। ताकि आपदा में लोग बेहतर बचाव कर सकें। इसी क्रम में जीआईसी घंडियालधार में आपदा प्रबंधन विभाग ने छात्र-छात्राओं व स्टाफ सहित कुल 85 लोगों को आपदा का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान आपदा प्रबंधन एवं अन्य महत्वपूर्ण जन जागरूकता संबंधी जानकारियां भी दी गई। जिनमें आपदा, आपदा के प्रकार भूकम्प, भूस्खलन, त्वरित बाढ़, वनाग्नि सहित आपदा पूर्व-दौरान-पश्चात की जानकारी दी गई। खोज बचाव उपकरणों की जानकारी, आपातकालीन स्ट्रेचर बनाना, प्राथमिक उपचार की जानकारी के साथ राज्य व जनपद आपातकालीन केंद्र के टोल फ्री नम्बरों की जानकारी और विद्यालय परिसर के सुरक्षित स्थान एवं निकासी मार्गों की भी जानकारी दी गई। इस मौके पर प्रधानाचार्य रघुवीर सिंह चौहान, अध्यापक हीरामणि भट्ट ने भी सभी छात्र-छात्राओं और उपस्थित कार्मिकों को संबोधित कर आपदा को लेकर सचेत रहने की अपील की। (एजेंसी)

## बैठक 29 को

कोटद्वार : कोटद्वार डिस्ट्रीब्यूटर्स एसोसिएशन की ओर से 29 अक्टूबर को बैठक का आयोजन किया जाएगा। जानकारी देते हुए एसोसएिशन के अध्यक्ष दिनेश ऐरन ने बताया कि बैठक में प्रांतीय अध्यक्ष सुभाष कोहली, प्रांतीय महासचिव नितिन शर्मा, प्रांतीय कोषाध्यक्ष रविंद्र गुप्ता व देहरादून, ऋषिकेश, हरिद्वार, मसूरी, रूड़की, टिहरी, हल्द्वानी, काशीपुर, रामनगर आदि विभिन्न शहरों के सदस्य भी शिरकत करेंगे।

## अरव खेलेंगे राष्ट्रीय बास्केटबॉल चैंपियनशिप में

नई टिहरी : चंबा के माउंट कार्मल स्कूल में कक्षा 9वीं में पढ़ाने वाले जौनपुर ब्लॉक के ग्राम सुनाऊ निवासी अरव गुसाईं आईसीएसई बोर्ड के तत्वाधान में राष्ट्रीय बास्केटबॉल चैंपियनशिप में उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश राज्य की संयुक्त टीम से प्रतिभाग करेंगे। अंडर-14 बालक वर्ग की राष्ट्रीय जूनियर बास्केटबॉल प्रतियोगिता तमिलनाडु में शुक्रवार से शुरू हो रही है।

छात्र अरव के चयन पर क्षेत्रीय लोगों, स्कूल के शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने खुशी जाहिर की है, इससे पूर्व भी अरव दो बार स्टेट फेडरेशन की और से बास्केटबॉल में राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग कर चुके हैं।

# अमृत कलश वाहन को किया देहरादून रवाना

जयन्त प्रतिनिधि।रूद्रप्रयाग : मेरी माटी, मेरा देश अभियान के तहत जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती अमरदेई शाह ने गुरूवार को अमृत कलश वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। कलश यात्रा द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव के तहत संस्कृति विभाग के प्रेक्षागृह में राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रतिभाग किया जाएगा।




जिला पंचायत कार्यालय के परिसर में युवा कल्याण व नेहरू युवा केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान अध्यक्ष जिला पंचायत श्रीमती अमरदेई शाह ने कहा कि जनपद से अमृत कलश वाहन को राज्य स्तरीय कार्यक्रम में प्रतिभाग हेतु देहरादून के लिए रवाना किया गया है। उसके पश्चात् दिल्ली में आयोजित कलश यात्रा कार्यक्रम में प्रतिभाग करेगी। इस अवसर पर जिला युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल अधिकारी शरत सिंह भंडारी, समंवयक नेहरू युवा केंद्र राहुल डबराल, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी ऊखीमठ मनोज कुमार सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# गुरुकुल परिसर में हुआ रन फॉर आयुर्वेदा प्रतियोगिता का आयोजन

हरिद्वार। उत्तराखंड आयुर्वेद विवि के गुरुकुल परिसर में रन फॉर आयुर्वेदा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।



छात्रों में प्रथम स्थान भव्य गोयल, द्वितीय स्थान विनय काला, तृतीय स्थान धर्मेंद्र ने और छात्राओं में प्रथम स्थान शालिनी सिंह, द्वितीय स्थान आयुषी प्रियाल और तृतीय स्थान नैनसी सागवान ने प्राप्त किया। शिक्षक संवर्ग में प्रथम स्थान डॉ. देवेश गोयल एवं डॉ. अदिति, द्वितीय स्थान प्रो. दिनेश गोयल एवं डॉ. शीतल वर्मा, कर्मचारी संवर्ग में प्रथम रोहित एवं द्वितीय अंकित कुमार ने हासिल किया। आठवें राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस के उपलक्ष्य में गुरुकुल परिसर उत्तराखंड आयुर्वेद विवि में आयुर्वेद फॉर वन हेल्थ की श्रृंखला के अंतर्गत प्रतियोगिता रन फार आयुर्वेद कार्यक्रम का आज आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अरुण कुमार त्रिपाठी और कार्यक्रम संयोजक प्रो. मीना आहूजा ने किया। कार्यक्रम में बीएएमएस स्नातक एवं स्नातकोत्तर के छात्र–छात्राओं, शिक्षकों, कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया गया।

इस दौरान पेंटिग प्रतियोगिता, निबंध प्रतियोगिता, श्रीधान्य (मिलेटस) व्यंजन प्रतियोगिता, जागरूकता शिविर, रोगियों हेतु चिकित्सा कैंप आदि कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाएगा। छात्र–छात्राओं को राष्ट्रीय आयुर्वेद दिवस धन्वंतरि जयंती के दिन प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम का संचालन क्रीडा अध्यक्ष डॉ. मयंक भटकोटी ने किया।

## लापता युवक की तलाश के लिए बुलाई डाग स्क्वायड टीम

चमोली : 10 दिन से लापता यूपी के आगरा के युवा श्रेयस का कोई अता पता नहीं चल पाया है। उसकी तलाश में चमोली पुलिस, एसडीआरएफ का खोजबीन अभियान जारी है। पुलिस अधीक्षक कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार युवक की तलाश के लिए अब देहरादून से डाग स्क्वायड टीम भी बुलाई गई है।पुलिस के अनुसार श्रेयस पुत्र भगवान दास मकान नम्बर 48/310 खतैना लोहा मंडी, आगरा 10 अक्तूबर को ग्वाड़ से रुद्रनाथ ट्रैक की ओर गया था। जो अब तक वापस नहीं लौटा। 18 अक्तूबर से पुलिस और एसडीआरएफ की संयुक्त टीम लापता युवक की तलाश में जुटी है। लापता युवक के परिजन भी आगरा से गोपेश्वर पहुंच गये हैं।

# शाम चार बजे से शुरू होगा पंडित धीरेंद्र शास्त्री का दरबार

देहरादून। बागेश्वर धाम सरकार के पीठाधिश्वर पंडित धीरेंद्र शास्त्री के कार्यक्रम की तैयारी जोर–शोर से चल रही है। दरबार चार नंवबर को शाम चार बजे से रात 11 बजे तक महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज में चलेगा।

गुरुवार को प्रेस क्लब में पत्रकारों से बातचीत में कार्यक्रम संयोजक निवृति यादव ने बताया कि यह कार्यक्रम तीन दिवसीय है। दो नंवबर को शहर में सनातन यात्रा निकलेगी। जो सुभाष रोड स्थित लार्ड वेंकटेश्वर वैडिंग प्वाइंट से शुरू होगी और घंटाघर से होते हुए कनक चौक पर संपन्न होगी। तीन को कार्यक्रम स्थल महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स में महायज्ञ होगा। चार नंबवर को शाम चार बजे से रात 11 बजे तक पंडित धीरेन्द्र शास्त्री का दरबार चलेगा। बताया कि कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भक्तों के जुटने की संभावना है। भक्तों का प्रवेश निशुल्क है। वीवीआईपी और वीआईपी लोगों के लिए पास की व्यवस्था है। बताया कि कार्यक्रम में सीएम पुष्कर सिंह धामी और स्वामी चिदानंद सरस्वती, सांसद, मंत्री और विधायक भी शामिल होंगे।

# निगम महासंघ ने भी सौतेले व्यवहार पर उठाए सवाल

देहरादून। उत्तराखंड के सार्वजनिक निगमों के कर्मचारियों के साथ शासन स्तर से हो रहे भेदभाव पर राज्य निगम अधिकारी कर्मचारी महासंघ ने सवाल उठाए। समय पर बढ़े हुए महंगाई भत्ते का लाभ न देने के लिए शासन में बैठे अफसरों की हीलाहवाली को जिम्मेदार ठहराया। निगमों के कर्मचारियों को गोल्डन कार्ड का अभी तक लाभ न दिए जाने का भी विरोध किया। महासंघ की हुई ऑनलाइन बैठक में अध्यक्ष दिनेश गोसाईं ने कहा कि राज्य गठन के 23 सालों से लगातार निगम कर्मचारी भेदभाव का शिकार हो रहे हैं। निगम कर्मचारियों को कभी भी समय पर महंगाई भत्ते का लाभ नहीं दिया गया। हर बार उन्हें सार्वजनिक उद्यम विभाग से अलग से आदेश कराने को विभागों के चक्कर काटने होते हैं। जबकि राज्य कर्मियों को तत्काल ये लाभ दे दिया जाता है। चार महीने गुजर जाने के बाद भी अभी तक बढ़ा हुआ डीए का आदेश निगमों के लिए नहीं किया गया है। उन्होंने निगमों के मामले में सार्वजनिक उद्यम विभाग से आदेश कराने की अनिवार्यता पर भी सवाल उठाए। कहा कि उधोग विभाग का निगमों, निकायों, उपक्रमों पर कोई नियंत्रण नहीं होता। न ही उसकी कोई जिम्मेदारी होती है। इस बात को नवंबर 2022 में सीएम की अध्यक्षता में हुई बैठक में एसीएस वित्त भी स्वीकार कर चुके हैं। इसके बाद भी कोई बदलाव नहीं किया गया है। महासंघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रमेश बिंजौला ने निगम कर्मचारियों के लिए गोल्डन कार्ड बनाने में की जा रही उदासीनता पर भी नाराजगी जताई गई। जबकि कर्मचारियों से छह महीने पहले ही अंशदान काटा जा चुका है। जो प्राधिकरण में जमा है। कभी पोर्टल की खराबी तो कभी सिस्टम की खराबी के नाम पर समय निकाला जा रहा है। कर्मचारियों को स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। महासचिव बीएस रावत ने कहा कि इन तमाम प्रकरणों को लेकर तीन नवंबर को संघ भवन में बैठक होगी। इस बैठक में आंदोलन की रणनीति तैयार की जाएगी।

## शरद पूर्णिमा पर खिलाई जाएगी औषधियुक्त खीर

काशीपुर। मुख्य बाजार स्थित श्री राधेहरि सत्संग आयुर्वेदिक धर्मार्थ औषधालय में शरद पूर्णिमा को तैयार औषधियुक्त खीर खिलाने को लेकर कार्यकारिणी पदाधिकारियों की बैठक हुई। जिसमें चंद्रग्रहण के चलते खीर बनाने व उसे रात्रि में रखने के समय परिवर्तन के संबंध में जानकारी लेकर वितरण किया जाएगा।

## खो-खो स्टेट चैंपियनशिप के लिए 29 को होगा टीम का चयन

नई टिहरी : हरिद्वार में आयोजित होने वाली आगामी 18 और 19 नवंबर को अंडर-14 और अंडर-18 खो-खो स्टेट चैंपियनशिप बालक-बालिका वर्ग की जिला स्तरीय टीम का चयन 29 अक्टूबर को मुनिकीरेती के पूर्णानंद खेल मैदान में किया जाएगा।खेलो इंडिया सेंटर टिहरी के कोच मनीष गिरी गोस्वामी ने जानकारी देते हुए बताया कि नवंबर माह में राज्य स्तर पर 18 और 19 नवंबर को खो-खो स्टेट चैंपियनशिप का आयोजित होंगी। जिसके लिए टिहरी जिले से बालक और बालिका वर्ग की टीमें प्रतिभा करेंगी, जिसके लिये टीमों का चयन किया जाना है। बताया टीम में चयन हेतु प्रतिभागी को अपना जन्म प्रमाण पत्र और आधार कार्ड प्रस्तुत करना होगा। बताया कि अंडर-14 कैटेगरी के लिए बीएमआई (बॉडी मास इंडेक्स) 215 और अंडर-18 के लिए बीएमआई 250 से अधिक नहीं होना चाहिए। आयु की गणना अंडर 14 के लिए 17 दिसम्बर 2009 से तथा अंडर-18 के लिए 2006 से होगी।

## पुलिस के रवैये को लेकर पत्रकारों में आक्रोश

नई टिहरी : प्रेस क्लब नई टिहरी के पत्रकारों ने बैठक कर देहरादून में वरिष्ठ पत्रकार ओम प्रकाश सती से पुलिस की अभद्रता पर रोष जाहिर करते हुए जिम्मेदार पुलिस कर्मी की बर्खास्तगी की मांग की। पत्रकारों ने कहा कि कवरेज करने गये वरिष्ठ पत्रकार के साथ पुलिस का रवैया गैर जिम्मेदाराना और बेहद निदंनीय रहा है। हनुमान चौक पर प्रेस क्लब अध्यक्ष गंगा थपलियाल व महामंत्री अनुराग उनियाल के नेतृत्व में पत्रकारों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पत्रकारों ने पुलिस कर्मियों के प्रति रोष जाहिर करते हुए कहा कि जो पुलिस कर्मी एक वरिष्ठ पत्रकार के साथ इस तरह का अभद्र व अशोभनीय व्यवहार कर रहे हैं। इससे साफ जाहिर की अपने आप को मित्र पुलिस और अनुशासित पुलिस कहने के नाम पर मात्र दिखावा किया जा रहा है।

# ध्याणियों ने भद्राज देवता को भेंट किया चांदी का ढोल

नई टिहरी : नैनबाग के जयद्वार मल्ला गांव में भद्राज देवता के पूजन कार्यक्रम में विभिन्न गांवों से अपने मायके आई ध्याणियों ने अपने कुल देवता को चांदी का ढोल भेंट कर सुख समृद्धि की मनौती मांगी। मंदिर समिति और ग्रामीणों की ओर से ध्याणियों का फूल मालाओं से स्वागत किया गया। ग्रामीणों ने रात्रि जागरण में रासों और तांदी गीतों पर सामूहिक नृत्य भी किया।

नैनबाग के जयद्वारा मल्ला गांव में आयोजित पूजन और रात्रि जागरण कार्यक्रम से पूर्व यमुना नदी के पवित्र जल में ग्रामीणों ने भद्राज देवता की डोली को स्नान करवाया, जिसके बाद देवता की डोली को दो दिनों के लिये मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ रखा गया। इस दौरान भद्राज देवता अपने पश्वा पर अवतरित हुए और श्रद्धालुओं को आशीर्वाद दिया। दूर-दराज क्षेत्र से आये लोगों और ग्रामीणों ने देवता की पूजा अर्चना कर मनौती मांगी।

ससुराल से अपने मायके आई ध्याणियों ने सामूहिक रूप से भद्राज देवता को चांदी का ढोल भेंट किया। इस मौके पर मंदिर समिति अध्यक्ष सुनील पंवार, अजुर्न कुंवर, शरण सिंह, कीर्ति सिंह पंवार, अजुर्न पंवार, मेहर पंवार, मोहर सिंह पंवार, शरण सिंह, अनुप पंवार, गंभीर पंवार, आशीष पंवार, उपेंद्र पंवार, देशराज पंवार, ग्राम प्रधान दीपिका पंवार सहित भारी संख्या में लोग मौजूद थे। (एजेंसी)

## न्यू मिट्ठी बेहड़ी में मिनी ट्यूबवेल की अनियमितता की जांच को मौके पर पहुंचे एसई

देहरादून। जल संस्थान के शहरी क्षेत्र के एसई राजीव सैनी ने गुरवार को न्यू मिट्ठी बेहड़ी जाकर जल संस्थान द्वारा निर्मित मिनी ट्यूबवेल के कार्य की जांच की व अधिकारियों को दस दिन में कमियों को दूर करने के निर्देश दिए। आरकेडिया ग्राम सभा की पूर्व उप प्रधान गीता बिष्ट व सामाजिक कार्यकर्ता वीरू बिष्ट ने न्यू मीठीबेरी पेयजल योजना में नियम विरुद्ध कार्य करने की शिकायत जल संस्थान की मुख्य महाप्रबंधक नीलिमा गर्ग से की थी। सीजीएम द्वारा शिकायत का संज्ञान लेते हुए तत्काल शहरी क्षेत्र के अधीक्षण अभियंता राजीव सैनी को मौके पर जाकर जांच करने के आदेश दिए थे। गुरुवार को एसई राजीव सैनी ने मौके पर जाकर सभी शिकायतों की जांच की और क्षेत्रवासियों से बात की। उन्होंने जल संस्थान पित्थूवाला के सहायक अभियंता विनोद पांडे को 10 दिनों में सभी समस्याओं का समाधान करने के निर्देश दिए।

# विरासत में होगा भारतीय लोक कलाओं के साथ अंतरराष्ट्रीय कलाओं का संगम

देहरादून।रूरल एंटरप्रेन्योरशिप फॉर आर्ट एंड कल्चरल हेरिटेज(रीच) संस्था द्वारा आयोजित विरासत में हर साल की तरह इस बार भी भारतीय लोक, शास्त्रीय व शिल्प कलाओं के साथ अंतरराष्ट्रीय कलाओं का बैजोड़ संगम नजर आएगा।

राजपुर रोड स्थित मधुबन होटल में हुई प्रेस वार्ता में रीच संस्था के संस्थापक व महासचिव आरके सिंह ने विरासत का शेड्यूल जारी करते हुए बताया कि यह आयोजन आज से 10 नवंबर तक डॉ. बीआर अंबेडकर स्टेडियम कौलागढ़ रोड में होगा। कार्यक्रम का मुख्य मंच विरासत विलेज उत्तराखंड की प्रतिष्ठित मंदिर वास्तुकला से प्रेरित होकर बनाया जा रहा है।

डायरेक्टर प्रोग्राम लोकेश ओहरी ने कहा 15 दिवसीय कार्यक्रमों में सुबह और दोपहर के समय में विरासत साधना में दून के स्कूल, कॉलेजों के युवा और उभरते कलाकारों के लिए एक मंच प्रदान किया जाएगा। मास्टर कारीगरों की शिल्प कार्यशाला, विंटेज कार एवं बाइक रैली, विरासत प्रश्नोत्तरी, फोटोग्राफी प्रतियोगिता जैसे कार्यक्रम भी होंगे।

लोक, सूफी संगीत, ग़ज़ल, हिंदुस्तानी और कर्नाटक शास्त्रीय संगीत, साथ ही भरतनाट्यम और कथक जैसे नृत्य, सरोद, तबला, बांसुरी, मैंडोलिन, वायलिन और पियानो पर श्रेष्ठ कलाकारों के प्रदर्शन होंगे। इन कलाकारों में तीन बार ग्रैमी पुरस्कार विजेता भारतीय संगीतकार रिकी केज, पटियाला घराने की कौशिकी चक्रवर्ती, प्रतिष्ठित सूफी गायक वडाली, मेवाती घराने के संजीव अभ्यंकर, साजन मिश्रा, राधिका चोपड़ा की ग़ज़ल गायकी शामिल हैं।

पंजाबी लोक कलाकार जसबीर जस्सी, राग निर्माता ब्रायन सिलास और कथक नर्तक शिंजिनी कुलकर्णी भी प्रस्तुति देंगे। उत्तराखंड की लोकसंस्कृति में यूनेस्को धरोहर रम्माण, चक्रव्यूह व छोलिया नृत्य प्रमुख होंगे। ट्रस्टी हरीश अवल, संयुक्त सचिव विजयश्री जोशी, मीडिया इंचार्ज प्रियंवदा अय्यर मौजूद रहे।

## एक दिवसीय कार्यशाला आज

जयन्त प्रतिनिधि।रूद्रप्रयाग : शुक्रवार को दोपहर 12:30 बजे से 3 बजे तक विकास भवन सभागार में 'सूचना का अधिकार' अधिनियम, 2005 पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। प्रभारी अधिकारी जिला कार्यालय डीएस रौतेला ने जानकारी देते हुए बताया कि राज्य सूचना आयुक्त विपिन चंद्र द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम, 2005 की धारा-4 से संबंधित माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के पालन हेतु वार्ता की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से निर्धारित तिथि, स्थान व समय पर उपस्थित होकर कार्यशाला में प्रतिभाग करने की अपील की है।

# एयरोस्पेस इंजीनियरिंग का भविष्य मानव रहित विमान: डा. मिश्रा

देहरादून(। देश के वरिष्ठ वैज्ञानिक व रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन के पूर्व महानिदेशक डा. सुधीर कुमार मिश्रा ने कहा कि एयरोस्पेस इंजीनियरिंग के भविष्य की तमाम सम्भावनाएं मानव रहित विमानों से जुड़ी हैं। इसलिए मानव रहित विमान का क्षेत्र रोजगार की भी अपार सम्भावनाएं समेटे हुए है।

डा. सुधीर कुमार मिश्राा ग्राफिक एरा डीम्ड यूनिवर्सिटी में भारतीय एयरोस्पेस और रक्षा उद्योग की बदलती गतिशीलता के विषय पर आयोजित कार्यशाला को सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने हवाई जहाजों और मिसाइलों की बनावट, उपयोगों और कार्यप्रणाली पर विस्तार से चर्चा की।

डा. मिश्रा ने देश में हवाई जहाजों की गुणवत्ता बनाए रखने की चुनौतियों का उल्लेख करते हुए बताया कि विमान सुरक्षा एक महत्वपूर्ण पहलू है। इसमें छोटी से छोटी खराबी के भी गम्भीर परिणाम हो सकते हैं। इस कार्य को करने के लिए इंजीनियरों का कुशल होना आवश्यक है। छात्र–छात्राओं के प्रश्नों के उत्तर देते हुए डा. मिश्रा ने भावी इंजीनियरों के लिए जरूरी विशेषताएं भी बताई। पढ़ाई के साथ–साथ व्यक्तिगत स्वच्छता और मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य पर ध्यान देने की भी बात कही। उन्होंने छात्र–छात्राओं को इंजीनियरिंग से जुड़े इतिहास को पढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यशाला का आयोजन ग्राफिक एरा के एयरोस्पेस इंजीनियरिंग डिपार्टमेण्ट ने किया था।

कार्यशाला में ग्राफिक एरा हिल यूनिवर्सिटी के कुलपति डा. संजय जसोला, एचओडी डा. सुधीर जोशी, प्रो. रित्विक डोबरियाल और पुनीत गुप्ता भी मौजूद रहे।

## सम्पादकीय

# चरम पर अश्लीलता, सरकार बेबस

शायद अब समय आ गया है कि केंद्र सरकार सोशल मीडिया पर लगाम कसने की तैयारी शुरू करे। असल में जिस प्रकार से सोशल मीडिया पर सांप्रदायिक सद्भाव खराब करने के लिए वीडियो पोस्ट किए जा रहे हैं वह काफी चिंताजनक है। अधिकांश वीडियो पूर्वाग्रह एवं पूर्व नियोजित तरीके से पोस्ट किए जाते हैं ताकि लाइक्स और व्यू का खेल बरकरार बना रहे। इधर देवभूमि उत्तराखंड के हरिद्वार हर की पैड़ी से एक ऐसा वीडियो वायरल हुआ है जिसमें एक फक्कड़ साधु हिंदू एवं ब्राह्मणों के लिए बेहद आपत्तिजनक एवं अनर्गल बातें बोल रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद सरकार भी हरकत में आई है और जिला पुलिस ने पोस्ट की जांच शुरू कर दी । निश्चित तौर पर इस प्रकार के वीडियो बंद होनी चाहिए और यह तभी संभव हो सकेगा जब सरकार सोशल मीडिया को लेकर बेहद कड़ाई से गाइडलाइन जारी करें एवं फेसबुक तथा दूसरे प्लेट-फार्म पर शिकंजा कसे। हर की पैड़ी से जो वीडियो वायरल हुआ है, उसमें अभी फिलहाल प्रारंभिक जांच में यह स्पष्ट हुआ है कि फक्कड़ साधु को नशे का सेवन करने के बाद व्यूज बढाने के लिए इस प्रकार की अनर्गल बातें प्रसारित करवाई गई। हरिद्वार पुलिस इस वीडियो को लेकर हरकत में आ गई है तथा मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। जल्द ही पुलिस आरोपी तक भी पहुंचेगी लेकिन सबसे महत्वपूर्ण यह है कि इस प्रकार के मामलों में जब तक कड़ी सजा का प्रावधान नहीं होगा तब तक इस प्रकार की सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ने वाली हरकत सामने आती रहेगी। वर्तमान दौर में सोशल मीडिया जहां एक तरफ आम लोगों की समस्या उठाने का सबसे कारगर हथियार साबित हुआ है तो वही समाज में अश्लीलता फैलाने के सारे रिकॉर्ड भी धराशाई हो रहे हैं। नग्नता एवं अभद्रता से भरे हुए पोस्ट दिखाई दे रहे हैं तो वही खुलेआम अश्लील शब्दों से भरे पोस्ट भी लोड किया जा रहे हैं। अकेले देवभूमि में ही ऐसे कुछ ब्लॉगर्स हैं जो बेहद असली जोक्स एवं गालियों से भरे रील बना रहे हैं। क्या ऐसी कोई गाइडलाइन नहीं है जिसके तहत इस प्रकार के अश्लील एवं सांप्रदायिक सौहार्द बिगड़ने वाले वीडियो पर बैन लगाया जा सके। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि इस प्रकार की वीडियो बनाने वालों के खिलाफ संगीन आपराधिक वारदातों के समान ही कार्रवाई होनी चाहिए। हरिद्वार पुलिस ने निश्चित तौर पर हिंदुओं एवं ब्राह्मणों को अपशब्द कहे जाने वाले इस फक्कड़ साधु के वीडियो पोस्ट पर त्वरित कार्रवाई करते हुए बिगड़ते माहौल को संभालने का प्रयास किया है लेकिन तब तक यह प्रयास सफल नहीं माना जाएगा जब तक ऐसे वीडियो बनाने वालों को उचित दंड नहीं मिलेगा। फेसबुक एवं दूसरे सोशल मीडिया प्लेट-फॉर्म के लिए हिंदुस्तान कमाई का एक बड़ा मैदान है और सबसे अधिक गंदगी भी यही परोसी जा रही है। सभ्यता एवं शालीनता को तो मानो ताक पर रखते हुए उसका चीरहरण ही कर दिया गया है। सामान्य घरों के लोग भी अश्लीलता के इस धंधे में खुलकर वीडियो पोस्ट कर रहे हैं, इन्हें न तो समाज की चिंता है और ना ही अपने परिजनों की कोई शर्म। गंदगी का यह कारोबार तभी थम सकता है जब केंद्र सरकार अश्लील एवं अभद्र भाषा वाले वीडियो पोस्ट को अपराध करार देगी। लेकिन क्या विदेश की धरती से चलने वाले इन सोशल प्लेटफॉर्म पर सरकार नियंत्रित कर सकेगी यह एक बड़ा प्रश्न चिन्ह है?

# अनाजः आंकड़े और अंतर्विरोध

अनाज पैदावार के वास्तविक आंकड़ों के आने के बाद ही सरकार के ताजा अनुमानों की पुष्टि हो सकेगी। इस बीच यह आवश्यकता जरूर है कि सरकार आंकड़े जुटाने और अनुमान लगाने के अपने सिस्टम को बेहतर बनाए, ताकि पिछले वर्ष जैसी स्थिति आगे ना हो।

केंद्रीय कृषि मंत्रालय ने अपने ताजा आंकड़ों के जरिए अंदाजा लगाया है कि 2022–23 में अनाज की रिकॉर्ड पैदावार हुई। इस अनुमान के मुताबिक अनाज की कुल पैदावार 32 करोड़ 90 लाख टन हुआ है। यह 2021–22 की तुलना में 4.5 प्रतिशत ज्यादा है। हालांकि बढ़ोतरी चावल और गेहूं की पैदावार में भी हुई, लेकिन सबसे ज्यादा वृद्धि मोटे अनाजों के मामले में दर्ज हुई। यह वृद्धि 12 प्रतिशत तक रहने की बात कही गई है। हालांकि दलहन की पैदावार पिछले वर्ष की तुलना में 4.4 प्रतिशत गिरी, लेकिन पांच वर्ष के औसत से तुलना करें, तो उसमें भी छह फीसदी की बढ़ोतरी नजर आती है। इन आंकड़ों ने कृषि क्षेत्र के प्रदर्शन पर नजर रखने वाले विशेषज्ञों को चौंकाया है।

यह सवाल सहज ही उठा है कि कृषि पैदावार इतनी दुरुस्त है, तो देश में खाद्य मुद्रास्फीति इतनी ऊंची क्यों बनी हुई है? और सरकार को कुछ फसलों के निर्यात पर रोक क्यों लगानी पड़ी? फिर ओर भी ध्यान जाता है कि पिछले साल सरकार ने गेहूं की पैदावार के बारे में गलत अंदाजा लगाया था, जिस कारण पहले लगाए गए अनुमान की तुलना में वास्तविक पैदावार कम रही थी। केंद्र ने पूर्व अनुमान के आधार पर ही यह एलान कर दिया कि यूक्रेन युद्ध के कारण विश्व बाजार में हुई गेहूं की कमी की पूर्ति भारत करेगा। लेकिन बाद उसे निर्यात रोकने का निर्णय लेना पड़ा। तब कम पैदावार के कई कारणों का जिक्र किया गया था। 2022–23 में भी कई ऐसे कारण हैं, जो सरकार के अनुमान पर संदेह का कारण बन रहे हैं। मसलन, इस वर्ष कई राज्यों में मानसून की बारिश सामान्य से कम रही है, और कई राज्यों में बाढ़ से नुकसान हुआ है। दरअसल, सरकारी अधिकारी घरेलू बाजार में अनाज की महंगाई का कारण इन्हीं तथ्यों को बताते रहे हैं। जाहिर है, ऐसे में पैदावार के वास्तविक आंकड़ों के आने के बाद ही सरकार के ताजा अनुमानों की पुष्टि हो सकेगी। इस बीच यह आवश्यकता जरूर है कि सरकार आंकड़े जुटाने और अनुमान लगाने के अपने सिस्टम को बेहतर बनाए, ताकि पिछले वर्ष जैसी स्थिति आगे ना हो।

# कहीं आप भी तो खाली पेट चाय पीने की नहीं करते हैं भूल,गैस, एसिडिटी से लेकर हो सकती है ब्लोटिंग तक की समस्या

चाय का नाम सुनकर ही दिल और दिमाग में ताजगी भर जाती है. देखा जाए तो केवल इंडिया ही नहीं चाय के दीवाने पूरी दुनिया में मौजूद हैं. चाय शरीर को ताजा और एक्टिव रखने के साथ साथ एनर्जी देती है लेकिन चाय को अगर खाली पेट पिया जाए तो ये सेहत को नुकसान भी पहुंचा सकती है. आपने भी कई बार लोगों को कहते सुना होगा कि चाय के साथ कुछ खा लिया करो. दरअसल खाली पेट चाय पीना सेहत के लिए सही नहीं है. चलिए जानते हैं कि खाली पेट चाय पीने से शरीर को किस तरह का नुकसान होता है और चाय पीने का सही समय क्या है. दरअसल चाय के बारे में कहा जाता है कि स्वभाव से चाय का नेचर एसिडिक होता है. अगर आप खाली पेट चाय पिएंगे तो आपके शरीर के भीतर एसिडिक प्रोसेस पर बुरा असर होगा ।

# क्या विपक्षी गठबंधन में सब ठीक है?

**बहरहाल, विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' का जो विवाद अभी दिख रहा है उस आधार पर किसी नतीजे पर पहुंचने की जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए। क्योंकि अखिलेश यादव जो कह रहे हैं या नीतीश कुमार ने बिहार में जो कहा या सीपीएम का जो स्टैंड है वह सबकी अपनी अपनी राजनीति को लेकर है। हां, यह जरूर है कि अभी 'इंडिया' में सब कुछ ठीक नहीं लग रहा है। लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि विपक्षी गठबंधन बिखरने जा रहा है और सभी पार्टियां मिल कर लोकसभा का चुनाव नहीं लड़ सकती हैं। यह सही है कि विपक्षी गठबंधन की आखिरी बैठक 31 अगस्त और एक सितंबर को मुंबई में हुई थी। उसके बाद से कोई बैठक नहीं हुई है। समन्वय समिति की एक बैठक 13 सितंबर को हुई थी, जिसमें भोपाल में विपक्ष की साझा रैली करने की सहमति बनी थी लेकिन वह रैली भी टल गई क्योंकि मध्य प्रदेश के अध्यक्ष कमलनाथ चुनावी सीजन में ऐसे नेताओं से दूर रहना चाहते थे, जो सनातन का विरोध कर रहे थे। समन्वय समिति में टिकट बंटवारे को लेकर भी चर्चा हुई थी और कहा जा रहा था कि 31 अक्टूबर तक इस बारे में शुरुआती फैसला हो जाएगा। लेकिन अभी उस दिशा में भी काम आगे नहीं बढ़ा है।**

अजीत द्विवेदी

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मध्य प्रदेश में विधानसभा की कुछ सीट नहीं देने के लिए कांग्रेस को निशाना बनाया तो कहा गया कि विपक्षी गठबंधन में फूट पड़ गई और यह टूट सकता है। उधर बिहार में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने भी कांग्रेस पर हमला किया तब भी यही कहा गया कि गठबंधन टूट सकता है और विपक्षी गठबंधन में सब कुछ ठीक नहीं है। इससे पहले वामपंथी पार्टियों ने अपने असर वाले राज्यों में तालमेल से इनकार किया तब भी विपक्षी गठबंधन में सब कुछ ठीक नहीं होने की खबरें चलीं। आम आदमी पार्टी को लेकर रोज आशंका जताई जाती है कि अरविंद केजरीवाल किसी भी समय विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' को गच्चा दे सकते हैं। इस तरह की घटनाएं भाजपा के गठबंधन में भी हो रही हैं। हाल ही में तमिलनाडु में अन्ना डीएमके ने भाजपा से तालमेल तोड़ लिया है। आंध्र प्रदेश में पता ही नहीं चल रहा है कि भाजपा और टीडीपी का तालमेल होगा या परदे के पीछे से भाजपा वाईएसआर कांग्रेस से तार जोड़े रहेगी। पंजाब में भी अकाली दल के साथ उसका गठबंधन नहीं हो रहा है तो बिहार में लोक जनशक्ति पार्टी के दोनों खेमों में घमासान चल रहा है, जिसकी पंचायत भाजपा को करनी है। हैरानी की बात है कि इसके बावजूद एनडीए के बिखरने या सब कुछ ठीक नहीं होने की खबरें नहीं आती हैं। यह भारतीय मीडिया का चरित्र है वह सत्तापक्ष की कमियां नहीं बता सकती है।

बहरहाल, विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' का जो विवाद अभी दिख रहा है उस आधार पर किसी नतीजे पर पहुंचने की जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए। क्योंकि अखिलेश यादव जो कह रहे हैं या नीतीश कुमार ने बिहार में जो कहा या सीपीएम का जो स्टैंड है वह सबकी अपनी अपनी राजनीति को लेकर है। हां, यह जरूर है कि अभी 'इंडिया' में सब कुछ ठीक नहीं लग रहा है। लेकिन इसका यह मतलब नहीं है कि विपक्षी गठबंधन बिखरने जा रहा है और सभी पार्टियां मिल कर लोकसभा का चुनाव नहीं लड़ सकती हैं। यह सही है कि विपक्षी गठबंधन की आखिरी बैठक 31 अगस्त और एक सितंबर को मुंबई में हुई थी। उसके बाद से कोई बैठक नहीं हुई है। समन्वय समिति की एक बैठक 13 सितंबर को हुई थी, जिसमें भोपाल में विपक्ष की साझा रैली करने की सहमति बनी थी लेकिन वह रैली भी टल गई क्योंकि मध्य प्रदेश के अध्यक्ष कमलनाथ चुनावी सीजन में ऐसे नेताओं से दूर रहना चाहते थे, जो सनातन का विरोध कर रहे थे। समन्वय समिति में टिकट बंटवारे को लेकर भी चर्चा हुई थी और कहा जा रहा था कि 31 अक्टूबर तक इस बारे में शुरुआती फैसला हो जाएगा। लेकिन अभी उस दिशा में भी काम आगे नहीं बढ़ा है।

इसका कारण यह है कि कांग्रेस इस समय विपक्षी गठबंधन की बैठक और सीट बंटवारे के काम में नहीं उलझाना चाहती है। इस समय पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव चल रहे हैं, जिसमें कांग्रेस का बहुत कुछ दांव पर लगा है। गठबंधन की बाकी पार्टियां इन राज्यों में नहीं हैं इसलिए उनकी चिंता आगे के चुनाव की है, जबकि कांग्रेस को इन पांच राज्यों की चिंता है। उसके सारे नेता राज्यों के उम्मीदवारों के चयन, रणनीति बनाने और प्रचार में बिजी हैं। इसलिए वे गठबंधन के बारे में नहीं सोच रहे हैं। दूसरी बात यह है कि कांग्रेस पांच राज्यों के चुनाव नतीजों से पहले विपक्षी पार्टियों के साथ सीट बंटवारे में नहीं पड़ना चाहती थी। कांग्रेस को लग रहा है कि पांच राज्यों में उसका प्रदर्शन बहुत अच्छा होगा और उसके बाद वह मोलभाव करने की बेहतर स्थिति में होगी। हालांकि यह जोखिम लेने वाली बात है क्योंकि अगर पांच राज्यों में कांग्रेस का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा तो उसकी मोलभाव करने की क्षमता कम भी हो सकती है और तब विपक्षी पार्टियां उस पर ज्यादा हावी हो जाएंगे। फिर भी कांग्रेस सोच समझ कर यह जोखिम ले रही है।

जहां तक बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की नाराजगी का सवाल है तो उसका मुख्य कारण यह है कि नीतीश ने ही विपक्षी गठबंधन बनाने की पहल की थी और पहली बैठक पटना में कराई थी। तभी से वे उम्मीद कर रहे हैं कि उनको विपक्षी गठबंधन का समन्वयक या संयोजक बनाया जा सकता है। लेकिन तीन बैठकों के बाद भी इस बारे में फैसला नहीं हुआ। इससे वे आहत हैं। तभी वे बिहार में कांग्रेस कोटे से एक और मंत्री बनाने का फैसला भी नहीं कर रहे हैं। इससे प्रदेश स्तर पर नाराजगी बढ़ रही है। यह भी कहा जा रहा है कि राजद और जदयू दोनों मिल कर कांग्रेस को कम से कम सीटें देना चाहते हैं। इसलिए कांग्रेस की ओर से भी दबाव की राजनीति हो रही है। तभी नीतीश कुमार ने बिहार में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की मौजूदगी में एक कार्यक्रम में कह दिया कि भाजपा नेताओं के साथ उनकी दोस्ती कभी खत्म नहीं होगी। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस की मनमोहन सिंह सरकार ने केंद्रीय विश्वविद्यालय के बारे में उनकी बात नहीं सुन रही थी, जबकि 2014 में बनी सरकार ने उनकी बात सुन ली। यह कांग्रेस पर दबाव बनाने की रणनीति के तहत उन्होंने कहा क्योंकि सबको पता है कि बिहार में दो केंद्रीय विश्वविद्यालय बनाने की मंजूरी कांग्रेस सरकार के समय ही हुई थी।

अखिलेश यादव की नाराजगी का कारण भी स्थानीय है। वे उत्तर प्रदेश में प्रदेश कांग्रेस की ओर से चलाए जा रहे अभियानों से आहत हैं। राज्य में कांग्रेस पार्टी दलित गौरव यात्रा निकाल रही है तो कांग्रेस के नेता मायावती से तालमेल के बारे में बात भी कर रहे हैं। इसी बीच कांग्रेस ने मध्य प्रदेश में समाजवादी पार्टी के लिए उसकी मांगी सीटें नहीं छोड़ीं तो अखिलेश यादव ने कहना शुरू कर दिया कि अगर राज्यों में गठबंधन नहीं हो सकता है तो राष्ट्रीय स्तर पर कैसे गठबंधन होगा। उन्होंने यह भी कहा कि कांग्रेस का रवैया यही रहा तो उस पर कौन भरोसा करेगा। हालांकि बाद में वे मान गए और विवाद खत्म किया। लेकिन इस बीच कांग्रेस और सपा नेताओं की ओर से भारी कटुता वाले बयान दिए गए थे। तभी यह कहा जाने लगा था कि विपक्षी गठबंधन बिखरने वाला है। लेकिन असल में ऐसा नहीं है। हर गठबंधन में पार्टियां बेहतर मोलभाव के लिए दबाव बनाती हैं और अंत में अपना हित देखते हुए समझौता करती हैं। 'इंडिया' के भीतर भी आखिरी समय तक यह खींचतान चलती रहेगी।

# भाजपा अनमनी,कांग्रेस जिंदा

**हरिशंकर व्यास**

यह विधानसभा चुनाव 2023 की हकीकत और खूबी है। भाजपा में शिवराजसिंह अनमने है तो वसुंधरा राजे व रमनसिंह भी है। इनके साथ प्रादेशिक नेता भी अनमने माने जा सकते है। ठिक विपरित कमलनाथ, अशोक गहलोत व भूपेश बघेल के चेहरों को देख कर कोई नहीं कहेगा कि वे चुनाव में बूझे मन से है। निश्चित ही नरेंद्र मोदी और अमित शाह सतह के नीचे चुनावी जादू–मंतर बुनते–गुनते हुए होंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को विश्वास है किविधानसभा चुनावों में उनका जादू चलेगा। आखिर मोदी के मन में हिंदी प्रदेश है तो एमपी, राजस्थान और छतीसगढ़ के मन में भी मोदी! उनकीएक ऊंगली में चुनाव जीतने का सुदर्शन चक्रहै और अमित शाह शाह उनके चुनावी रथ के एकलौते सारथी! तभी पार्टी का, प्रदेश नेताओं, संगठन व कार्यकर्ताओं का क्या अर्थ? सभी अनमने, बुझे मन से बस चुनाव लड़ते हुए। चुनाव लडने के मानों औपचारिक चेहरे।

मध्यप्रदेश के विधानसभा क्षेत्रों में भाजपा के विजयरथ घूमने शुरू हो गए है। इन पर नारा लिखा है– मोदी के मन में बसता है एमपी और एमपी के मन में मोदी। साथ ही प्रधानमंत्री की मध्यप्रदेश के लोगों के नाम पर लिखी चिट्ठी भी बंट रही है। फोटो, पोस्टर सबमें नरेंद्र मोदी का चेहरा सबसे बड़ा और केंद्र में। उनके अगल–बगल में डाकटिकट जैसे आठ चेहरें। जैसे शिवराजसिंह चौहान, कैलाश विजयवर्गीय, नरेंद्रसिंह तोमर, ज्योतिरादित्य, प्रहलाद्ध पटेल आदि। उम्मीदवार दिल्ली से, नारे दिल्ली से और सारा कैंपेन दिल्ली में डिजाईन। शिवराजसिंह चौहान यों भाषण दे रहे है, घूम रहे है पर वे भी यह जतलाते हुए है कि वे भी मोदीजी के मन में शायद बसे हुए है।

जानकारों की फीडबैक के अनुसार तमाम मंत्री, पुराने नेता अपने चुनावी पोस्टरों में केवल नरेंद्र मोदी का फोटो छपवा रहे है। अधिकांश उम्मीदवार नरेंद्र मोदी के साथ अपने चेहरे चिपका कर चुनावी पोस्टर बनाए तो आश्चर्य नहीं होगा।



**मध्यप्रदेश में हर किसी से यह फीडबैक है कि कमलनाथ व दिग्विजयसिंह की बनवाई उम्मीदवार लिस्ट भाजपा के मुकाबले ज्यादा दमदार है। भाजपा के तमाम दिग्गजों का पसीना बहेगा। कमलनाथ ने टिकटार्थियों की प्रतिस्पर्धा के बीच सबको पहले से समझाया हुआ था कि जनता के बीच लोकप्रियता की कसौटी के सर्वे अनुसार ही टिकट होगा। न टिकट ऊपर से थौपे जाएगें और न पैसे के लेन–देन में टिकट बिकेंगे। कमलनाथ ने लगातार सर्वे करवा कर, विधानसभा क्षेत्रों के दांवेदारों से पारदर्शिता रख कांग्रेस में जो व्यवस्था बनाई उसमें मेरा मानना है कि प्रदेश में कांग्रेस न केवल जिंदा है बल्कि वह चुनाव अधिक जीवतंता से लड़ते हुए है।**

इसके ठिक विपरित कांग्रेस में स्थिति है। मध्यप्रदेश में हर किसी से यह फीडबैक है कि कमलनाथ व दिग्विजयसिंह की बनवाई उम्मीदवार लिस्ट भाजपा के मुकाबले ज्यादा दमदार है। भाजपा के तमाम दिग्गजों का पसीना बहेगा। कमलनाथ ने टिकटार्थियों की प्रतिस्पर्धा के बीच सबको पहले से समझाया हुआ था कि जनता के बीच लोकप्रियता की कसौटी के सर्वे अनुसार ही टिकट होगा। न टिकट ऊपर से थौपे जाएगें और न पैसे के लेन–देन में टिकट बिकेंगे। कमलनाथ ने लगातार सर्वे करवा कर, विधानसभा क्षेत्रों के दांवेदारों से पारदर्शिता रख कांग्रेस में जो व्यवस्था बनाई उसमें मेरा मानना है कि प्रदेश में कांग्रेस न केवल जिंदा है बल्कि वह चुनाव अधिक जीवतंता से लड़ते हुए है। दो प्रदेशों में यह साफ दिख रहा है कि कांग्रेस ने जो चेहरे तय किए है उससे पार्टीजनों में विश्वास बना है।भूपेश बघेल और कमलनाथ दोनों ने अपने चेहरे और वचनपत्र (याकि घोषणापत्र) के जरिए लोगों का वह भरोसा, वह विश्वास बनाया है कि वे खुद, प्रदेश संगठन और कार्यकर्ता एकजुटता से चुनाव लडने में अपने आपको झौके रहेंगे।

ऐसा भाजपा में नहीं है। मध्यप्रदेश, राजस्थान और छतीसगढ तीनों राज्यों में कांग्रेस के उम्मीदवारों की लिस्ट प्रदेश और केंद्रीय नेतृत्व की पारदर्शी, बेबाक एप्रोच से बेहतर बनती लग रही है। राजस्थान में जरूर दिक्कत है लेकिन पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी ने केंद्रीय स्तर पर जैसी कवायद कराई है वह कांग्रेस के सुधरने, बेहतर होने का संकेत है।

कोई न माने इस बात को, लेकिन मैं यह सुनकर हैरान हूं कि प्रदेश स्तर पर, भाजपा के संगठन व संघ प्रभारियों के टिकटार्थियों के साथ व्यवहार में, केंद्रीय पदाधिकारियों के नामों को ले कर दुरूपयोग से झासेबाजी, लेन–देन और अव्यवस्था क्या गजब है! मैं यह सोच हैरान हूं कि सिर्फ दस वर्षों के ही सत्ता अनुभव में भाजपा–संघ का कैसा पतन हुआ जबकि कांग्रेस आज भी जिंदा है अपने पुराने ढर्रे और लोकलाज वाले व्यवहार में। शायद तभी कांग्रेस आईसीयू के बावजूद जिंदा है और वह कार्यकर्ताओं–नेताओं की अंदरूनी खींचतान, जीवंत राजनीति, अलग–अलग दबाव गुटों, धड़ों के चैल–बैलेंस वाला वह लोकतंत्र लिए हुए है जो मनमोहन सरकार के वक्त था तो राजीव गांधी व इंदिरा गांधी के वक्त भी था।

# वह फीनिक्स तो नहीं

राजशेखर चौबे

ठंड बढने के साथ ही चुनावी सरगर्मी भी बढ़ गई है । प्रत्याशियों की घोषणा हो रही है । नामांकन भरे जा रहे हैं । भोपाल में कांग्रेस की टिकट के लिए सलमान बनकर प्रदर्शन किए गए । जिस राजनीतिक दल में टिकट के लिए जितनी मारामारी होती है वही दल हमें बढ़त लिए हुए दिखता है । वैसे ज्यादातर सर्वे में मध्यप्रदेश में कांग्रेस की बढ़त बताई भी जा रही है । यही कारण है कि अखिलेश जी को अखिलेश वखिलेश सुनना पड़ा । इसके जवाब में उन्होंने सबसे महत्वपूर्ण प्रदेश के कांग्रेस अध्यक्ष को चिरकुट नेता बताकर हिसाब बराबर कर दिया । इस मामले में अखिलेश जी की नाराजगी वाजिब लगती है । समाजवादी पार्टी केवल एक राज्य में शेर है परंतु वहां भी सवा शेर मौजूद है । वहीं कांग्रेस कुछ गिने चुने राज्यों में विधानसभा चुनाव के लिए शेर है परंतु इन राज्यों में भी वह लोकसभा चुनाव में ढेर हो जाती है । कांग्रेस फीनिक्स पक्षी भी नहीं है । समाजवादी पार्टी की जो हैसियत मध्यप्रदेश में है वही हैसियत कांग्रेस की उत्तर प्रदेश में है । दोनों मेले में बिछड़े भाई नजर आते हैं । उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के पास एक लोकसभा सीट और मध्य प्रदेश में समाजवादी पार्टी के पास एक विधानसभा सीट है फिर भी इन दलों के नेताओं के दंभ में कोई कमी नहीं है । इन नेताओं का यही रवैया कायम रहा तो 2024 के आम चुनाव में इंडिया गठबंधन की हार तय है । राजधानी भोपाल में कांग्रेस की टिकट चाहने वालों ने शर्ट उतारकर प्रदर्शन किए । इधर कांग्रेस के दो बड़े नेता एक दूसरे के कपड़े उतारने को आतुर दिखे । कांग्रेस ने बढ़–चढ़कर फ्रीबिस की घोषणा की है । वहीं भाजपा भी पीछे नहीं है । रेवड़ी सत्ता प्राप्ति का प्रमुख साधन बन गया है। सभी राजनीतिक दल जनता के पैसे को जनता में लुटाकर दानवीर होना चाहते हैं । कांग्रेस ने असंतुष्टों को संतुष्ट करने के लिए विधान परिषद के गठन का वादा किया है । इस कदम से जो राजकोषीय घाटा होगा उसे कर्ज लेकर या टैक्स बढ़ाकर ही पूरा किया जा सकेगा ।

मालवा क्षेत्र हमेशा से भारतीय जनता पार्टी का गढ़ रहा है । छत्तीसगढ़ बनने के बाद 2018 के चुनाव को छोड़कर लगभग सभी चुनाव में मध्य प्रदेश में भाजपा का प्रदर्शन बेहतर रहा है । बीच के एक वर्ष को छोड़कर लगभग बीस बरस से भाजपा मध्य प्रदेश में काबिज है और शिवराज सिंह जी अठारह वर्ष मुख्यमंत्री रहे हैं । वे पिछड़े वर्ग से भी आते हैं । जाति जनगणना की मांग के बरक्स मंडल 2.0 के दौर में भी उनका नाम कोई नहीं ले रहा है यह भी एक विडम्बना है । उन्हें दरकिनार किया जा रहा है । मजबूरन उन्हें अपने आप को फीनिक्स पक्षी बताना पड़ा जो राख का ढेर होने के बाद भी पुनः उत्पन्न हो जाता है । वे फीनिक्स है या नहीं यह आने वाला वक्त ही बताएगा । मध्य प्रदेश में कोई भी दल जीते उनका जाना तय लग रहा है । भाजपा ने मोदी जी का भावुक पत्र – एम पी के मन में मोदी जारी किया है जिसमें जनता से 2014 और 2019 की तरह 2023 में भी भरपूर समर्थन की गुजारिश की गई है । वे मतदाता को भावुक कर प्रायः लुभा लेते हैं हालांकि 2018 में वे मध्य प्रदेश की जनता को लुभा नहीं सके थे । बाद में एक नेता को लुभाकर सरकार बदली गई ।

# खाने में कौन मिर्च इस्तेमाल करें जानें हरी या लाल, कौन है ज्यादा फायदेमंद?



खाने में मिर्च का इस्तेमाल बहुत किया जाता है. कोई भी डिश बनाना हो बिना मिर्च डाले स्वाद नहीं आता है. मिर्च में मौजूद कैप्सेसिन नामक यौगिक खाने को तीखा और मसालेदार बनाता है. इसलिए मिर्च के बिना खाना स्वादहीन लगता है. चाहे वो सब्जी हो, दाल, या फिर कोई भी नॉनवेज डिश, हर व्यंजन को स्वादिष्ट बनाने के लिए मिर्च का इस्तेमाल किया जाता है. लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि खाने में हरी मिर्च और लाल मिर्च जो डालते हैं उन दोनों में में से कौन सी ज्यादा फायदेमंद है? आइए यहां जानते हैं...

जानें क्यों है हरी मिर्च फायदेमंद

रिसर्च के अनुसार मिर्च में एंटीऑक्सीडेंट और अन्य पोषक तत्व भरपूर मात्रा में पाए जाते हैं. लेकिन मिर्च का नियमित सेवन सेहत के लिए हानिकारक साबित हो सकता है. हरी मिर्च में कैप्सैसिन की मात्रा लाल मिर्च की तुलना में कम होती है.जिससे यह पाचन तंत्र के लिए अधिक उपयुक्त होती है. हरी मिर्च में विटामिन सी, विटामिन ए, पोटेशियम, कैल्शियम और आयरन जैसे पोषक तत्व अधिक मात्रा में पाए जाते हैं. हरी मिर्च में एंटीऑक्सीडेंट गुण अधिक पाए जाते हैं जो कोशिकाओं को नुकसान से बचाते हैं. हरी मिर्च के नियमित सेवन से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ती है और स्वास्थ्य सुधरता है. इसलिए हरी मिर्च का सेवन लाल मिर्च के मुकाबले अधिक सुरक्षित माना जाता है.

हरी मिर्च वजन करता है कम

हरी मिर्च का सेवन पाचन तंत्र के लिए बहुत लाभदायक होता है. हरी मिर्च में उच्च मात्रा में फाइबर पाया जाता है जो पेट की समस्याओं को दूर करने में मदद करता है. फाइबर आंतों की गतिशीलता बढ़ाता है जिससे कब्ज दूर होता है. साथ ही हरी मिर्च में मौजूद एंजाइम्स भोजन के पाचन में मदद करते हैं. इसके अलावा हरी मिर्च में एंटी–बैक्टीरियल गुण भी होते हैं जो पेट की सूजन और संक्रमण से बचाते हैं. अतः नियमित रूप से हरी मिर्च का सेवन करने से पाचन तंत्र स्वस्थ बना रहता है.

ब्लड शुगर लेवल करता है कंट्रोल

हरी मिर्च में मौजूद एंटीऑक्सीडेंट गुण ब्लड शुगर लेवल को नियंत्रित करने में मददगार होते हैं. हरी मिर्च के नियमित सेवन से इंसुलिन की संवेदनशीलता बढ़ती है जिससे रक्त में ग्लूकोज का स्तर कम होता है.इसके अलावा, हरी मिर्च में कैप्साइसिन नामक यौगिक पाया जाता है जो पैंक्रियाज को इंसुलिन का उत्पादन करने के लिए प्रोत्साहित करता है. यह इंसुलिन संवेदनशीलता को बढ़ाकर ब्लड शुगर को कंट्रोल करने में मदद करता है.

## दशहरा मेले में हुआ विवाद, घर में घुसकर एक ही परिवार के 4 सदस्यों को मारी गोली

**मुजफ्फरपुर ,एजेंसी** । बिहार के मुजफ्फरपुर ज़िले के कटरा थाना क्षेत्र में अपराधियों ने एक घर में घुसकर एक ही परिवार के चार सदस्यों को गोली मार दी और फरार हो गए। सभी घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिसमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है।

पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि जजुआर क्षेत्र निवासी हेमा ठाकुर का परिवार बुधवार की रात्रि करीब 11 बजे खाना खाकर सोने की तैयारी कर रहे थे, तभी बाइक पर सवार होकर आए अपराधियों ने घर में घुसकर गोलीबारी कर दी।

इस घटना में हेमा ठाकुर, उनकी पत्नी मोती देवी, पुत्र अंकित कुमार और अमन कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से जख्मी लोगों को इलाज के लिए बैरिया स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना मिलने पर पहुंची स्थानीय पुलिस ने मामले की तहकीकात शुरू कर दी है। पुलिस ने घटनास्थल से आधा दर्जन से अधिक खोखा बरामद किया है। पुलिस उपाधीक्षक (पूर्वी) सहरियार अख्तर ने बताया के घटना को लेकर पूरी जानकारी ली है। उन्होंने घटना का कारण आपसी विवाद बताया है। बताया जाता है कि दशहरा मेले के दौरान इनका किसी से विवाद हो गया था। डीएसपी पूर्वी ने बताया कि इलाके की नाकेबंदी कर अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। सभी आरोपी फरार बताए जा रहे हैं।

## कोहरा बना काल: सड़क पर खड़े ट्रक से टकराई तेज रफ्तार एसयूवी, 12 लोगों की मौत

**चिक्कबल्लापुर ,एजेंसी** । बेंगलुरु के पास चिक्कबल्लापुर के बाहरी इलाके में बेंगलुरु-हैदराबाद राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर गुरुवार को एक एसयूवी के खड़े ट्रक से टकरा जाने से 12 लोगों की मौत हो गई। पुलिस के अनुसार, घटना में दो अन्य घायल हो गए और उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है, जहां उनकी हालत गंभीर बताई जा रही है।

उन्होंने बताया कि सुबह की धुंध की वजह से ड्राइवर देख नहीं सका और हादसा हो गया। चिक्काबल्लापुर के एसपी डी.एल. नागेश ने कहा कि एसयूवी पीछे से एक ट्रक से टकरा गई, इसमें 12 लोगों की मौत हो गई। मृतकों में दो महिलाएं और 10 पुरुष शामिल हैं। घटनास्थल का दौरा करने वाले एसपी ने कहा, पीड़ित आंध्र प्रदेश से आ रहे थे।

पुलिस ने कहा कि मृतक आंध्र प्रदेश के गोरंटला का रहने वाले था और बेंगलुरु के होंगसंद्रा में रहते थे। पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सात अन्य ने अस्पताल ले जाते समय रास्ते में दम तोड़ दिया।

## मणिपुर : लूटे गए 6 अत्याधुनिक हथियार बरामद, 4 लोग गिरफ्तार

**इंफाल ,एजेंसी** । मणिपुर में सुरक्षा बलों ने पिछले 24 घंटों में लूटे गए छह अत्याधुनिक हथियार बरामद किए हैं और दो आतंकवादियों और दो हथियारबंद लोगों सहित चार लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।पुलिस ने कहा कि संयुक्त सुरक्षा बलों ने थौबल जिले में दो सेल्फ-लोडिंग राइफल, एक इंसास राइफल और बड़ी मात्रा में गोला-बारूद और भारी मात्रा में विस्फोटक सहित छह अत्याधुनिक हथियार बरामद किए। पुलिस ने उग्रवादी संगठन यूनाइटेड नेशनल लिबरेशन फ्रंट के दो कट्टर कैडरों को भी गिरफ्तार किया और उनके पास से दो हथियारों के साथ कुछ गोला-बारूद भी बरामद किया गया।मणिपुर पुलिस ने चुराचंदपुर जिले में दो लोगों को दो हथियारों और कुछ गोला-बारूद के साथ गिरफ्तार किया है।

# वंदे भारत सहित 70,000 कोच बनाने वाली फैक्टरी को किनारे लगाने की तैयारी!




**नई दिल्ली, एजेंसी**। देश में अपनी स्थापना के 68 गौरवशाली वर्ष पूरे कर चुकी इंटीग्रल कोच फैक्टरी (आईसीएफ) चेन्नई, के कर्मचारियों में बेहद नाराजगी है। वजह, सरकार द्वारा वंदे भारत ट्रेन के 'स्लीपर सेट्स' को निजी कंपनी से तैयार कराना है। अहम बात ये है कि निजी कंपनी को आईसीएफ के भीतर ही काम करने की इजाजत दी गई है। एटक और आईसीएफ की ज्वाइंट एक्शन काउंसिल के प्रतिनिधियों का कहना है कि रेल मंत्रालय ने एक निजी कंपनी, टीटागढ़ रेल सिस्टम लिमिटेड के साथ एक समझौता किया है। रेलवे बोर्ड ने उपरोक्त निजी कंपनी को आईसीएफ में मौजूद संयंत्र, मशीनरी व डिजाइन आदि सहित परिसर की सभी सुविधाओं का उपयोग करने की अनुमति दी है। इसके खिलाफ, आईसीएफ ऑल यूनियन ज्वाइंट एक्शन काउंसिल ने आंदोलन शुरू कर दिया है। कर्मियों का कहना है कि वंदे भारत ट्रेन सहित 70,000 कोच तैयार करने वाली फैक्टरी को साइड लाइन करने की तैयारी हो रही है। आखिर सरकार, निजी कंपनी पर भरोसा क्यों जता रही है।

आईसीएफ की ज्वाइंट एक्शन काउंसिल ने 20 सितंबर को फैक्टरी के जीएम के समक्ष अपनी बात रखी है। जीएम को भेजे पत्र में आईसीएफ और उसके कर्मियों के भविष्य को लेकर चिंता जाहिर की गई है। वजह, रेलवे के बड़े नीतिगत निर्णयों में वंदे भारत ट्रेन सेट्स का निर्माण और रखरखाव, इसे प्राइवेट क्षेत्र को सौंपा जा रहा है। आईसीएफ चेन्नई ने इस फैक्टरी ने डिजाइन, गुणवत्ता और संख्यात्मक मामले में खुद को साबित कर दिखाया है। एटक महासचिव अमरजीत कौर ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखा है। इसमें कहा गया है कि रेल कोच निर्माण का निजीकरण, देश हित में नहीं है। इस फैसले को वापस लिया जाना चाहिए। एटक का दृढ़ मत है कि आईसीएफ के परिसर में कोच निर्माण और कोचों के रखरखाव का निजीकरण करना, राष्ट्र हित के खिलाफ है। रेल मंत्रालय द्वारा इस तरह का कदम उठाने के पीछे आईसीएफ प्रबंधन की ओर से यह वजह बताई जा रही है कि मौजूदा मैनपावर के साथ उत्पादन लक्ष्य पूरा नहीं किया जा सकता है।

अमरजीत कौर ने कहा, अगर आईसीएफ चेन्नई में विभिन्न श्रेणियों के तहत 1400 से अधिक रिक्तियां हैं, तो उन पदों को भरने की मंजूरी देना रेलवे बोर्ड का काम है। रेलवे बोर्ड और निजी उद्योग के बीच हस्ताक्षरित दस्तावेज बताते हैं कि आईसीएफ की उत्पादन क्षमता से लेकर बाकी सभी सुविधाओं का इस्तेमाल, निजी कंपनी द्वारा किया जाएगा।

निजी कंपनी को आईसीएफ डिजाइन और ड्राइंग का उपयोग करने की भी स्वतंत्रता होगी। ऐसे में यह बात समझ से परे है कि रेलवे बोर्ड को आईसीएफ की कीमत पर निजी कॉरपोरेट्स को संरक्षण क्यों देना चाहिए। ऐसा निर्णय लेने से पहले ट्रेड यूनियनों से चर्चा नहीं की गई। एटक मांग करती है कि देशहित में यह फैसला वापस लिया जाए। विनिर्माण प्रणाली और रेलवे कोचों की गुणवत्ता पर इसका दूरगामी प्रभाव पड़ेगा। सरकारी स्वामित्व वाले आईसीएफ परिसर के भीतर निजी कंपनी के साथ वंदे भारत ट्रेन सेट के लिए विनिर्माण/रखरखाव समझौते को रद्द किया जाए।

इस फैक्टरी ने डिजाइन, गुणवत्ता और संख्यात्मक मामले में खुद को साबित कर दिखाया है। आईसीएफ, अपने मेहनती स्टाफ की वजह से किसी भी बड़े लक्ष्य को प्राप्त करने में सक्षम है। इसी के चलते आईसीएफ प्रबंधन और रेलवे के साथ कर्मियों का सहयोगी रिश्ता रहा है। इस फैक्टरी ने 70,000 से अधिक कोच बनाए हैं, जो दुनिया में किसी भी रेल कोच निर्माता द्वारा सबसे अधिक हैं।

आईसीएफ ने भारतीय रेलवे के लिए किफायती दरों पर एलएचबी कोच तैयार किए हैं। वर्ष 2019-20 के दौरान आईसीएफ ने 3419 एलएचबी कोच बनाने का उच्च स्तर हासिल किया है। इसके अलावा आईसीएफ में डीएमयू, ईएमयू, मेमू कोच और विस्टाडोम कोच भी तैयार किए हैं।

कोलकाता मेट्रो के लिए भी आईसीएफ ने ही कोच तैयार किए थे। साथ ही 15 देशों में 850 कोच निर्यात किए गए हैं। आईसीएफ ने स्वदेशी तकनीक से वंदे भारत ट्रेन सैट्स का मॉडल तैयार करने में सफलता हासिल की थी। ज्वाइंट एक्शन काउंसिल का कहना है कि ये सफलता दिखाती है कि आईसीएफ ने खुद को तकनीक एवं कार्यप्रणाली के मोर्चे पर सदैव अपडेट रखा है। आईसीएफ, स्व-चालित कोचों के निर्माण में अग्रणी है। देश में ईएमयू, मेमू, स्पार्ट, ओएचई टावर कार, स्पिक और डेमू भी इस फैक्टरी द्वारा तैयार हो रहे हैं। 2018-19 में, इस फैक्टरी ने भारत का पहला सेमी हाई स्पीड ट्रेन सेट बनाकर एक बड़ी छलांग लगाई। वंदे भारत एक्सप्रेस, जिसे प्रधानमंत्री मोदी द्वारा नई दिल्ली से वाराणसी के लिए हरी झंडी दिखाई गई, यह रैक आईसीएफ द्वारा तैयार किया गया।

वंदे भारत एक्सप्रेस का दूसरा रेक भी मई, 2019 के दौरान आईसीएफ ने ही तैयार किया था। मेक इन इंडिया परियोजना के तहत आईसीएफ द्वारा निर्मित 80 प्रतिशत स्वदेशी इनपुट के साथ 16 कोच वाली सेमी-हाई स्पीड ट्रेन सेट में 16 कोच होते हैं। बेहतर सुविधाओं के साथ वंदे भारत एक्सप्रेस रेक का संस्करण 2.0 आईसीएफ में शुरू किया गया था।

आईसीएफ द्वारा फाइनल किए गए डिजाइन को आरडीएसओ ने पास किया है। वंदे भारत ट्रेन के नए सेट, जो 180 किलोमीटर प्रतिघंटे की रफ्तार पर दौड़ेगा, उसकी टेस्टिंग हो चुकी है। दूसरी तरफ प्राइवेट क्षेत्र की कंपनी इस तरह का कोई नया बदलाव नहीं कर रही हैं। अगर सौ फीसदी स्वदेशी तरीके से वंदे भारत ट्रेन के 16 रैकों में से एक रैक तैयार करना है, तो उसके लिए आईसीएफ को 182 डायरेक्ट तकनीशियन, 27 सहयोगी स्टाफ और 18 तकनीशियन सुपरवाइजर, कुल मिलाकर 227 ग्रुप सी कर्मचारी चाहिएं। आईसीएफ में एक सितंबर 2022 की स्थिति के अनुसार 1419 पद रिक्त हैं। ये रिक्तियां कुल संख्या का 22.2 प्रतिशत हैं। हेल्पर वर्ग में भी करीब छह सौ पद, कई वर्षों से नहीं भरे गए।

ज्वाइंट एक्शन काउंसिल के मुताबिक, रेल मंत्री ने 28 जुलाई 2023 को संसद में बताया था कि भारतीय रेलवे के नेटवर्क पर 50 वंदे भारत ट्रेन की सर्विसेज जारी है। इन सेवाओं पर कुल 1343.72 करोड़ रुपये खर्च किए गए हैं। वंदे भारत ट्रेन के 25 रैकों में 14, सोलह कार रैक और 11, आठ कार रैक शामिल हैं। एक वंदे भारत, 16 कार रैक पर 70 करोड़ रुपये खर्च होते हैं। यह खर्च प्राइवेट कंपनी से रैक खरीदने '120 करोड़ रुपये' की तुलना में काफी कम है। अब आईसीएफ का संस्थागत ढांचा जैसे फैक्टरी शेड, न्यू व्हील लाइन, पेंट बूथ, कमीशनिंग शेड, ईओटी क्रेन, दिन प्रतिदिन के काम के लिए स्टोर, बिजली सप्लाई, निशुल्क कम्प्रेस्ड एयर व पानी, कंटीन सुविधा, विशेष तकनीशियन, और टेकनीकल सुपरवाइजर एवं अन्य सुविधाओं का इस्तेमाल प्राइवेट कंपनी द्वारा किया जाएगा। इस दौरान आईसीएफ की स्टाफ संख्या को 16 हजार से 10 हजार रुपये पर लाया जा सकता है।

### इजरायल की हमास पर बड़ी सर्जिकल स्ट्राइक

## बख्तरबंद गाड़ियां लेकर गाजा में घुसकर किया हमला




**यरूशलम, एजेंसी।** इजरायली सेना ने गाजा में बड़ी सर्जिकल स्ट्राइक को अंजाम दिया है और हमासे के कई ठिकाने नष्ट कर दिए हैं। बताया जा रहा है कि इजरायली सेना बख्तरबंद गाड़ियों से गाजा में घुसी और टैंकों से गोले दागे। हमास के ठिकानों को तबाह करने के बाद इजरायली सेना लौट भी आई है। हमास के लड़ाकों को सबक सिखाने के लिए यह सबसे बड़ी कार्रवाई मानी जा रही है। हालांकि इस संबंध में हमास की ओर से कोई भी बयान नहीं आया है।

गौरतलब है कि सात अक्तूबर से इजरायल और हमास के बीच युद्ध चल रहा है। यह जंग अभी तक किसी भी अंजाम तक नहीं पहुंची है, लेकिन दोनों ओर से लगातार हमले किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में इजरायली सेना ने गाजा में घुसकर हमास को सबक सिखाया है। उधर, गाजा में हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों में कम से कम 138 के पास विदेशी नागरिकता है। इजरायल डिफेंस फोर्स के प्रवक्ता डेनियल हगारी ने सोमवार को कहा कि हमास द्वारा बंधक बनाए गए लोगों की संख्या बढक़र 222 हो गई है।

येनेट ने इजरायल सरकार का हवाला देते हुए रिपोर्ट दी है कि 138 बंधकों में से 54 थाई, 15 अर्जेंटीना, 12 अमेरिकी, 12 जर्मन, छह फ्रांसीसी और छह रूस के नागरिक हैं। उल्लेखनीय है कि गत 7 अक्तूबर को फिलिस्तीनी आंदोलन हमास ने गाजा पट्टी से इज़रायल के खिलाफ अचानक बड़े पैमाने पर रॉकेट हमला किया। इजरायल ने जवाबी हमले शुरू किए और 20 लाख से अधिक लोगों के घर गाजा पट्टी की पूर्ण नाकाबंदी का आदेश दिया और पानी, भोजन और ईंधन की आपूर्ति काट दी। संघर्ष के बढऩे से दोनों पक्षों के हजारों लोग मारे गए और घायल हुए।

## अमेरिका: शूटिंग ट्रेनर ने बरसाईं ताबड़तोड़ गोलियां, 22 लोगों की मौत- 50 से अधिक घायल

**लेविस्टन ,एजेंसी।** अमेरिका के लेविस्टन में एक व्यक्ति ने ताबड़तोड़ गोलियां बरसा दीं। इस गोलीकांड में अब तक 22 लोगों की मौत हो गई। दो कानून प्रवर्तन अधिकारियों ने बताया कि इस घटना में 50 से अधिक लोग घायल हुए हैं। लेविस्टन पुलिस ने इससे पहले फेसबुक पोस्ट में कहा, लगभग 4 मील दूर एक बॉलिंग एली, स्कीमेंजेस बार और ग्रिल तथा स्पेयरटाइम रिक्रिएशन में एक शूटर लोगों पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर रहा है।

एंड्रोस्कोगिन काउंटी शेरिफ कार्यालय ने अपने फेसबुक पेज पर संदिग्ध की दो तस्वीरें जारी कीं, जिसमें एक बंदूकधारी अपने कंधे पर हथियार उठाए हुए गोलीबारी कर रहा है। अमेरिकी पुलिस के अनुसार, गोलीबारी करने वाला व्यक्ति मानसिक रूप से बीमार है और वो शूटिंग में ही ट्रेनिंग देता था। शूटर का नाम रॉबर्ट कार्ड बताया गया है।

## इजरायल ने की भारत से हमास पर प्रतिबंध लगाने की अपील

**इजरायल ,एजेंसी।** भारत में इजरायल के राजदूत नाओर गिलोन ने कहा कि इजरायल ने भारत से गाजा को चलाने वाले आतंकवादी संगठन हमास को एक आतंकवादी संगठन के रूप में नामित करने का आग्रह कर रहा है, जैसा कि संयुक्त राज्य अमेरिका और यूरोपीय संघ ने अतीत में किया है।

इजरायल-हमास युद्ध पर एक मीडिया ब्रीफिंग के दौरान गिलोन ने दिल्ली में संवाददाताओं से कहा, अब भारत में हमास को एक आतंकवादी संगठन के रूप में नामित करने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि 7 अक्टूबर को इजरायल पर हमास के क्रूर हमलों के बाद जिसमें 1,400 लोग मारे गए थे। इजरायली सरकार ने फिलिस्तीनी आतंकवादी समूह पर प्रतिबंध लगाने के बारे में भारत सरकार से बात की।

गिलोन ने 7 अक्टूबर के हमलों के बारे में कहा, यह इजरायल और हमास के बीच कोई और झड़प नहीं है। यह एक ऐतिहासिक घटना है। हम स्थानीय युद्धविराम जैसे किसी समाधान की तलाश में नहीं हैं जो इज़राइल ने अतीत में किया था, और वह हमेशा एक गलती साबित हुई। उन्होंने कहा, गाजा में जवाबी हवाई हमले शुरू करके और तटीय क्षेत्र में संभावित जमीनी आक्रमण करके इजरायल का मुख्य लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि इजरायली नागरिकों के खिलाफ ऐसे बर्बर कृत्य दोहराए न जाएं।

7 अक्टूबर के हमलों को रोकने में इजरायल की खुफिया विफलता, विशेष रूप से भूमि के माध्यम से जब हमास के आतंकवादियों ने दक्षिणी इजरायल के कस्बों और गांवों में प्रवेश किया और बच्चों और बुजुर्गों सहित लगभग 222 लोगों का अपहरण करने से पहले भीषण हत्या की घटना को अंजाम दिया, जिससे कई लोग स्तब्ध रह गए। हमास द्वारा संचालित स्वास्थ्य मंत्रालय का हवाला देते हुए एसोसिएटेड प्रेस ने कहा, इजरायल के हवाई हमलों के बाद गाजा में 6,500 से अधिक लोग मारे गए हैं और 7 अक्टूबर से अब तक वेस्ट बैंक में 100 से अधिक फिलिस्तीनी मारे गए हैं।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस ने गाजा में मानवीय संकट को नियंत्रित करने के लिए तत्काल युद्धविराम का आह्वान किया है। गिलोन ने कहा कि हमास के हमलों का जब तक सशक्त तरीके से मुकाबला नहीं किया जाएगा, दक्षिण एशिया सहित क्षेत्र और उससे बाहर चरमपंथियों का हौसला बढ़ सकता है। उन्होंने कहा कि मध्य-पूर्व में शांति भंग हो गई है, क्योंकि कुछ बढ़ी हुई व्यस्तताओं के माध्यम से चीजें बेहतरी की ओर बदल रही हैं। युद्ध वैश्विक पुनर्संरेखण के समय भी आता है। गिलोन ने कहा कि अमेरिका और कई अन्य लोकतंत्र समझते हैं कि हमास के हमले कितने क्रूर थे।

## एल्विश से एक करोड़ की रंगदारी मांगने वाला शख्स गिरफ्तार, बताया क्यों दी थी धमकी

**गुरुग्राम ,एजेंसी** । गुजरात पुलिस के साथ एक संयुक्त अभियान में, गुरुग्राम पुलिस ने यूट्यूबर और बिग बॉस ओटीटी-2 विजेता एल्विश यादव से कथित तौर पर 1 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने के आरोप में गुजरात के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया। संदिग्ध की पहचान साकिर मकरानी के रूप में हुई है।

पुलिस को 25 अक्टूबर को गुरुग्राम के वजीराबाद निवासी एल्विश यादव से एक लिखित शिकायत मिली, जिसमें कहा गया कि वह किसी काम से लंदन गए थे और 17 अक्टूबर को जब वह भारत लौटे तो उन्हें कई धमकी भरे संदेश मिले।शिकायतकर्ता ने कहा, इस धमकी के साथ 1 करोड़ रुपये की मांग की गई थी, अगर राशि नहीं दी गई तो वो मुझे मार डालेंगे। सेक्टर-53 पुलिस स्टेशन में आईपीसी की धारा 384 और 387 के तहत मामला दर्ज किया गया और पुलिस ने अपनी जांच शुरू कर दी।गुजरात पुलिस के साथ एक संयुक्त अभियान में, गुरुग्राम पुलिस की अपराध शाखा के प्रभारी इंस्पेक्टर जितेंद्र कुमार ने गुरुवार को गुजरात के वडनगर से संदिग्ध को पकड़ा।

एसीपी (अपराध) वरुण दहिया ने कहा, संदिग्ध ने खुलासा किया कि वह गुजरात में आरटीओ कार्यालय में एक एजेंट के रूप में काम करता है। उसने यूट्यूब पर एल्विश यादव के वीडियो देखे थे और रातोंरात करोड़पति बनने के लिए उससे पैसे ऐंठने की योजना बनाई थी।

## भुज में आरएसएस की बड़ी बैठक, राम मंदिर उद्घाटन से जुड़े देशव्यापी कार्यक्रम पर होगी चर्चा

**नई दिल्ली ,एजेंसी** । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल की बैठक 5 से 7 नवंबर तक गुजरात के भुज में होने जा रही है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने संघ की महत्वपूर्ण बैठक को लेकर बयान जारी कर कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की प्रतिवर्ष होने वाली अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल बैठक इस वर्ष गुजरात के कच्छ क्षेत्र के भुज में हो रही है। इस बैठक का आयोजन 5, 6 एवं 7 नवंबर 2023 को होगा। उन्होंने बताया कि अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को हो रहे श्रीराम मंदिर प्रतिष्ठापना समारोह व उससे जुड़े देश भर में प्रस्तावित कार्यक्रम सहित कई अन्य विषयों पर बैठक में चर्चा होगी।

## नहीं बढ़ेंगे यूरिया के दाम, दिवाली से पहले किसानों को केंद्र सरकार ने दिया 22,303 करोड़ का तोहफा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बुधवार को हुई केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में किसानों के लिए खाद पर सबसिडी जारी रखने को फैसला किया गया है और इसके लिए 22,303 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं। केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बताया कि खाद की कीमतों पर सरकार किसी तरह का असर नहीं होने देगी। एनबीएस के तहत किसानों को खाद रियायती दामों पर मिलते रहेंगे और यूरिया का एक भी पैसा दाम नहीं बढ़ेगा। इसके अलावा, मोदी कैबिनेट ने प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम (पीएमकेएसवाई-एआईबीपी) के तहत उत्तराखंड की जमरानी बांध बहुउद्देशीय परियोजना को शामिल करने की मंजूरी दी। इससे उत्तराखंड और यूपी को लाभ मिलेगा।

सूचना प्रसारण मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा कि एक बार फिर किसान हितैषी सरकार ने निर्णय लिया है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में बढ़ती हुई कीमत का असर देश में किसानों पर नहीं पडऩे देंगे। रबी सत्र के लिए न्यूट्रिएंट बेस्ड सबसिडी प्रदान की जाएगी। रबी सीजन के लिए पहली अक्तूबर, 2023 से 31 मार्च, 2024 तक नाइट्रोजन के लिए सबसिडी 47.2 रुपए प्रति किलोग्राम, फास्फोरस 20.82 रुपए प्रति किलोग्राम, पोटाश सबसिडी 2.38 रुपए प्रति किलोग्राम और सल्फर सब्सिडी 1.89 रुपए प्रति किलोग्राम होगी। डीएपी पर सबसिडी 4500 रुपए प्रति टन जारी रहेगी। डीएपी पुरानी दर के अनुसार 1350 रुपए प्रति बोरी मिलेगी। एनपीके 1470 रुपए प्रति बोरी की कीमत पर मिलेगी।

## जन्मदिन मनाने के बाद छात्रा का फंदे से झूलता शव बरामद, मां के बीएफ पर लगाया हत्या का आरोप

**गोपालगंज ,एजेंसी** । बिहार के गोपालगंज जिले के नगर थाना क्षेत्र में 15 वर्षीय छात्रा का जन्मदिन मनाने के बाद फंदे से लटकता शव मिला। पुलिस ने गुरुवार को शव को बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक, नगर थाना क्षेत्र के साधु चौक हनुमानगढ़ी मोहल्ले के रहने वाले सरफुद्दीन आलम के घर के कमरे से फंदे से लटकता उनकी बेटी अफसाना खातून (15) का शव बरामद किया गया है।

मृतका एसएस बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 9वीं की छात्रा थी। सरफुद्दीन बरौली थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं और यहां किराया के मकान में रहते हैं। बताया जाता है कि बुधवार को मृतक छात्रा अफसाना खातून का जन्मदिन था, उसने रात में घर पर भी केक काटकर बर्थडे मनाई थी। इसके बाद गुरुवार को उसका शव बरामद किया गया।मृतका के परिजन उसकी मां के ब्वॉयफ्रेंड पर हत्या कर शव को फंदे से लटकाने का आरोप लगा रहे हैं। परिजनों का कहना है कि जन्मदिन की पार्टी में मृतका की मां का ब्वॉयफ्रेंड पंकज कुमार भी मौजूद था। गुरुवार की सुबह परिजनों ने इसकी जानकारी नगर थाने की पुलिस को दी। पुलिस ने वीडियोग्राफी कराने के बाद शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।

## महबूबा मुफ्ती फिर बनीं पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष



**श्रीनगर, एजेंसी**। जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री एवं पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती को तीन साल के कार्यकाल के लिए फिर से पार्टी अध्यक्ष चुन लिया गया है। पार्टी ने गुरुवार को श्रीनगर में चुनाव कराया।

पार्टी के एक नेता ने कहा कि पार्टी उपाध्यक्ष अब्दुल रहमान वीरी ने अध्यक्ष पद के लिए सुश्री मुफ्ती का नाम प्रस्तावित किया था और पार्टी महासचिव गुलाम नबी हंजुरा ने इसका समर्थन किया। उल्लेखनीय है कि सुश्री मुफ्ती के पिता मुफ्ती मोहम्मद सईद ने पीडीपी का गठन 1999 में कांग्रेस छोडऩे के बाद किया था। पार्टी ने 2003 में कांग्रेस के साथ और बाद में 2015 में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ प्रदेश में सरकार बनाई थी। अगस्त 2019 में जम्मू-कश्मीर का विशेष दर्जा खत्म होने के बाद कई संस्थापक सदस्यों ने पार्टी छोड़ दी।

## सहारनपुर पहुंचे सर संघचालक मोहन भागत, श्री कृष्ण मंदिर के शिलान्यास का किया भूमि पूजन

**सहारनपुर ,एजेंसी** । सरसावा के लिए आज का दिन बेहद अहम है। श्री कृष्ण मंदिर के भूमि पूजन कार्यक्रम में देश भर के साधु-संत जुट रहे हैं, जिसमें सर संघचालक मोहन भागवत बतौर मुख्यातिथि शिरकत करने पहुंचे हैं। कार्यक्रम को लेकर पुलिस-प्रशासन भी पूरी तरह से अलर्ट है। सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं।जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र और एसएसपी डॉ. विपिन ताड़ा ने बुधवार को भूमि पूजन कार्यक्रम स्थल का मौका मुआयना भी किया। भूमि पूजन का कार्यक्रम सुबह सात बजे शुरू हो गया। सरसंघचालक मोहन भागवत कार्यक्रम में पहुंच चुके हैं। करीब दो घंटे रुकने के बाद वह सहारनपुर के पंत विहार स्थित श्री कृष्ण ज्ञान मंदिर के रजत जयंती महोत्सव में भी शिरकत करेंगे।

# भारतीय महिला क्रिकेट टीम के नए मुख्य कोच बने अमोल मजूमदार



नई दिल्ली ,मुंबई के दिग्गज बल्लेबाज अमोल मजूमदार को भारतीय महिला क्रिकेट टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त किया गया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने इसकी घोषणा की। अमोल मजूमदार अब उस भूमिका में कदम रखेंगे जो उनके साथी रमेश पवार ने लगभग दस महीने पहले एक पुनर्गठन मॉड्यूल के हिस्से के रूप में खाली कर दी थी। उन्हें बेंगलुरु में राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में स्थानांतरित कर दिया गया था। तब से, ऋषिकेश कानिटकर और नूशिन अल खदीर ने अंतरिम क्षमताओं में मुख्य कोच की भूमिका निभाई थी। इस साल की शुरुआत में दक्षिण अफ्रीका में महिला टी20 विश्व कप में भारत के अभियान और चीन के हांगझोऊ में एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने के अभियान के दौरान ऋषिकेश कानिटकर के पास कमान थी, वहीं बांग्लादेश के भारतीय महिला टीम दौरे के दौरान नूशिन अल खदीर ने टीम का नेतृत्व किया। अमोल मजूमदार की नियुक्ति बीसीसीआई द्वारा इस साल मई में मुख्य कोच की भूमिका के लिए आवेदन मांगे जाने और जुलाई की शुरुआत में साक्षात्कार आयोजित करने के बाद हुई है। बीसीसीआई ने बयान में कहा, सुलक्षणा नाइक, अशोक मल्होत्रा और जतिन परांजपे की तीन सदस्यीय क्रिकेट एडवाइजरी कमेटी ने पद के लिए शॉर्टलिस्ट किए गए आवेदकों का इंटरव्यू लिया। काफी विचार–विमर्श के बाद तीन सदस्यीय समिति ने सर्वसम्मति से अमोल मजूमदार को यह पद संभालने की जिम्मेदारी दी है। कोच बनने के बाद अमोल मजूमदार ने कहा, मैं भारतीय महिला क्रिकेट टीम के मुख्य कोच के रूप में नियुक्त होने पर बेहद सम्मानित और गौरवान्वित महसूस कर रहा हूं। मैं सीएसी और बीसीसीआई को मुझ पर भरोसा करने और टीम इंडिया के लिए मेरे दृष्टिकोण और रोडमैप पर विश्वास करने के लिए धन्यवाद देता हूं। मुंबई के घरेलू बल्लेबाज अमोल मजूमदार ने 21 साल के करियर में 171 प्रथम श्रेणी मैचों में 11,167 रन बनाए, 30 शतक बनाए और आठ रणजी ट्रॉफी खिताब जीते। 15 वर्षों तक मुंबई का प्रतिनिधित्व करने के बाद, अमोल मजूमदार ने 2009 में असम के लिए खेला और बाद में आंध्र प्रदेश का प्रतिनिधित्व किया।

उन्होंने 100 से अधिक लिस्ट ए गेम्स और 14 टी20 मैचों में भी हिस्सा लिया। अपने खेल करियर के बाद, अमोल मजूमदार कोचिंग में चले गए और 2021 से मुंबई टीम के मुख्य कोच थे, जहां टीम 2021/22 रणजी ट्रॉफी की उपविजेता रही और पिछले सीजन् में अपना पहला सैयद मुश्ताक अली ट्रॉफी खिताब जीता।

वह आईपीएल फ्रेंचाइजी राजस्थान रॉयल्स और साउथ अफ्रीका की नेशनल टीम के साथ भी काम कर चुके हैं।

# अच्छा टीम वर्क रहेगा तो परफॉर्मेंस भी अच्छी होगी : रोहित शर्मा



नई दिल्ली , भारत के कप्तान और सलामी बल्लेबाज रोहित शर्मा के लिए अब तक विश्व कप 2023 शानदार रहा है। उनके नेतृत्व में भारत ने अपने सभी पांच लीग मैच जीते हैं, जिसमें कप्तान की बल्ले से भी अहम भूमिका रही है।भारत अपने अगले मैच में 29 अक्टूबर को लखनऊ में गत चैंपियन इंग्लैंड के खिलाफ खेलने के लिए तैयार है।

रोहित ने टूर्नामेंट में मेजबान टीम का नेतृत्व करने पर अपने विचार साझा किए और बताया कि वह टीम में सभी को कैसे मैनेज कर रहे हैं।भारतीय कप्तान ने कहा, मुझे लगता है कि जब खिलाड़ियों को प्रबंधित करने की बात आती है, तो यह काफी महत्वपूर्ण है कि आप पहले व्यक्ति और उनकी आवश्यकता को समझें, उस विशेष व्यक्ति की पसंद और नापसंद क्या है क्योंकि आप जानते हैं कि टीम के खेल में यह सिर्फ एक या दो व्यक्तियों या कुछ के बारे में नहीं है। यह हर किसी के बारे में है।हम यह भी समझते हैं कि जब आप चैंपियनशिप, बड़े टूर्नामेंट जीतना चाहते हैं, तो हर किसी को पार्टी में आना होगा और अपनी भूमिका निभानी होगी। इसलिए, यह महत्वपूर्ण है कि आप सभी को अच्छी मानसिक स्थिति में रखें। इसलिए, हर किसी की बात सुनना, यह समझना बहुत महत्वपूर्ण है कि वे क्या चाहते हैं, वे कैसे काम करना चाहते हैं और इस तरह की चीजें और फिर आप हर चीज को ध्यान में रखते हैं और आगे बढ़ते हैं और यह कुछ ऐसा है जो मैं हमेशा करता हूं।

# मैक्सवेल ने 40 गेंदों में शतक बनाया : सुनील गावस्कर



नई दिल्ली ,पूर्व भारतीय क्रिकेटर सुनील गावस्कर उस समय दंग रह गए, जब ग्लेन मैक्सवेल ने नीदरलैंड के खिलाफ 40 गेंदों में अपना सबसे तेज वनडे विश्व कप शतक लगा दिया। मैक्सवेल ऑस्ट्रेलियाई पारी के 40वें ओवर में ही बल्लेबाजी करने आए और 44 गेंदों पर 8 छक्कों और 9 चौकों की मदद से 106 रन बनाए।

पहली पारी के बाद स्टार स्पोर्ट्स से बात करते हुए गावस्कर मैक्सवेल की पारी देखकर जोश में दिखे।

गावस्कर ने कहा, यह (रिवर्स हिट) सबसे महान क्रिकेटिंग शॉट्स में से एक है। यह छह रन के लिए चला गया। यह 12 होना चाहिए। इसके बाद गेंदबाजी थोड़ी परेशान हो गई, क्योंकि उन्हें पता ही नहीं था कि कहां गेंदबाजी करनी है। यह था एक अविश्वसनीय प्रयास था। उन्होंने जितने रन बनाए और जिस गति से रन बनाए, उनका औसत 12 का था। यह अद्भुत था।

उन्होंने कहा, मैंने यह उपलब्धि हासिल करने के लिए 40 गेंदें खेलीं। उन्होंने 40 गेंदों में शतक बनाया, वाह!अद्भुत, अद्भुत!

मैक्सवेल भारत में खराब दौर से गुजर रहे थे, क्योंकि वह ऑस्ट्रेलिया के लिए पहले 4 मैचों में सिर्फ 49 रन ही बना पाए थे। हालांकि, मैक्सवेल पूरी तरह से नियंत्रण में दिखे, उन्होंने विकेट के पीछे कुछ धमाकेदार शॉट्स के साथ मैदान के वी हिस्से पर अपना दबदबा बनाया।

वॉटसन ने मैक्सवेल की सराहना करते हुए कहा, उन्होंने इससे सीखा, पहली गेंद को स्टैंड में डालने की कोशिश की। वह पहली गेंद से नियंत्रण में था और फिर एक बार उन्होंने पैर नीचे रखा, जैसा कि हमने उनके करियर में कई बार देखा है, यह पूरी तरह से पागलपन था।

# सरबजोत और सुरभि ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम में रजत जीता

चांगवोन ,सरबजोत सिंह और सुरभि राव की भारतीय जोड़ी ने एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप में 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में रजत पदक जीता।

सरबजोत सिंह और सुरभि राव स्वर्ण पदक मैच में चीन के जिनयाओ लियू और जू ली से 4–16 से हार गए और उन्हें रजत पदक से संतोष करना पड़ा।

मौजूदा एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप में सीनियर वर्ग में यह भारत का दूसरा पदक था, सरबजोत ने मंगलवार को पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल में व्यक्तिगत कांस्य पदक जीता। पोडियम फिनिश के अलावा, सरबजोत के प्रदर्शन ने पिस्टल स्पर्धाओं में भारत को अपना पहला पेरिस ओलंपिक कोटा भी दिलाया।




भारतीय जोड़ी सरबजोत (293–10&) और सुरभि (288–10&) के साथ क्वालीफिकेशन में कुल 581–20& के साथ तीसरे स्थान पर रही, जबकि जिन्याओ और जू 581–22& के साथ शीर्ष पर रहे। एक अन्य चीनी जोड़ी चीन के रैंक्सिन जियांग और बोवेन झांग 581–21& स्कोर के बाद दूसरे स्थान पर रहे।

आमतौर पर, क्वालीफाइंग दौर की शीर्ष दो टीमें स्वर्ण पदक मैच के लिए आगे बढ़ती हैं। हालाँकि, प्रति देश केवल एक टीम को पदक मैचों के लिए अर्हता प्राप्त करने की अनुमति देने वाले नियम के कारण, रैनक्सिन जियांग और बोवेन झांग को बाहर होने के लिए मजबूर होना पड़ा।

स्कीट स्पर्धाओं में, भारतीय निशानेबाजों ने पुरुष और महिला दोनों स्पर्धाओं में खाली हाथ रहे।

हांगझोउ में एशियाई खेलों में रजत पदक जीतने वाले अनंतजीत सिंह नरूका फाइनल में चौथे स्थान पर रहने के बाद पदक और ओलंपिक कोटा से चूक गए। छह सदस्यीय फाइनल में 40 में से 33 शॉट लगाने के बाद वह बाहर हो गए।

गुरजोत खंगुरा ने भी पुरुषों के स्कीट फाइनल में जगह बनाई, लेकिन पहले 20 शॉट्स में से पांच चूकने के बाद वह बाहर हो गए। क्वालीफाइंग राउंड में पांच राउंड में 121 अंक हासिल करने के बाद वह तीसरे स्थान पर थे। महिलाओं की स्कीट स्पर्धा में, गनेमत सेखों शीर्ष प्रदर्शन करने वाली भारतीय बनकर उभरीं, उन्होंने 108 के स्कोर के साथ 15वां स्थान हासिल किया। उनके बाद, कार्तिकी सिंह और परिनाज़ धालीवाल ने क्रमशः 17वां और 18वां स्थान हासिल किया। दर्शना राठौड़ ने उस क्षेत्र में 106 के स्कोर के साथ 19वां स्थान हासिल किया जिसमें 28 निशानेबाज शामिल थे।एशियाई शूटिंग चैंपियनशिप पेरिस 2024 ओलंपिक के लिए योग्यता अवसर के रूप में काम करती है, जिसमें कुल 24 ओलंपिक कोटा स्थान उपलब्ध हैं।12 ओलंपिक शूटिंग स्पर्धाओं में से प्रत्येक में, शीर्ष दो फिनिशर (प्रति देश एक) अपनी राष्ट्रीय टीमों के लिए एक प्रतिष्ठित स्थान सुरक्षित करते हैं।

## फिल्मी दुनियां

# सबसे अच्छा हिस्सा टोक्यो की शूटिंग था: शर्ली सेतिया

इल्जाम', आया ना तू', डेंजर' जैसे हिट गानों के लिए जाने जाने वाले सिंगर–एक्ट्रेस अर्जुन कानूनगो ने सिंगर–एक्ट्रेस शर्ली सेतिया के साथ मिलकर सच बता मुझे' नाम से एक और नया ट्रैक जारी किया है।सच बता मुझे' अर्जुन के एल्बम इंडस्ट्री 2' का दूसरा ट्रैक है, प्रसारित होने वाला पहला ट्रैक डेंजर' था।सच बता मुझे' एक रोमांटिक गाना है और इसमें दो प्रेमियों की एक–दूसरे के प्रति अपनी भावनाओं को व्यक्त करने और एक साथ अपनी यात्रा की खोज की कहानी दिखाई गई है। गाने को खूबसूरत लोकेशंस पर शूट किया गया है।



इस गाने को बनाने के अपने अनुभव के बारे में बात करते हुए अर्जुन कानूनगो ने कहा, सच बता मुझे' एक खास गाना है और निश्चित रूप से इसे बहुत प्यार से बनाया गया है। यह रोमांस का मौसम है और मैंने सोचा कि इस गाने को दर्शकों के सामने लाने का इससे बेहतर समय क्या हो सकता है। शर्ली के साथ सहयोग करना एक प्यारा अनुभव था और हमें उम्मीद है कि दर्शक सच बता मुझे' का आनंद लेंगे और उसे पसंद करेंगे।

शर्ली के लिए, गाने पर काम करने का सबसे अच्छा हिस्सा टोक्यो में म्यूजिक वीडियो की शूटिंग थी, जिसमें क्रू पूरी तरह से अपने काम के लिए समर्पित था।

शर्ली ने कहा, अर्जुन के साथ सच बता मुझे' पर काम करना मेरे लिए एक अविश्वसनीय यात्रा रही है। हमने कुछ बहुत खास बनाया है, और अपने फैंस के लिए सबसे प्रामाणिक अनुभव लाने के लिए भारत में और एक बिल्कुल नए देश में घंटों कड़ी मेहनत की है। सबसे अच्छे और सबसे मेहनती लोगों के साथ टोक्यो में शूटिंग करना निश्चित रूप से मेरे लिए इस एल्बम को बनाने का सबसे अच्छा हिस्सा रहा। सच बता मुझे' यह बेहद सरल गाना है, जिसे आप बार–बार सुनना चाहेंगे।कुल दस गानों वाला, इंडस्ट्री 2' एल्बम अर्जुन कानूनगो द्वारा लिखा, गाया और निर्मित किया गया है और जल्द ही रिलीज होने की उम्मीद है।

### अनुपम खेर की शिव शास्त्री बालबोआ ने ओटीटी पर दी दस्तक

बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता अनुपम खेर की फिल्म शिव शास्त्री बालबोआ ने 10 फरवरी, 2023 को सिनेमाघरों का दरवाजा खटखटाया था, लेकिन यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर औंधे मुंह गिरी। अब शिव शास्त्री बालबोआ ने ओटीटी प्लेटफॉर्म पर दस्तक दे दी है। इसका प्रीमियर 14 जुलाई (शुक्रवार) को अमेजन प्राइम वीडियो पर हो गया है। ऐसे में अगर आपने अभी तक इस फिल्म को नहीं देखा है तो अब घर बैठे इसे देख सकते हैं।

शिव शास्त्री बालबोआ में अनुपम के अलावा नीना गुप्ता, जुगल हंसराज, नरगिस फाखरी और शारिब हाशमी जैसे कलाकार अहम भूमिका में नजर आए थे। इसका निर्देशन अजयन वेणुगोपालन द्वारा किया है, जबकि किशोर वरिएथ शिव शास्त्री बालबोआ के निर्माता हैं।

# अनन्या पांडे और आदित्य रॉय कपूर ने डेटिंग की अफवाहों को दी हवा

एक्ट्रेस अनन्या पांडे और आदित्य रॉय कपूर ने स्पेन में एक रॉक कॉन्सर्ट में भाग लेने के बाद अपनी डेटिंग की अफवाहों को हवा दे दी है।

दोनों ने अपने–अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर उसी आर्कटिक मंकीज़ कॉन्सर्ट की तस्वीरें पोस्ट कीं। हालाकि उन्होंने अपनी या एक–दूसरे की तस्वीरें पोस्ट नहीं कीं।

अनन्या ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज़ पर लिखा, आर्कटिक मंकीज़ जैसा कुछ भी नहीं। मेरा अब तक का सबसे पसंदीदा गाना। उन्होंने तस्वीर में मैड्रिड स्पेन के जियो टैग का इस्तेमाल किया।



आदित्य ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर ठंडे नीले चेहरे वाले इमोजी और एक बंदर इमोजी के साथ कॉन्सर्ट की एक क्लिप साझा की।अभिनय की बात करें तो अनन्या विक्रमादित्य मोटवाने की साइबर क्राइम–थ्रिलर में नजर आएंगी। उनके पास फरहान अख्तर की खो गए हम कहां ड्रीम गर्ल 2 और वेब–सीरीज कॉल मी बे भी है। आदित्य की नवीनतम रिलीज़ द नाइट मैनेजर, भाग 2 है।

# कार्तिक आर्यन ने चंदू चैंपियन की शूटिंग शुरू की



बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन ने अपनी आने वाली फिल्म चंदू चैंपियन की शूटिंग शुरू कर दी है। कार्तिक आर्यन की हाल ही में फिल्म सत्यप्रेम की कथा प्रदर्शित हुयी है।कार्तिक आर्यन ने हाल ही में अपने आने वाली फिल्म चंदू चैंपियन का एलान किया है। ।इस फिल्म को साजिद नाडियाडवाला और कबीर खान द्वारा संयुक्त रूप से निर्मित किया जायेगा।चंदू चैंपियन का निर्देशन कबीर खान द्वारा किया जाएगा। कार्तिक आर्यन ने चंदू चैंपियन की शूटिंग शुरू कर दी है। कार्तिक आर्यन ने अपने सोशल मीडिया पेज पर एक तस्वीर पोस्ट करते हुए उसे कैप्शन दिया, शुभारंभ।और मेरे करियर की सबसे चुनौतीपूर्ण और रोमांचक यात्रा शुरू होती हैज् कैप्टन ञकबीर खान के साथ प्तचंदू चैंपियन ।तस्वीर में कार्तिक को ह्यचंदू चैंपियनक्त के पहले टेक के लिए क्लैपबोर्ड की तरफ इशारा करते देखा जा सकता हैं, जिसे कबीर खान ने पकड़ा हुआ है।

# वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स में कियारा आडवाणी का प्रवेश, वॉर–2 में आएंगी नजर



कियारा आडवाणी आज भारत की सबसे बड़ी अभिनेत्रियों में से एक हैं और अफवाहें हैं कि वह प्रसिद्ध वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स में प्रवेश कर रही हैं! कियारा को जाहिर तौर पर आदित्य चोपड़ा ने अपनी टेंटपोल स्पाई थ्रिलर वॉर 2 के लिए चुना है जिसमें ऋतिक रोशन और एनटीआर जूनियर भी हैं! फिल्म का निर्देशन अयान मुखर्जी कर रहे हैं, जिन्हें हिंदी सिनेमा में बड़ी ब्लॉकबस्टर देने के लिए जाना जाता है। इस फिल्म से जुड़े एक सूत्र ने खुलासा किया, जहां तक वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स और वॉर 2 का विचार किया जाता है, कियारा आडवाणी टीम के लिए बिल्कुल फिट बैठती हैं। वाईआरएफ स्पाई यूनिवर्स एक था टाइगर, टाइगर ज़िंदा है, वॉर और पठान जैसी सर्वकालिक ब्लॉकबस्टर फिल्मों की एक लीग है और इस फ्रैंचाइज़ी से आने वाली प्रत्येक फिल्म से उम्मीदें आसमान छू रही हैं। उन सुपरस्टार्स को देखें जिन्होंने इस ब्रह्मांड की शोभा बढ़ाई है। यह भारत में सबसे प्रतिष्ठित फिल्म बैनर है जिसमें देश के सबसे बड़े और बेहतरीन सुपरस्टार हैं। कियारा इस समय शीर्ष पर हैं और आदित्य चोपड़ा उसे वॉर 2 के अपने बैनर के साथ जोड़ रहे है, जो इस बात का संकेत है।

जयन्त
संस्थापक
स्व.नरेन्द्र उनियाल
प्रकाशक,मुद्रक और स्वामी
नागेन्द्र उनियाल द्वारा प्रतिभा प्रेस से मुद्रित तथा बद्रीनाथ मार्ग कोटद्वार (गढ़वाल) से प्रकाशित
—सम्पादक
नागेन्द्र उनियाल
आर.एन.आई. 35469/79
फोन/फैक्स 01382–222383
मो. 8445596074, 9412081969
e-mail: nagendra.uniyal@gmail.com